उपसभापति महोदय, ऑपरेशन सिंदूर को सिर्फ वर्तमान से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसका रोल भारत के भविष्य को भी सेफ करने में बहुत ही महत्वपूर्ण है। महोदय, कोई भी व्यक्ति या राष्ट्र अपने चरित्र के अनुसार किसी मुद्दे पर रिएक्ट करता है, लेकिन उसका जो रिएक्शन होता है, वह भी आगे चलकर कहीं न कहीं उसके चरित्र को प्रभावित करता है। इसलिए कोई भी बड़ा कदम उठाते समय वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की संभावनाओं का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। महोदय, यह हमारे इतिहास का एक कटु सत्य है कि लगभग 800 वर्षों की गुलामी के बाद यह माना जाने लगा था कि हिंदुस्तान की जनता स्वभाव से बहुत आक्रामक नहीं है, बल्कि बेहद शांतिप्रिय है। हमारे बारे में एक ऐसी आम धारणा लम्बे समय तक बनी रही है। आप पश्चिम का साहित्य उठाकर देख लीजिए, आप मध्यकालीन इस्लामिक लिटरेचर उठाकर देख लीजिए। हर जगह हिंदुस्तानियों को कमतर दिखाने की कोशिश की गई है। आप सोचिए कि एक राष्ट्र के चरित्र के लिए यह कितना अपमानजनक था, इसलिए जब अंग्रेज़ों के खिलाफ चंद्रशेखर आज़ाद और सरदार भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों ने अपना दमखम दिखाया। हमने उसे discovery of India की तरह देखा, जबकि वास्तव में वह rediscovery of India थी। हमारे क्रांतिकारियों ने यह दिखाया कि हम भीरू नहीं हैं, हम कायर नहीं हैं, बल्कि हम आत्म-सम्मान के लिए, अपनी सुरक्षा के लिए लड़ना जानते हैं और किसी भी हद तक जाने की हम कूवत रखते हैं।

उपसभापति महोदय, मैं डिस्कवरी की बजाय रीडिस्कवरी शब्द का प्रयोग यहां इसलिए कर रहा हूं, क्योंकि पौराणिक काल से लेकर हमारे देवी-देवता, चाहे वे भगौती मां दुर्गा हों, चाहे देवाधिदेव महादेव हों, चाहे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम हों या फिर हमारे कृष्ण हों, हमारे आराध्य देवों ने हमेशा शस्त्र भी धारण किया है और ज़रूरत पड़ने पर अपने शत्रुओं का संहार भी

Contents Page

किया है। हमारे इन महापुरुषों ने, इन देवताओं ने हमें कभी कायरता का पाठ कभी नहीं सिखाया है।

रामायण में एक जगह स्वामी तुलसीदास जी कहते हैं।

*'तुलसी मस्तक तब नवे, जब धनुष-बाण लो हाथ'*

अर्थात्, हे प्रभु, आप कितने ही सुंदर, सलोने और सुशील हैं, बहुत अच्छी बात है, पर तुलसी का मस्तक आपके सामने तब झुकेगा, जब आप धनुष और बाण अथवा अपनी शक्ति धारण करेंगे। समय का एक ऐसा दौर आया, जब हिंदुस्तानियों को कमज़ोर समझा जाने लगा था, लेकिन अब हम अपनी पहचान को redefine कर रहे हैं। पुनर्परिभाषित कर रहे हैं और ऑपरेशन सिंदूर उसी का ही एक शानदार उदारहण है। महोदय, आतंकियों ने भारत को एक सॉफ्ट स्टेट समझ रखा था। उनके लिए भारत पर आतंकवादी हमला करना एक तरह से low cost और high return का मामला बन गया था। उनके दो-चार नौसिखिये रंगरूट आते थे और हमारे नागरिकों को हताहत करके चले जाते थे। पहले की सरकारें चुपचाप यह तमाशा देखती रहती थीं। इसलिए आतंकियों को लगा कि भारत अब एक सॉफ्ट स्टेट बन चुका है।

उपसभापति महोदय, इकोनॉमिक्स की एक theory है और आप जैसे स्वाध्यायी लोगों ने उसको ज़रूर पढ़ा होगा। वह इकोनॉमिक्स की theory है, game theory है। सर, यह Game theory बताती है कि जब किसी को यह लगता है कि किसी काम में low cost और high return है, तो उस व्यक्ति को वह काम करने में मजा आता है। सर, पाकिस्तान ने और आतंकवादियों ने इसी गेम थ्योरी के अंतर्गत भारत को हमेशा अपने टारगेट पर रखा, लेकिन माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमने यह सुनिश्चित किया है कि हम पाकिस्तान के लिए इस pay of calculus को चेंज करेंगे। हम आतंकवाद को उनके लिए cost misadventure बनाकर ही रहेंगे, ताकि आतंकवादियों के जेहन में यह बात अच्छी तरह बैठ जाए कि अगर हमारे एक भी भारतीय नागरिक को कुछ हुआ, तो उनके पूरे आतंकी ठिकानों को हम जड़ से नेस्तनाबूद कर देंगे। इसलिए मैं मानता हूं कि प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में किया गया ऑपरेशन सिंदूर एक गेम चेंजर साबित हुआ है।

उपसभापति महोदय, यह तो रही वर्तमान की बात, लेकिन भविष्य के हिसाब से ऑपरेशन सिंदूर का महत्व यह है कि भारत का नागरिक अब किसी सॉफ्ट देश का vulnerable citizen नहीं है, बल्कि एक आम भारतीय, मजबूत भारत का एक स्वाभिमानी नागरिक है। अभी कल ही लोक सभा में अपने संबोधन के दौरान मैंने इस बात का जिक्र किया था कि लोकतंत्र में जनता द्वारा विपक्ष को यह दायित्व सौंपा जाता है कि वह सरकार से उचित प्रश्न पूछे। खैर, विपक्ष ने जो प्रश्न पूछे, उनका जिक्र मैं कल कर चुका हूं, इसलिए आज चर्चा नहीं करूंगा। आज मैं एक और बात आपके सामने कहना चाहूंगा कि लोकतंत्र में जनता द्वारा विपक्ष को प्रश्न पूछने के अलावा एक और जिम्मेदारी दी जाती है। वह जिम्मेदारी यह है कि अगर विपक्ष को सत्ता पक्ष की कोई नीति या कार्रवाई अनुचित प्रतीत होती है, पसंद नहीं आती है, तो उसके स्थान पर एक alternative पॉलिसी या एक्शन प्लान विपक्ष को प्रपोज़ करना चाहिए।

Contents Page

उपसभापति महोदय, यदि इस ऑपरेशन सिंदूर के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो जब हमारी भारतीय माताओं और बहनों का सिंदूर उजड़ा था, तो हमारी सरकार को जो उचित लगा, हमने वह किया और हम 100 से अधिक आतंकियों को मौत के घाट उतारने में कामयाब रहे। मैं यहां यह भी कहना चाहूंगा कि आज भी ऑपरेशन सिंदूर पर मात्र विराम है, पूर्ण विराम नहीं है, कोमा है, फुल स्टॉप नहीं है। अगर किसी को यह लगता है कि हमने ऑपरेशन सिंदूर करके ठीक नहीं किया, तो मैं उन्हें आमंत्रित करता हूं कि वे जनता को बताएं कि उनके पास इसका alternative एक्शन प्लान क्या है? हमारी माताओं-बहनों का सिंदूर उजड़ गया, तो क्या हम पाकिस्तान के साथ diplomatic engagement करें, क्या हम पाकिस्तान को डोजियर सौंपे, क्या हम अंतरराष्ट्रीय संगठनों में जा कर केवल बातें करें? जब हमारे विपक्ष के साथी सत्ता में थे, तो आतंकी हमले होने पर वे ऐसे ही कदम उठाया करते थे। क्षमा कीजिएगा खरगे जी, मैं विपक्ष का बहुत सम्मान करता हूं और स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष का सम्मान किया भी जाना चाहिए।

उपसभापति महोदय, कुछ लोगों को लगता है कि पाकिस्तान के पास nuclear weapons हैं, तो उनसे केवल बातचीत करनी चाहिए, छेड़ना नहीं चाहिए। इस nuclear bluff के कारण हमने न जाने कितने नागरिकों को खो दिया है। हमारा विज़न है कि हम ईंट का जवाब पत्थर से दें। ...(**व्यवधान**)... मैं केवल विपक्ष के सम्मानित सदस्यों से ही नहीं, बल्कि सदन के सभी सम्मानित सदस्यों से कहना चाहूंगा कि आज नाग पंचमी है। नाग पंचमी के दिन नागों को दूध पिलाना उचित है, परंतु रोज नहीं। हमारा विज़न है कि ऑपरेशन सिंदूर सतत् रूप से चलता रहे। इसके बीच में विराम भले ही आ सकते हैं, लेकिन पूर्ण विराम कभी नहीं होगा, जब तक आतंकवाद का सफाया नहीं हो जाता।

आदरणीय उपसभापति महोदय, आज जब मैं देश के अलग-अलग हिस्सों में जाता हूं, तो मुझे भारतीय जनता का हमारी सरकार के इस विज़न के प्रति अटूट विश्वास दिखाई देता है। परंतु हमारे कुछ मित्र हैं—वे क्या चाहते हैं, यह हमारी समझ से बाहर है। इसका जवाब जब हमारे सम्मानित नेता प्रतिपक्ष खड़े होंगे, तो अवश्य देंगे, लेकिन अभी यह हमारी समझ से बाहर है। जब आप सत्ता में थे, तो आपकी पॉलिसी पैरालिसिस ने देश को नुकसान पहुँचाया - मैं यह बात विनम्रता के साथ कहना चाहता हूं, लेकिन आज जब आप विपक्ष में हैं, तो आपकी policy bankruptcy देश और लोकतंत्र दोनों के लिए चिंता का विषय बन चुकी है।

उपसभापति महोदय, विपक्ष के हमारे कुछ मित्र यह भी कह रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमें पाक ऑक्युपाइड कश्मीर, यानी पी.ओ.के. पर कब्ज़ा कर लेना चाहिए था। ऐसा पहले क्यों नहीं किया?

उपसभापति महोदय, जब मैं विपक्ष के अपने साथियों से ये बातें सुनता हूं, तो मुझे आश्चर्य होता है कि ये लोग मन से ये बातें कर रहे हैं या केवल सिर्फ दिखावा मात्र है। खैर, जो भी हो, भारतीय जनता पार्टी और स्वयं मेरा भी हमेशा से यही स्टैंड रहा है कि वह दिन जरूर आएगा, जब पाक ऑक्युपाइड कश्मीर के लोगों को भारत की शासन व्यवस्था का अंग बनने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

उपसभापति महोदय, मुझे विपक्ष के अपने साथियों की इस मांग पर इसलिए आश्चर्य हो रहा है, क्योंकि जो लोग आज विपक्ष में बैठे हैं, जब उनकी सरकार थी, तो उन्होंने जो काम किया, वह आज की मांग के ठीक विपरीत है।

उपसभापति महोदय, मैं उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल, बनारस का रहने वाला हूं और मेरा कर्मक्षेत्र उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ है, जहाँ से मैं सांसद हूं। हमारे पूरब में एक बहुत पुरानी कहावत है। मुझे बचपन की वह कहावत याद है। वह कहावत इस प्रकार है:

*"बाप मरा अंधियारे मा, बिटवा का नाम पावर हाउस।"*

अर्थात बाप तो अंधेरे में मर गया, लेकिन बेटे का नाम "पावर हाउस" है। यानी बाप जीवन भर अंधेरे में रहा, पर बेटे ने अपना नाम पॉवर हाउस रख लिया।

उपसभापति महोदय, हमारे कुछ मित्र, जो पहले कभी सत्ता में थे और आज विपक्ष की चेयर पर बैठे हैं, जब वे देश की शासन व्यवस्था चला रहे थे, तब उन्होंने और उनके पॉलिटिकल सीनियर्स ने भारत पर हुए आतंकी हमलों के जवाब में पाकिस्तान पर कोई कार्रवाई नहीं की, क्योंकि उन्हें डर था कि पाकिस्तान एक न्युक्लियर वेपन्स स्टेट है। लेकिन आज जब हम पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं, तब मुझे इसे अंधेरे और पॉवर हाउस वाली बाप-बेटे की कहानी स्वाभाविक रूप से याद आती है, इसीलिए मैंने उसकी चर्चा की।

आज विपक्ष के हमारे साथियों का पीओके प्रेम देखकर मुझे एक ग़ज़ल याद आ रही है, जिसका मैं एक शब्द बदलकर सदन में सुनाना चाहता हूं। मैं आपको पूरी ईमानदारी के साथ ग़ज़ल सुना रहा हूं, केवल एक शब्द बदलकर सुना रहा हूं :

*"पी.ओ.के. लुटने का सबब*
*पूछो न सबके सामने नाम आएगा तुम्हारा*
*यह कहानी फिर सही।"*

उपसभापति जी, खैर, देर से ही सही ...(**व्यवधान**)...

**श्री रामजी लाल सुमनः** उपसभापति महोदय..(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Take your seat. ...*(Interruptions)*... You are not allowed. ...*(Interruptions)*... Shri Ramji Lal Suman, take your seat. Please. ...*(Interruptions)*... Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*... रामजीलाल सुमन, आप बैठिए। ..(**व्यवधान**)..माननीय रक्षा मंत्री जी, आप बोलिए।

**श्री राजनाथ सिंहः** उपसभापति जी, कृपया उन्हें खड़े होने दीजिए। वे खड़े होते हैं, विपक्ष का यह फ़र्ज़ बनता है। ..(**व्यवधान**).. उन्हें खड़े होने दीजिए। ..(**व्यवधान**)..

उपसभापति जी, खैर, देर से ही सही, अगर विपक्ष के हमारे साथियों को सद्बुद्धि आई है, तो मैं उन्हें आश्वस्त करता हूं कि यदि देश की जनता का आशीर्वाद और ईश्वर की इच्छा रही, तो वह दिन दूर नहीं जब पाक ऑक्युपाइड कश्मीर में लोगों की भी घर वापसी होगी।

उपसभापति महोदय, मैं इस सदन में बहुत सोच-समझकर, नाप-तोल कर बोल रहा हूँ - वह दिन आएगा, मैं निश्चित समय नहीं बतला सकता, लेकिन जरूर आएगा, जब पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर के लोग कहेंगे - "मैं भी भारत हूं।"

उपसभापति महोदय, किसी भी देश में जनता सत्ता पक्ष और विपक्ष को अलग-अलग दायित्व सौंपती है। सत्ता पक्ष का काम होता है जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करना और विपक्ष का काम होता है सरकार से जनता के मुद्दों से संबंधित जरूरी प्रश्न पूछना। ऑपरेशन सिंदूर क्यों प्रारंभ किया गया, इसकी जानकारी पहले भी दी गई है और आज भी मैंने इस सदन को यह जानकारी दी है।

उपसभापति महोदय, कभी-कभी हमारे विपक्ष के मित्र यह पूछते रहे हैं कि हमारे कितने विमान गिरे। मुझे लगता है कि उनका यह प्रश्न हमारी राष्ट्रीय जनभावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं कर पा रहा। उन्होंने एक बार भी हमसे यह नहीं पूछा कि हमारी सेनाओं ने दुश्मन के कितने विमान गिराए। मैं यह बताना नहीं चाहता कि कितने विमान गिराए, लेकिन मुझे एक-एक की जानकारी है। मैं बताना चाहता हूँ कि यदि मैं खुलकर बोल दूं, तो यह सदन दस मिनट तक तालियों से गूंजता रहेगा।

उपसभापति महोदय, यदि उन्हें प्रश्न पूछना ही है, तो उनका प्रश्न यह होना चाहिए - क्या भारत ने आतंकवादी ठिकानों को तबाह किया? इसका उत्तर है - हाँ, तबाह किया। मैं विपक्ष से कहना चाहता हूँ कि अगर आपको प्रश्न पूछना है, तो यह प्रश्न पूछिए कि क्या ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा? इसका उत्तर है - हाँ। आपको प्रश्न पूछना है, तो यह प्रश्न पूछिए कि जिन आतंकियों ने हमारी बहन-बेटियों का सिंदूर मिटाया, क्या हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर में उन आतंकियों के आकाओं को मिटाया? इसका उत्तर है - हाँ। आपको प्रश्न पूछना है, तो यह प्रश्न पूछिए कि क्या इस ऑपरेशन में हमारे जांबाज़ सैनिकों की कोई क्षति हुई? इसका उत्तर है - नहीं। हमारे सैनिकों की कोई क्षति नहीं हुई।

चूंकि विपक्ष के मित्र ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उचित प्रश्न नहीं पूछ पा रहे हैं, तो मैं उन्हें क्या बताऊँ? उपसभापति महोदय, मैं लगभग 40 वर्षों से राजनीति के क्षेत्र में काम कर रहा हूँ। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, अपनी पार्टी हो या दूसरी पार्टी, लेकिन मैंने कभी भी दलगत राजनीति को किसी के साथ शत्रुतापूर्ण तरीके से नहीं देखा। इसलिए, यदि आज विपक्ष प्रश्न पूछने में असफल है, तो मैं अपनी योग्यता और क्षमता के अनुसार उनकी जो भी मदद कर सकता हूँ, करना चाहता हूँ। मैं विपक्ष से यह कहना चाहता हूँ - यदि आज हम सत्ता पक्ष में हैं, तो इसका यह मतलब नहीं कि हम ता-जिंदगी सत्ता पक्ष में ही बने रहेंगे। हम बहुत लंबे समय तक सत्ता में रहेंगे, लेकिन ता-जिंदगी न कोई रहा है, न रहेगा। हमने भी एक लंबा समय विपक्ष में काम किया है, लंबा समय विपक्ष में गुजारा है। हमने उस समय की सरकारों से सवाल पूछने में भी एक लंबा समय लगाया है। जब जनता ने हमें विपक्ष में बैठने का दायित्व सौंपा था, तब हमने उस भूमिका को सकारात्मक तरीके से निभाया था। विपक्ष में रहकर हमने कैसे प्रश्न पूछे - इसके कुछ उदाहरण मैं आपके सामने रखना चाहता हूँ। 1962 में जब चीन के साथ युद्ध में दुखद परिणाम आए, तब हमने सरकार

से प्रश्न पूछे थे, वह प्रश्न ये थे कि प्रधान मंत्री जी, हमारे देश की धरती पर दूसरे देश का कब्जा कैसे हो गया? यह हमने 1962 में पूछा था। हमने यह प्रश्न पूछा था कि हमारी सेना और जनता को क्यों अपमानित होना पड़ा? हमने यह प्रश्न पूछा था कि हमारे सैनिक बड़ी संख्या में हताहत क्यों हुए? हमने यह प्रश्न नहीं पूछा था कि हमारे टैंक, मशीनें और बंदूकें क्यों ध्वस्त हो गईं। हमने मशीनों और तोपों की चिंता न करके, बल्कि भारत की भूमि और सैनिकों की चिंता की थी।

उपसभापति महोदय, इसी तरह, 1971 के युद्ध में, जब स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी भारत की प्रधान मंत्री थीं, और जब भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाया था, तब हमने राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व की प्रशंसा की थी और संसद में श्रीमती इंदिरा गांधी की भी खुलकर प्रशंसा की थी। हमने इस बात की खुशी जाहिर की कि हमने अपने शत्रु को सबक सिखाया है। हमने उस दौरान यह प्रश्न नहीं पूछा था कि सबक सिखाने के दौरान भारत को क्या, कैसा और कितना नुकसान हुआ। हमने यह प्रश्न नहीं किया था। यदि मैं इसे और भी प्रैक्टिकल तरीके से समझाने की कोशिश करूं, तो किसी भी परीक्षा में अंतिम परिणाम क्या रहा, यही मायने रखता है। इसी का विशेष महत्व होता है। यदि किसी परीक्षा में कोई बच्चा अच्छे मार्क्स लेकर आ रहा है, तो हमारे लिए उसके मार्क्स मैटर करने चाहिए। उपसभापति महोदय, अल्टिमेटली रिज़ल्ट मैटर करता है और रिज़ल्ट यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन लक्ष्यों को हम पूरी तरह से हासिल करने में कामयाब रहे।

उपसभापति महोदय, ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमने पूरी दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत किसी हद तक जा सकता है। मैं प्रतिपक्ष के अपने साथियों से कहूंगा कि राजनीति करने के लिए तो बहुत सारे विषय पड़े हुए हैं, आप उन पर बात करिए, उन पर हमारा विरोध करिए, किंतु सेना के मनोबल, सेना के शौर्य और पराक्रम से संबंधित किसी मुद्दे पर किसी प्रकार की राजनीति करने से हमें बचना चाहिए, यह मेरा विनम्र सुझाव है। मैं तो यही कहूंगा कि जब राष्ट्र की मांग में, भारत माता की मांग में शौर्य का सिंदूर है, तो उस पर राजनीति की धूल मत डालिए। भारत माता की मांग में शौर्य का सिंदूर है, तब उस पर राजनीति की धूल मत डालिए, क्योंकि इतिहास ऐसे लोगों को कभी माफ़ नहीं करता है।

उपसभापति महोदय, आज सारी दुनिया जान चुकी है कि पाकिस्तान आतंकवाद का मुख्य केंद्र है। जिस देश ने आतंक को अपनी स्टेट पॉलिसी के रूप में औजार बना लिया है,उसके लिए लंबे समय तक यह खेलना संभव नहीं है। जो लोग सांपों को अपने घर में पालते हैं, एक दिन वह सांप उन्हें भी डस लेता है। आतंकवाद का यह कारोबार आज पाकिस्तान को महंगा पड़ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने देखा है कि पाकिस्तान में सरकार आतंकवादियों के लिए स्टेट फ्यूनरल का इंतजाम कर रही है और सैन्य अधिकारी भी अलगाववादियों के जनाज़े में शामिल होते हैं। यह आपने प्रत्यक्ष टेलिविज़न के चैनल्स पर देखा है, पर्दे पर देखा है। यह वही देश है, जो सीमा पर सैनिकों से लड़ने का साहस नहीं जुटा पाता है। इसलिए निर्दोष नागरिकों, बच्चों को, तीर्थयात्रियों को आतंकवाद का निशाना बनाता है। पाकिस्तान की सेना और आईएसआई आतंकवाद को एक प्रॉक्सी वॉर के रूप में इस्तेमाल करती है और उसके सहारे वे भारत को destabilize करने की कोशिश करती है और भारत को destabilize करने का वह सपना भी देखती है। मैं लोकतंत्र के मंदिर में खड़े होकर यह बात कह रहा हूँ कि भारत को thousand cuts देने का सपना पालने वालों का यह सपना कभी भी, किसी भी सूरत में पूरा नहीं होगा। यह ऐसा

वैसा भारत नहीं है, यह हमारे प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व का एक नया भारत है, जो आतंकवाद के खिलाफ हर हद और हर सरहद पार करने की सामर्थ्य रखता है, क्षमता रखता है।

उपसभापति महोदय, वैसे तो मानवता के सामने जितनी भी भयावह बीमारियां आईं, देर-सवेर सभी समाप्त हो गईं। आतंकवाद भी एक महामारी है और इसकी नियति भी यही होने वाली है। इसमें भी कहीं दोमत नहीं हैं, लेकिन इसे अपनी मौत मरने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता, क्योंकि जब तक आतंकवाद है, हमारी सामूहिक शांति, विकास और समृद्धि को यह चुनौती देता ही रहेगा। हमारे संसाधन इस आतंकवाद रूपी महामारी से लड़ने में बर्बाद होते ही रहेंगे। इसलिए आतंकवाद की इस समस्या का स्थायी समाधान अब बहुत ही आवश्यक हो गया है।

उपसभापति महोदय, इतिहास ने बार-बार साबित किया है कि आतंकवाद का कोई भी लक्ष्य, चाहे वह कितना ही बड़ा क्यों न हो, उसे हमेशा हिंसा और डर के बल पर पाने की कोशिश की जाती है और वह कभी भी कामयाब नहीं होता है। यह सोचना भी उचित नहीं है कि कोई आतंकवादी किसी का फ्रीडम फाइटर हो सकता है। यह बात मैंने इस्लामाबाद में सार्क गृह मंत्रियों की 2016 में हुई बैठक में पूरी साफगोई के साथ रखी थी, क्योंकि पाकिस्तान का एक वर्ग आतंकवादियों को फ्रीडम फाइटर साबित करना चाह रहा था। इसलिए यह बात मैंने उस समय रखी थी। उपसभापति महोदय, मैं मानता हूं कि कोई भी मजहबी, वैचारिक या राजनीतिक कारण आतंकवाद को जायज नहीं ठहरा सकता। आतंकवाद की कोख से कोई क्रांति नहीं पैदा होती है, बल्कि सिर्फ बर्बादी और नफरत पैदा होती है। किसी भी मानवीय उद्देश्य को कभी भी खून-खराबे अथवा हिंसा के बल पर हासिल नहीं किया जा सकता है।

उपसभापति महोदय, हमने हमेशा देखा है कि पाकिस्तान जैसे देश लगातार आतंकवाद को समर्थन देते आए हैं। यह कितना विरोधाभास है कि भारत और पाकिस्तान, दोनों एक ही समय आजाद हुए, लेकिन भारत को आज पूरी दुनिया में जहां अब मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में पहचान मिली है, वहीं पाकिस्तान फादर ऑफ ग्लोबल टेररिज्म बन कर उभरा। उपसभापति महोदय, पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवादियों को पनाह दी, अपनी जमीन पर उन्हें ट्रेनिंग दी और समय-समय पर कई तरह की मदद भी की है और वह लगातार मदद कर रहा है। पहलगाम तो सिर्फ एक उदाहरण है, यह एक मिसाल है। यदि हम पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के गुनाहों की लिस्ट देखें, तो यह लिस्ट बहुत ही लंबी है। पाकिस्तान हर बार आतंकवाद को सही ठहराने की कोशिश में लगा रहता है। इसलिए जरूरी है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सिर्फ आतंकवादियों को ही नहीं, बल्कि उनकी मदद करने वाले पूरे टेरर इंफ्रास्ट्रक्चर को ही हम खत्म करें। इसके अलावा और कोई विकल्प नहीं है। इसलिए हमारे प्रधान मंत्री, मोदी जी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ है, ऑपरेशन सिंदूर स्थगित है, यानी ऑपरेशन सिंदूर जारी है।

उपसभापति महोदय, आतंकवाद को फंडिंग और शरण देने वाले देशों को भी आज दुनिया में बेनकाब करना जरूरी है। पाकिस्तान को जो पैसा या आर्थिक सहायता मिलती है, उसका एक बड़ा हिस्सा आतंकवाद के कारखाने में खर्च किया जाता है। यह बात पूरी दुनिया के सामने साफ तौर पर आ रही है। पाकिस्तान को फंडिंग का मतलब है आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को फंडिंग। इसलिए मुझे लगता है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस विदेशी फंडिंग को बंद कर देना चाहिए। उपसभापति महोदय, पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी है। इसको खाद-पानी नहीं मिलना चाहिए। इस पर सारी दुनिया को गंभीरतापूर्वक और ईमानदारी से एक बार विचार करना चाहिए।

Contents Page

उपसभापति महोदय, मैं मानता हूं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी जिम्मेदारी अगर किसी अंतरराष्ट्रीय संस्था पर है, तो वह संयुक्त राष्ट्र संघ, यूनाइटेड नेशंस पर है। लेकिन दुर्भाग्यवश हाल के वर्षों में यूनाइटेड नेशंस के कई निर्णयों पर सवालिया निशान लग गए हैं। सबसे ताजा उदाहरण है संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल द्वारा पाकिस्तान को काउंटर टेररिज्म पैनल का वाइस चेयरमैन अथवा उपाध्यक्ष बनाया जाना। मैं इसे बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण मानता हूं। हैरानी की बात यह है कि काउंटर टेररिज्म पैनल 9/11 हमले के बाद गठित किया गया था। उपसभापति महोदय, हम सभी जानते हैं कि 9/11 का हमला किसने किया था। यह भी किसी से छुपा नहीं है कि उस हमले के मास्टरमाइंड को पाकिस्तान ने शरण दी थी। उपसभापति महोदय, यह तो एक तरह से बिल्ली से दूध की रखवाली करने वाली बात हुई। यह निर्णय न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि आतंकवाद के मुद्दे पर यूनाइटेड नेशंस जैसी संस्था की गंभीरता को भी दर्शाता है।

यह कैसे भुलाया जा सकता है कि यह वही पाकिस्तान है, जिसकी जमीन का इस्तेमाल वैश्विक आतंकवादी संगठनों की पनाहगाह के रूप में होता रहा? यह वही देश है, जहाँ हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे घोषित आतंकवादी खुलेआम घूमते रहते हैं और जहर उगलते हैं; जहाँ आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तान आर्मी के बड़े ऑफिसर्स खड़े होकर फातिहा पढ़ते नजर आते हैं, अब उसी पाकिस्तान से उम्मीद की जा रही है कि वह आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक समुदाय का नेतृत्व करेगा! उपसभापति महोदय, यह किसी क्रूर मजाक से कम नहीं है, यह आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई का एक मजाक है, आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई का एक उपहास है।

उपसभापति महोदय, जब हम आतंकवाद के खतरे से मुक्त होंगे, तभी हम पूरी दुनिया में सही मायने में शान्ति और प्रगति के साथ-साथ समृद्धि के लक्ष्य की तरफ बढ़ सकेंगे। यह सब तो पाकिस्तान की आम जनता भी चाहती है, मगर वहाँ के हुक्मरानों ने पाकिस्तान को तबाही के रास्ते पर डाल रखा है। कोई भी इंसान अपनी जड़ों को उजाड़ना नहीं चाहता है, लेकिन चूँकि उनके पास कोई clear direction नहीं है, कोई roadmap नहीं है, इसलिए पाकिस्तान में आतंकवाद एक धंधा बन चुका है। उपसभापति महोदय, पाकिस्तान की कहानी ऐसी ही है। वह हमेशा किसी न किसी बाहरी शक्ति के दबाव में आता रहा है। आज पाकिस्तान की पीठ पर एक नहीं, अनेक बेताल बैठे हुए हैं, जो उसे प्रगति की राह पर जाने ही नहीं दे रहे हैं। भारत चाहता है कि आतंकवाद, पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया से खत्म हो, क्योंकि यह पूरी दुनिया के लिए एक गम्भीर चुनौती है। मैंने तो पहले भी पाकिस्तान को सलाह दी थी और मैं आज फिर यह कहना चाहता हूँ कि अगर आपसे पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है, तो आप भारत की मदद लीजिए, भारत मदद करने को तैयार है।

उपसभापति महोदय, भारत की सेनाएँ आतंकवाद के खिलाफ सरहद के इस पार और जरूरत पड़ी, तो सरहद के उस पार भी प्रभावी कार्रवाई करने में सक्षम है। हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान यह करके दिखा दिया है। यह तो पाकिस्तान ने भी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देख लिया है, साफ तौर पर देख लिया है, मगर पाकिस्तान है कि एक जिद्दी बच्चे की तरह मानता ही नहीं है, लेकिन वह मानेगा। इसलिए पूरी दुनिया के लिए यह जरूरी है कि पाकिस्तान पर आतंकवाद को लेकर हर तरह का दबाव, रणनीतिक, कूटनीतिक, strategic, diplomatic

और आर्थिक दबाव, economic pressure, जितना भी दबाव बनाया जा सकता है, वह बनाए। मैं पूरी दुनिया से यह अपील करना चाहता हूँ।

उपसभापति महोदय, भारत के लिए शांति एक प्राथमिकता है, हमारी यह priority है और हमारी शक्ति उसका आधार है। यह शक्ति हमारी सामर्थ्य से पैदा हुई है। महोदय, यह शक्ति हमारी सामर्थ्य से पैदा हुई है और यह सामर्थ्य पिछले 11 सालों में मोदी जी के नेतृत्व में कई गुना बढ़ी है। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अभी आई Morgan Stanley की रिपोर्ट के मुताबिक, 2028 तक आते-आते भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। महोदय, आर्थिक उन्नति के साथ-साथ, भारत के रक्षा क्षेत्र में 2014 से उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। आज का भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उत्पादन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हम हर दृष्टि से समर्थ भी हैं और सक्षम भी हैं।

उपसभापति महोदय, हमारी सरकार ने आतंकवाद से निपटने के साथ-साथ भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को भी मजबूत करने के लिए नयी सोच के साथ एक नई रणनीति अपनायी है। आज जब हम 'आत्मनिर्भर भारत' की बात करते हैं, तो उसके सबसे मजबूत स्तंभों में से एक है - हमारा डिफेंस सेक्टर, हमारा रक्षा का क्षेत्र। महोदय, जब कोई राष्ट्र अपने सुरक्षा उपकरण, अपने हथियार, अपने fighter planes और मिसाइलें खुद बनाना शुरू कर दे, तो वह न केवल खुद पर विश्वास करना सीखता है, बल्कि दुनिया को भी यह संदेश देता है कि अब हम आत्मनिर्भर हैं, अब हम सक्षम हैं और किसी के मोहताज नहीं हैं।

उपसभापति महोदय, भारत आज सिर्फ सीमाओं की रक्षा नहीं कर रहा है, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था खड़ी कर रहा है, जो हमें सामरिक, आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से लगातार मजबूत बना रही है। पहले हम रक्षा उपकरणों के लिए पूरी तरह से विदेशों पर निर्भर थे, लेकिन आज मैं पूरे गौरव के साथ कहना चाहता हूँ, गर्व के साथ नहीं, बल्कि गौरव के साथ करना चाहता हूँ कि भारत डिफेंस के मामले में बड़ी तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है। भारत डिफेंस सेक्टर में 2014 के बाद से कई रक्षा क्षेत्रों में उल्लेखनीय, बहुत ही remarkable changes हुए हैं। प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत के रक्षा क्षेत्र को मजबूती देना - यह इस समय हमारी सरकार की priorities में टॉप पर है। इसके लिए पिछले 11 वर्षों में देश की रक्षा का बजट 2013-14 में जो लगभग 2,53,000 करोड़ रुपए का था, वह अब लगभग 3 गुना बढ़ कर 2024-25 में 6 लाख 21 हजार करोड़ रुपए से अधिक पहुँच गया है। मैं यह भी बताना चाहता हूँ कि यह इस बार और बढ़ने वाला है।

उपसभापति महोदय, आज भारत की सेनाओं के पास केवल इंपोर्टेड हथियार नहीं हैं, बल्कि इस देश में बनी मिसाइलें, टैंक और अन्य सिस्टम एवं प्लेटफॉर्म्स भी हैं। हमारी अग्नि, हमारी पृथ्वी, ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें आज दुश्मन को जवाब देने के लिए तैयार खड़ी हैं और ये सब भारत में बनी हैं, भारत की धरती पर बनी हैं, भारतवासियों के हाथों से बनी हैं। अब हमारे देश में आईएनएस विक्रांत जैसे एयरक्राफ्ट कैरियर बनाने की भी हमारी ताकत है, हमने बनाया है। उपसभापति महोदय, आपको यह जानकर सखद अनुभूति होगी कि आज भारत का डिफेंस एक्सपो 2014 की तुलना में लगभग 35 गुना बढ़ चुका है। 2013-14 में भारत से होने वाला डिफेंस एक्सपो लगभग 686 करोड़ रुपए का था, वह आज 2024-25 में बढ़ कर more than 24,000 करोड़ रुपए तक पहुँच गया है। करीब 100 देशों को हमारे देश में बने डिफेंस प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट

Contents Page

किए जा रहे हैं। हमारा यह लक्ष्य है कि इस साल हमारा डिफेंस एक्सपो 30,000 करोड़ रुपए और 2029 आते-आते 50,000 करोड़ रुपए तक पहुँच जाएगा। मुझे पूरा विश्वास है कि हम इस लक्ष्य को हासिल करके रहेंगे। उपसभापति महोदय, आज हम दुनिया के टॉप 10 एक्सपोर्टर्स कंट्रीज़ में आकर खड़े हो गए हैं।

उपसभापति महोदय, हम अपने प्रयासों में कितना सफल रहे, इसकी एक झलक आप ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देख चुके हैं। वैसे तो रक्षा मंत्रालय समय-समय पर डिफेंस एक्सपो करता रहता है, लेकिन दुनिया ने रियल टाइम डिफेंस एक्सपो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखा है। मुझे पूरा विश्वास है कि भारत जल्द ही रक्षा क्षेत्र में पूरी तरह से आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को हासिल करेगा।

उपसभापति महोदय, भारत की रक्षा तैयारी मजबूत रखना - यह एक दिन का काम नहीं है। हमने सेनाओं को मजबूती देने के लिए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए इमरजेंसी प्रोक्योरमेंट की भी कई बार छूट दी है, जिसका सेनाओं ने पूरा लाभ उठाया है और वह अपने को मजबूत किया है। उपसभापति महोदय, पाकिस्तान ही नहीं, भारत की तरफ टेढ़ी निगाह से देखने वाले हर देश को यह समझ लेना चाहिए कि आज भारत की सेनाओं में हर हालात से निपटने की ताकत भी है और हमारी सेनाओं की कुव्वत भी है। हम जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कौन-सा देश क्या कर रहा था। हम यह जानते हैं। हमने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को शह देने वाली ताकतों को भी संदेश दे दिया है। उपसभापति महोदय, मैं इस सदन को इस बात से अवगत कराना चाहता हूँ।

उपसभापति महोदय, पाकिस्तान के हुक्मरान जानते हैं कि उनके सैनिक युद्ध के मैदान में भारत से कभी जीत नहीं सकते, इसलिए वे आतंक को पालते हैं, उन्हें प्रशिक्षण देते हैं और फिर सारी दुनिया के सामने खड़े होकर अपने को निर्दोष साबित करने की कोशिश करते हैं। पाकिस्तान दोहरे मापदंड और असत्य की बुनियाद पर खड़ा दुनिया का एक ऐसा देश है, जो failed state के तौर पर देखा जा रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि हम आतंकवाद के इस गंदे खेल को अब जड़ से खत्म करने का संकल्प ले चुके हैं।

उपसभापति महोदय, आतंकवाद के विरुद्ध हमारी लड़ाई अब केवल सीमा पर नहीं, बल्कि वैचारिक मोर्चे पर भी लड़ी जा रही है। इसी उद्देश्य से, हमारे प्रधान मंत्री जी ने कई उच्चस्तरीय समितियों का गठन भी किया है और उनमें विभिन्न राजनीतिक दलों के रिप्रेजेंटेटिव्स शामिल रहे हैं। इन समितियों ने वैश्विक मंचों पर जाकर भारत की बात को बहुत ही प्रभावी तरीके से रखा है और आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक समर्थन को भारत के प्रति मजबूत किया है। मैं इन प्रतिनिधि मंडलों के सभी सम्मानित सदस्यों का अभिनंदन करता हूँ, उनका स्वागत करता हूँ।

उपसभापति महोदय, ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सर्वदलीय बैठक भी हुई। इस सदन के सम्मानित नेता प्रतिपक्ष, आदरणीय खरगे जी भी उस बैठक में मौजूद थे। मुझे इस सदन को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हर राजनैतिक दल ने अपने मतभेद भुलाकर देशहित में सेना और सरकार के प्रति अपना पूरा समर्थन दिया। यही हमारे देश के लोकतंत्र की मजबूती है, यही हमारे देश के लोकतंत्र की ताकत है, यही हमारे देश के लोकतंत्र की खूबसूरती है।

Contents Page

उपसभापति महोदय, जैसा कि हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने भी कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ रुका है, समाप्त नहीं हुआ है। यदि आवश्यकता पड़ी, यदि पाकिस्तान फिर किसी नापाक हरकत की कोशिश करता है, तो हम और भी कठोर, और भी निर्णायक कार्रवाई के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत किसी भी तरीके से न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग या अन्य दबावों के आगे झुकने वाला नहीं है।

उपसभापति महोदय, ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जो हमने किया और उसके पहले जो सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के जरिए जो संदेश दिया गया, वह बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। महोदय, हमारी सरकार की जो नीति है, वह पहले की सरकारों को भी अपनानी चाहिए थी, अपना लिया होता तो अच्छा रहता। उन सरकारों को, जिनके शासनकाल में भारत ने सबसे भीषण आतंकी हमले का सामना किया, जिनमें 2008 का मुंबई हमला था, आज भी वह हर हिंदुस्तानी के जेहन में जिंदा है। मैं कहना चाहता हूँ और यह कोई exaggeration नहीं होगा, कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि 2008 का वह हमला एक न भूलने वाली त्रासदी दे।

उपसभापति महोदय, कल मैंने लोक सभा में जिक्र किया था और आज यहाँ भी जिक्र करना आवश्यक समझता हूँ कि श्री प्रणब मुखर्जी जी ने अपनी किताब - The Coalition Years में लिखा है कि जब मुंबई अटैक हुआ था, "India had evidence that a terrorist came from Karachi Port." पाकिस्तान के non-State actors के बहाने को पूरी दुनिया में कोई मान नहीं रहा था। प्रणब मुखर्जी साहब ने लिखा है and I quote, "Amid heated debates within the Cabinet, there was a demand for military intervention, which I rejected." भारतीय विदेश सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी अपनी किताब में इस बात की पुष्टि की है कि मुंबई हमले के तुरंत बाद एक उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें तत्कालीन विदेश मंत्री, प्रणब दा ने पूछा, "What should be done?" तो उस समय के विदेश सचिव, शिवशंकर मेनन जी ने सुझाव दिया कि भारत मुरीदके में लश्कर-ए-तोइबा के मुख्यालय पर cruise missile से हमला कर सकता है। यह सुनकर प्रणब दा ने चश्मा उतारकर साफ किया और सभी अधिकारियों को thank you बोलकर बैठक समाप्त कर दी।

3.00 P.M.

**श्री जयराम रमेशः** सर, ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** प्लीज़, बैठकर न बोलें। ...(**व्यवधान**)... No, nothing is going on record. प्लीज़, चेयर पर बैठकर न बोलें। ...(**व्यवधान**)...

**श्री राजनाथ सिंहः** मेरे पास है।

**श्री जयराम रमेशः** आप असत्य बोल रहे हैं।

**श्री राजनाथ सिंहः** हमारे पास है।

Contents Page

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Jairam Ramesh *ji*, please take your seat. ...*(Interruptions)*... Jairam Ramesh *ji*, please take your seat. ...*(Interruptions)*...

**श्री राजनाथ सिंह:** जयराम जी, मैं असत्य नहीं बोल रहा हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Jairam Ramesh *ji*, please take your seat. ...*(Interruptions)*... You are not allowed.

**श्री राजनाथ सिंह:** महोदय, आप कहेंगे, तो मैं इसका प्रमाण दूंगा। उस समय की सरकार को जो उचित लगा, उसने वह किया। किंतु मैं मानता हूं कि तब कि सरकार ने 2016 जैसी सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 जैसी एयर स्ट्राइक जैसे निर्णायक कदम उठाए होते, तो पाकिस्तान के आतंकवाद के नफे-नुकसान का अच्छी तरह से अंदाजा हो गया होता।

महोदय, 2008 में मुम्बई हमलों के बाद भी उस समय की सरकार ने बिना कोई कठोर कार्रवाई के किए बातचीत की राह चुनी। ...(**व्यवधान**)...

**श्री जयराम रमेश:** सभी देशों ने ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति:** प्लीज़, बैठकर बात न करें। जयराम जी, इस तरह से नहीं करें। please take your seat.

**श्री राजनाथ सिंह:** मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति:** आपको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा। It will not go on record. ...*(Interruptions)*..

**श्री राजनाथ सिंह:** सर, जयराम जी हमारे मित्र हैं। हम मिलकर बैठकर बात करते हैं। ...(**व्यवधान**)... मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं।

**श्री उपसभापति:** प्लीज़, राजनाथ जी, आप बोलें। आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जाएगी।

**श्री राजनाथ सिंह:** मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह कोई आलोचना नहीं है - न उस सरकार की, न उस समय के प्रधान मंत्री की और न उन नेताओं की। यह कोई आलोचना नहीं है। उस समय की लीडरशिप को जो सही लगा, उन्होंने वही निर्णय लिया। महोदय, मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि आज का भारत अलग सोचता है और अलग तरीके से काम करता है। आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत वह देश नहीं रहा, जो पहले था। ...(**व्यवधान**)... आज भारत डोज़ियर सौंप कर संतुष्ट होने में विश्वास नहीं रखता है, बल्कि घुस कर मारता है। आज भारत बरदाश्त नहीं करता

है, बल्कि जमकर माकूल जवाब देता है। महोदय, मैं इस सदन को और देश की जनता को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हमारी सरकार, हमारी सेनाएं और हमारी लोकतांत्रिक संस्थाएं सब मिल कर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

उपसभापति महोदय, मैं अंत में केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि यह समय एकजुट होकर अपनी सुरक्षा, संप्रभुता और आत्म सम्मान की रक्षा के संकल्प को और अधिक मज़बूत करने का है। हमें यह याद रखना होगा कि हमारी सामाजिक और राजनीतिक एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आतंकवाद को समर्थन देने वालों को यह स्पष्ट संदेश चला गया है कि भारत अपनी मातृभूमि की रक्षा करने के लिए पूरी तरह से संकल्पबद्ध है। आइए, हम सभी दलगत भावना से ऊपर उठकर संगच्छध्वं संवदध्वं मन से प्रेरणा लेकर एक साथ, एकजुट होकर खड़े हो जाएं और इस राष्ट्रीय संकल्प को मज़बूत करें, यही हम सबका राष्ट्रीय दायित्व है, ऐसा मैं मानता हूं। इन्हीं शब्दों के साथ आइए हम सभी एक बार फिर से सदन की मेज को थपथपा कर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान थल सेना, वायु सेना और नौसेना के शौर्य पराक्रम का अभिनंदन करें। बहुत-बुहत धन्यवाद!

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Mallikarjun Kharge, the Leader of the Opposition.

**विपक्ष के नेता (श्री मल्लिकार्जुन खरगे)**: उपसभापति महोदय, बहुत दीर्घ समय तक एक घंटा पांच मिनट...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No comments, please.

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे**: मैंने भाषण सुना। कल भी एक घंटा सुना था, जब वे लोक सभा में भाषण दे रहे थे। अब उसमें नए पेज जुड़े, उसके बारे में मुझे मालूम नहीं है, लेकिन उन्होंने जो बातें कल दोहराई थीं, वही बातें आज हमें याद दिला रहे हैं और बता रहे हैं, इसलिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं, क्योंकि हमारा समय भी न बरबाद हो - उनको जो कुछ वहां कहना था, वही यहां आकर कह दिया। जो उन्होंने कहा, वह हमारी समझ में आता है।

उपसभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मैं सबसे पहले पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं और उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं एक बात कहूंगा और अगर वे भी सुनेंगे, तो उनको भी अच्छा लगेगा:

'मेंहदी वाले हाथों ने पति की लाश उठाई है,
बेबस रोते बच्चों ने पापा की जान गंवाई है,
असु भरे, लाचार खड़ी बेबस नारी को देखा है,
पहलगाम घाटी में हमने अपनों को मरते देखा है।'

Contents Page

यह घटना जो घटी, इसको सब लोगों ने देखा है। मुझे यह समझ में नहीं आ रहा है कि इतना सब होने के बाद बहुत-सी चीज़ें, यानी जो संबंधित नहीं हैं, वे उन विषयों को फिर राज्य सभा के अंदर से उठाकर देश के बाहर के लोगों को उचकाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन लोग ऐसे असत्य वायदों, असत्य बातों या असत्य बातों को कभी सीरियसली नहीं लेंगे। मैं आपसे यह कहूंगा कि हम भी पूरे देश और इस सदन के साथ इस बर्बर हमले और पाकिस्तान द्वारा आतंकियों को लगातार सपोर्ट करने की निंदा करते हैं। हमने तो पाकिस्तान की निंदा पहले ही की थी, करते रहे हैं, आज भी करेंगे और अगर कल भी ऐसा ही चला, तो करते रहेंगे, लेकिन हम इधर निंदा करते हैं, आप जाकर उनकी दावत में पेश होकर उनको गले लगा लेते हैं। बिना बुलाए आपको जाने की आदत है।मैं आपको नहीं बोल रहा हूं, आप नहीं गए थे। आपके दोस्त हैं - आपके दोस्त बोलूं, गुरू बोलूं या विश्व गुरू बोलूं, वे गए थे। आप खुद ही गलती करते हैं,आप खुद ही ऐसी चीज़ें करते हैं और दूसरों को पाठ पढ़ाते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। आपअगर सीरियस हैं, तो दूसरों पर टीका-टिप्पणी करना कि तुमने क्या किया, उसने क्या किया, यह बताने की जरूरत नहीं है। हमारा इतिहास बहुत लंबा इतिहास है। मेरी पार्टी का भी लंबा इतिहास है और हमने देश को बनाने में जो योगदान दिया है, उसमें अब तक आपका ऐसा कोई कारखाना नहीं है, हथियार बनाने का और चीज़ें बनाने का एक भी नहीं है। आपने सिर्फ असत्य के कारखाने बनाए हैं, लेकिन आपने पब्लिक सेक्टर नहीं बनाया, लेकिन आपने उसी पब्लिक सेक्टर की कहानी यहां बताई। एचएएल, बीईएल हमने बनाया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के लिए तो आपने इतनी बार बोला है।

महोदय, यहाँ बहुत से कांग्रेस के सदस्य बैठे हैं और अन्य दलों के लोग भी मौजूद हैं, यहाँ न्यूट्रल भी हैं और गवर्नमेंट सर्वेंट्स भी हैं। नेहरू जी को गालियां देते वक्त जब ये लोग कुछ कहते हैं, तो वे लोग तालियाँ बजाते हैं। लेकिन एक जमाने में, बचपन में, जब आप बच्चे थे, स्टूडेंट्स थे, तब 14 नवम्बर को ये ही लोग कहते थे,"चाचा नेहरू आए, चाचा नेहरू आए।" ऐसा ये लोग ही बोलते थे, लेकिन अब ये ही लोग टीका-टिप्पणी कर रहे हैं। ..(**व्यवधान**).. मुझे सब मालूम है आप कहाँ थे? सर, ये ही लोग हैं। किसी का अपमान करने से आप कोई सत्य नहीं बोलते, आप कुछ नहीं करते। ..(**व्यवधान**).. आप सच बताइए, सच सुनिए, तभी आपके लिए इसमें से कुछ निकलेगा।सर, गृह मंत्री अमित शाह जी तो चले गए हैं, वे नड्डा साहब को यहां छोड़कर गए हैं, साथ लेकर नहीं गए हैं।

गृह मंत्री अमित शाह जी 7 और 8 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर गए थे। उन्होंने वहाँ कहा था कि मोदी सरकार के प्रयासों से देश विरोधी टेरर ईको सिस्टम को क्रिपल कर दिया गया है। उपसभापति महोदय, यह किसने कहा? यह होम मिनिस्टर अमित शाह जी ने कहा। अगर वह क्रिपल हो गया था, तो फिर पहलगाम में वे लोग कहाँ से आए? वे लोग कहाँ से आए थे और कैसे आए थे? आप इतनी सारी बातें बोलते रहते हैं, जो सत्य से दूर हैं। आप पहले कुछ सोचिए कि आप क्या बोलते हैं और क्या करते हैं?

सर, हमले से सिर्फ तीन दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपना शेड्यूल्ड दौरा रद्द कर दिया था। मैंने इस बारे में पहले भी लिखित में सवाल पूछा था, लेकिन मुझे आज तक उसका जवाब नहीं मिला। ...(**व्यवधान**)... I am not yielding.

Contents Page

**श्री उपसभापतिः** माननीय लीडर ऑफ दि हाउस बोलना चाहते हैं।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** सर, मुझे आज तक इसका जवाब नहीं मिला है। ...(**व्यवधान**)... आप अपने उत्तर में बोलिएगा। ...(**व्यवधान**)...

THE LEADER OF THE HOUSE (SHRI JAGAT PRAKASH NADDA): Mr. Deputy Chairman, Sir, ...(*Interruptions*)...

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: No, I am not yielding. ...(*Interruptions*)...मेरे साथ हमेशा यही होता है। ...(**व्यवधान**)...पहले भी ऐसा ही होता रहा है और अभी भी हो रहा है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Leader of the House. ...(*Interruptions*)...

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: No, I am not yielding.

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: Sir, the hon. Leader of the Opposition has leveled a very serious charge on the hon. Prime Minister. ...(*Interruptions*)...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे :** मैं यील्ड नहीं कर रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: He has to authenticate it. That has to be authenticated. ...(*Interruptions*)... Sir, otherwise, this should be expunged. ...(*Interruptions*)...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे :** मेरे पास जो मालूमात उपलब्ध हैं, मैं उन्हें सदन के सामने रख रहा हूं और आप उसको डिनाई कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): Mr. Deputy Chairman, Sir, this is.. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Tiruchi Siva ji, please. ...(*Interruptions*)... Only factual things will go on record. ...(*Interruptions*)... Only factual things will go on record. ...(*Interruptions*)... Please take your seat. ...(*Interruptions*)... Please take your seat. ...(*Interruptions*)...

Contents Page

**श्री प्रमोद तिवारी** (राजस्थान): ऐसे काम नहीं चलेगा। ...(**व्यवधान**)... आप मौका नहीं देते हैं। वे जो तथ्य दे रहे हैं, सत्य दे रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... सच्चाई सामने ला रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It will be examined. ...(*Interruptions*)...

SHRI TIRUCHI SIVA: Sir, when the hon. Member is not yielding... ... ...(*Interruptions*)...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे:** यह हमला 22 अप्रैल, 2025 को हुआ था।

SHRI TIRUCHI SIVA: Will you do the same for us? ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Let him speak. ...(*Interruptions*)...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे:** पहले दिन से ही विपक्ष ने संसद का स्पेशल सेशन बुलाने की मांग की थी, लेकिन आपने इसको नकारा। आपने नकारकर यह कहा था कि समय आने पर उसका उत्तर देंगे, लेकिन बाद में आप लोग आज इस तरह से पेश हो रहे हैं कि हमने जो कुछ किया - देरी से भी किया, वह बहुत अच्छा किया। सर, ये ऐसा बोल रहे हैं। सर, मैंने और नेता प्रतिपक्ष लोकसभा श्री राहुल गाँधी जी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर विशेष सत्र बुलाने की माँग की थी। लेकिन न हमें उस पत्र का कोई जवाब मिला, न कुछ मालूम पड़ा। किसी ने टेलीफोन तक नहीं किया कि यह नहीं हो सकता या इसे आगे देखेंगे - ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। हमारे जो भी लेटर्स जाते हैं, वे उन्हें वेस्ट बॉक्स में फेंक देते हैं! देखते तक नहीं हैं! अगर इतना अहंकार और इतना गर्व है, तो एक-न-एक दिन आपका गर्व तोड़ने वाले लोग भी आएँगे। यह अच्छा नहीं है कि आपको एक-दो सेंटेंस लिखने की भी फुर्सत नहीं है, लेकिन लोगों के गले पड़ने की फुर्सत है?

डिप्टी चेयरमैन सर, 1962 में भारत-चीन युद्ध चल रहा था, तब नेहरू जी ने चंद विपक्षी सांसदों की माँग पर विशेष सत्र बुलाया था। तब यह माँग उठी थी कि सीक्रेट सेशन बुलाना चाहिए, लेकिन नेहरू जी ने कहा कि जनता से कुछ छुपाया नहीं जाना चाहिए - यही हमारा लोकतंत्र है। आपका लोकतंत्र क्या है? सेशन बुलाइए, लेकिन नहीं बुलाएंगे। कम-से-कम मीटिंग तो रख लीजिए, लेकिन वह भी नहीं करेंगे। आपने तो हमारी बात रखी थी कि हम लोग आए थे, राहुल गाँधी जी आए थे - यह ठीक है। आपका धन्यवाद कि कम-से-कम अब आप याद कर रहे हैं, लेकिन जब हम आए, तब आपके मोदी साहब कहाँ थे? वे क्यों नहीं थे? हम उस मीटिंग में आते हैं और आप चुनाव प्रचार के लिए बिहार में फिरते हैं! क्या यही आपकी देशभक्ति है? ये बातें उन्हें सुननी चाहिए थीं। आज चाहे यह सदन हो या वह सदन, उन्हें बैठना चाहिए था, सुनना चाहिए था। जब सुनने की क्षमता नहीं है, तो आप उस कुर्सी पर बैठने के लायक नहीं हैं। धैर्य होना चाहिए। आपने अपने धैर्य की बात की, तो कम-से-कम वह धैर्य उन्हें भी थोड़ा दे दीजिए।

सर, 24 अप्रैल को सरकार ने ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई थी। उसमें विपक्ष के सभी लोग शामिल थे, लेकिन मोदी जी नहीं आए। वे चुनावी रैली करने के लिए सऊदी अरब से सीधे बिहार चले गए! क्या प्रधान मंत्री जी की राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति यही गंभीरता है? अभी आपने कुछ पढ़ा था

Contents Page

कि वे इस काम के लिए गए थे। मैंने वह सुना। मैं अब उनका नाम नहीं लेना चाहता, क्योंकि वे सदन से बाहर चले गए हैं। उन्होंने कहा कि वे इस काम के लिए गए थे, उन्हें पैसा देना था, मदद करनी थी। यह तो कल भी किया जा सकता था। हमारी मीटिंग क्यों फिक्स की गई? उनके बगैर तो आप नहीं करते। आप यह बताइए कि आपके लिए देश की रक्षा महत्वपूर्ण है या वहाँ जाकर पार्टी का प्रचार करना महत्वपूर्ण है? सर, मैं इंटेलिजेंस फेल्योर की बात करता हूँ।

डिप्टी चेयरमैन सर, अब ज़रा अकाउंटेबिलिटी की बात करेंगे। 2016 में उरी और पठानकोट में आतंकी हमला हुआ। 2019 में पुलवामा हमला हुआ। अब 2025 में पहलगाम में आतंकी हमला हुआ। इन सभी घटनाओं से साफ है कि बार-बार देश की सुरक्षा और इंटेलिजेंस में चूक हो रही है। आपको मानना पड़ेगा कि यह फेल्योर है। मैं गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या वे स्वयं जिम्मेदार हैं?

**एक माननीय सांसदः** वे ही हैं।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** वे ही जिम्मेदार हैं। अब सभी लोग कह रहे हैं, जबकि मैंने तो पहले ही कहा था। उनकी जिम्मेदारी फिक्स करो? यह तो डिफेंस मैटर नहीं है। नड्डा साहब, यह हेल्थ का मैटर नहीं है। मैंने भाषण में देखा, तो वे ज्यादा स्पीकर को नहीं देखते थे, जैसा मैं आपको देख रहा हूं। वे ऐसा नहीं देखते थे, वे सिर्फ इधर की तरफ देखते थे। क्या इधर वालों को बताना होता है! आप यहां उपसभापति हो, आपको कहना है और आपके माध्यम से सबको कहना है, लेकिन नहीं, चंद लोगों का शौक है कि जैसा वे पब्लिक मीटिंग में करते हैं, वैसा ही वे पार्लियामेंट में करते हैं। मैं आपसे कहूंगा कि इतनी सब घटनाएं हुई हैं। जब बीजेपी सरकार पहले थी और अब आई है, पांच दफा पहलगाम में ही अटैक होता रहा है। इसका सबक भी नहीं लिया! इससे सबक तो सीखना चाहिए। अगर गलती हो गई, तो गलती को सुधारने के लिए आपने क्या किया? आपने इस बारे में बात तो नहीं कही। ...(**व्यवधान**)...

सर, मैं गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अगर वे जिम्मेदार हैं, तो अपनी कुर्सी खाली करो। अगर जिम्मेदार नहीं हैं, तो प्राइम मिनिस्टर क्या एक्शन लेते हैं, यह हम देखेंगे।...(**व्यवधान**)... सर, 14 जुलाई, 2025 को जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर ...(**व्यवधान**)... सर, आपका ध्यान इधर नहीं, उधर है।

**श्री उपसभापतिः** जो सदस्य बीच में टिप्पणी कर रहे हैं, मैं उनको बोल रहा हूं।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** उनको टिप्पणी करने दो।

**श्री उपसभापतिः** मैं आपके लिए कर रहा हूं।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** आपने तो मेरी बात ही नहीं सुनी।

**श्री उपसभापतिः** मैं आपकी बात सुन रहा हूं।

Contents Page

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** 14 जुलाई, 2025 को जम्मू-कश्मीर के एलजी, श्री मनोज सिन्हा ने खुद माना है कि 'Pahalgam terror attack was undoubtedly a security failure.' यह मेरी नहीं, उनकी कही बात है और यह रिकॉर्ड में है। ...(**व्यवधान**)... उन्होंने कहा, 'Pahalgam was a security lapse. What happened in Pahalgam was very unfortunate; innocent people were brutally killed. I take full responsibility for the incident, which was undoubtedly a security failure.' यह एक security lapse है। इसकी जिम्मेदारी होम मिनिस्टर को लेनी चाहिए, not LG. ...(**व्यवधान**)... यह उनकी गलती छिपाने के लिए - क्योंकि सब नम्बर 1, नम्बर 2 से डरते हैं और नम्बर 3 को थोड़ा जोश है, लेकिन नम्बर 1 और 2 से सभी लोग डर जाते हैं - इसीलिए यह जिम्मेदारी उन्होंने ही ली है। ...(**व्यवधान**)... उन्होंने कहा कि यह मेरी गलती है। ...(**व्यवधान**)... मैं इसे एक बार और पढ़ता हूं। 'Pahalgam was a security lapse. What happened in Pahalgam was very unfortunate; innocent people were brutally killed. I take full responsibility for the incident, which was undoubtedly a security failure.' यह लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज साहब का स्टेटमेंट है। इसीलिए इसकी जिम्मेदारी होम मिनिस्टर को लेनी चाहिए, अमित शाह साहब को लेनी चाहिए। आप तो इस बारे में कम से कम उनको बताइए। ये कहते हैं कि कांग्रेस ने वह किया। आप यह छोड़िए, कितने दिन कांग्रेस-कांग्रेस कहेंगे? आप उसके नाम पर कितने दिन जिंदा रहना चाहते हैं? क्या उसी गोली पर जिंदा रहना चाहते हैं? ...(**व्यवधान**)... आपने जो काम किए हैं, उनके बारे कुछ बताओ। पाकिस्तान के दो टुकड़े करके इंदिरा गांधी जी ने बंगलादेश को आज़ादी दिलाई। ...(**व्यवधान**)... आप तो पहाड़ खोदकर चूहा निकालने वाले हैं। ...(**व्यवधान**)... सर, ये लोग पहाड़ खोदकर चूहा निकालने वाले लोग हैं। ...(**व्यवधान**)...हम लड़ने वाले लोग हैं, लड़ते-लड़ते हमने देश को बचाया और हमारे लोगों ने जान भी दी। यह है हमारी पार्टी और हम।

सर, मैं एक दूसरी बात कहना चाहता हूं। अगर एलजी ने माना कि यह सिक्योरिटी फेल्योर था, तो एकाउंटेबिलिटी कब तय होगी? उन्होंने यह बयान गृह मंत्री जी को बचाने के लिए दिया या गृह मंत्री जी ने उनको यह बात कहने के लिए कहा, यह आप ही बता सकते हैं हम नहीं।

100 दिनों से आतंकवादी न्याय के कठघरे से फरार थे। ...(**व्यवधान**)... ये आतंकवादी पुंछ, गगनगीर और गुलमर्ग के हमले में भी शामिल थे। अभी बताया गया कि तीन आतंकवादी मारे गए। अब बाकी जितने भी हैं, उनका हिसाब आप ही दे सकते हैं। हमें जो मीडिया से मिलती है या लोगों से मिलती है, वही इनफॉरमेशन हमारे पास होती है। अगर तीन मारे गए, तो बाकी के किधर गए, कहां है, कहां फंसे हैं, कहां छुपे हैं? आप उनको ढूंढ निकालिए। उनको ढूंढ निकाल कर आप ऐसा बताइए कि हम उनको ढूंढ निकाले हैं, इन तीन को तो हमने खत्म कर दिया और बाकी के जो भी 6-7 लोग हैं, उनको भी ढूंढ निकाल कर हम उनका पीछा करेंगे। यह मास्टरमाइंड के बारे में कल कहा गया था, आज इसके बारे में यह कह रहे हैं।

डिप्टी चेयरमैन सर, मैं आपसे एक और चीज कहना चाहूंगा। अब मैं ऑपरेशन सिंदूर पर आता हूं। कांग्रेस पार्टी हमारे सशस्त्र बलों, आर्म्ड फोर्सेज़ पर गर्व करती है और उनके शौर्य और बहादुरी को सलाम करती है। यहां मैं यह भी कहना चाहूंगा कि पूरा देश एकजुट खड़ा रहा। हमारी कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने देश भर में, पूरे अपोज़िशन ने, सब मिल कर, इंडिया गठबंधन से लेकर

Contents Page

जितने भी इंडिपेंडेंट्स हैं, हम सभी ने सेना के समर्थन में, सेना के सम्मान में, आर्मी को सपोर्ट करने के लिए, उसको हिम्मत देने के लिए 'जय हिंद' यात्रा निकाली। मैं एक और बात कहूंगा। हमने 7 मई की सीडब्ल्यूसी की बैठक में प्रस्ताव पारित किया था। हमने कहा कि यह राजनीति करने का समय नहीं है, बल्कि देश की एकजुटता, दृढ़ता और राष्ट्रीय संकल्प दिखानेका समय है। भारत एकजुट है और किसी भी परिस्थिति में उसकी एकता को कमजोर नहीं किया जा सकता। यह हमने आपको सपोर्ट किया। हमने यह कहा, आपका साथ दिया। देश के हित में हमने हर कदम पर सरकार को सपोर्ट किया। हम लोग देश की एकता और एकजुटता के लिए सरकार के साथ खड़े थे। लेकिन मोदी जी विपक्षी पार्टियों के खिलाफ चुनावी भाषण करते फिरते हैं, जब हम लोग एकजुट होकर उनको सपोर्ट करते हैं। सिर्फ चार दिनों में पाकिस्तान की फायरिंग से जम्मू के पुंछ और राजौरी में 27 भारतीय नागरिक, जिनमें पांच बच्चे भी शामिल थे, मारे गए और 70 घायल हो गए। उस वक्त इन लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सकता था, लेकिन सरकार ने देर की और उन्हें बचाने के लिए ठोस प्रयास नहीं किया गया। 10 मई को युद्ध विराम की घोषणा की गई। उसके बाद क्या हुआ, मैं बताना चाहता हूं। उसके बाद बीजेपी के एक राज्य सभा सांसद ने कहा कि पहलगाम हमले में जो शहीद हुए, उनकी पत्नियों में वीरांगना जैसा भाव नहीं था, इसीलिए वह हाथ जोड़ रही थी, गिड़गिड़ा रही थी। यह है - महिला के प्रति आपकी सोच और संवेदनशीलता! अगर कोई महिला अपने पति के मरने के बाद रो रही है, गिड़गिड़ा रही है, उनको ये ऐसा कहते हैं - एक लीडर, एक बीजेपी का नेता! ऐसे लोगों को कान पकड़कर बाहर निकालिए। ...(**व्यवधान**)... उसको क्यों रखते हैं? उससे आपका भी नाम खराब होता है, देश का भी नाम खराब होता है। लोग भी यही कहते हैं कि देखिए, पार्लियामेंट में ऐसा होता है। जब वे ऐसा कहते हैं, तो ऐसे लोगों के ऊपर कोई एक्शन नहीं लेता है। पार्लियामेंट के बाहर ऐसा होने के बाद भी एक्शन नहीं लेते हैं। वे हमें कहते हैं कि आप पार्लियामेंट में ऐसी चीज क्यों नहीं उठाते हैं, देश को क्यों नहीं बताते हैं। इसलिए मैं आपको यही कहूँगा कि किसी महिला के ऊपर इस तरीके से remark करना, बोलना बहुत गलत है। इसके लिए उन्हें आपको पार्टी की ओर से सजा देनी चाहिए।

सर, मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने भारतीय सेना की spokeswoman का अपमान करते हुए यह कहा कि "जिन्होंने हमारी बेटियों के सिंदूर उजाड़े थे.." सर, क्या मैं बोलूँ, क्योंकि आप बहुत बात कर रहे हैं? आप शायद पैसे की, बजट की बात कर रहे हैं, लेकिन थोड़ा मेरी भी बात सुनें, तो अच्छा होगा। ...(**व्यवधान**)... नहीं, दो तरफ तो कान नहीं हो सकते हैं, एक ही तरफ हो सकते हैं। ...(**व्यवधान**)... दो में से एक तो मेरे लिए और एक उनके लिए रखिए। सर, "जिन्होंने हमारी बेटियों के सिंदूर उजाड़े थे, उन कटे-पिटे लोगों को हमने उन्हीं की बहन भेज कर उनकी ऐसी की तैसी की।" ...(**व्यवधान**)... वे मंत्री हैं या संतरी हैं, मुझे मालूम नहीं है। उसको तो यहां पर condemn करना चाहिए। ऐसे आदमी भी हैं! मैंने पहला उदाहरण भी दिया और दूसरा उदाहरण भी यह है। तो ये चीजें आपके पीछे होती हैं। इसलिए जब तक आप अपने लोगों को काबू में नहीं रखते, उनको कंट्रोल नहीं करते, तो वैसा reaction दूसरे की तरफ से भी आता है। अगर दूसरे की तरफ से ऐसा कोई reaction आया, तो आप क्या कहते हैं - देशद्रोही है, इनमें देशभक्ति नहीं है। क्या देशभक्ति का गुत्ता सिर्फ आपने ही लिया है? क्या उसका पूरा contract आपने ही लिया है, बाकी किसी के पास खून नहीं है? खैर, मेरे अन्दर खून बहता है, लेकिन अंदर सिंदूर

Contents Page

डालें, तो वह खराब हो जाता है, मुश्किल होता है। सिंदूर तो सौभाग्यवती माँ करती है। तो जहाँ जो कुछ बोलना होता है, उसको जोड़कर ये बोलते जाते हैं। सर, "उन कटे-पिटे लोगों को हमने उनकी ही बहन भेज कर उनकी ऐसी की तैसी की।" कल ही सुप्रीम कोर्ट ने इस मंत्री की कड़े शब्दों में निंदा की और condemn किया। नड्डा साहब, क्या आप उसको बाहर निकालेंगे? जब सुप्रीम कोर्ट ने ही अगर condemn किया है, तो उसको ...(**व्यवधान**)...

**एक माननीय सदस्यः** वे 'हाँ' बोल रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** आप 'हाँ' बोल रहे हैं, इसलिए आपको thank you, very much. ...(**व्यवधान**)... नहीं, नहीं। अब सुप्रीम कोर्ट अगर एक मंत्री को यह कहता है और उसको condemn करता है, तब तो आप easily उसको निकाल दीजिए और दूसरे को लाइए। आपके पास तो इतने लोग भरे हुए हैं और भाग रहे हैं। वे आपके ED, CBI, Income Tax को देखकर भाग रहे हैं। उनमें से किसी को नियुक्त कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

सर, शहीद आर्मी मेजर विनय नरवाल की विधवा को भी सोशल मीडिया पर troll किया गया। ...(**व्यवधान**)... हमारे विदेश मंत्री यहीं बैठे थे। ...(**व्यवधान**)... वे भी पैसे की बात कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... हमारे विदेश मंत्री तक को ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** विदेश मंत्री हैं। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़।

**श्री जयराम रमेश** (कर्नाटक)**:** सर, यह क्या हो रहा है? ...(**व्यवधान**)... सर, वहाँ क्या हो रहा है, आप वहाँ देखिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रमोद तिवारीः** सर, इतने sensitive issue पर यह चर्चा हो रही है, लेकिन उधर देखिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री जयराम रमेशः** सर, तीन मंत्री वहाँ बैठे हुए हैं। ...(**व्यवधान**)... तीन मंत्री वहाँ बैठे हुए हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** प्लीज़।

**श्री जयराम रमेशः** वे आपस में बात कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... उनमें सुनने की क्षमता नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** प्लीज़। माननीय खरगे जी।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** सर, हमारे विदेश सचिव तक को पर्सनल अटैक का निशाना बनाया गया। मैं पूछता हूँ कि इन शर्मनाक बयानों पर बीजेपी सरकार ने क्या कार्रवाई की और क्या एक्शन

लिया, आपने यहाँ पर यह नहीं बताया है। देशभक्ति पर बड़ी-बड़ी बातें करने में मोदी जी का कोई जोड़ नहीं है, उनका कोई मुकाबला नहीं कर सकता है। वे इतनी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं।...**(व्यवधान)**...

**श्री जयराम रमेशः** सर, ये तीन मंत्री बैठ कर क्या कर रहे हैं? ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापतिः** कृपया आप बैठ जाइए। शांति हो जाएगी। ...**(व्यवधान)**...

**श्री जयराम रमेशः** सर, आप उनसे पूछें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापतिः** जयराम जी, कृपया आप बैठें। ...**(व्यवधान)**...

**श्री जयराम रमेशः** सर, आप बताइए। ...**(व्यवधान)**... ये पहली row में बैठ कर बात कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... सर, यह क्या है? ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापतिः** जयराम जी, आप सदन को डिस्टर्ब कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... प्लीज़, प्लीज़ ...**(व्यवधान)**...

**श्री जयराम रमेशः** सर, यह आपका अपमान है। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Finance Minister wants to say something. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*...

**वित्त मंत्री; तथा कारपोरेट कार्य मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारमण):** हम लोग माननीय खरगे जी द्वारा कही गई बातों पर ही बात कर रहे हैं और पीछे से माननीय जयराम रमेश जी कह रहे हैं कि तीन मंत्रीगण बात कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... उनके हर एक विषय पर ही इधर बात हो रही है और हम उनको सुन भी रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... जब हमारा समय आएगा, तो हम जवाब भी देंगे। इसलिए पीछे से इतने गुस्से की आवश्यकता नहीं है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** आप सवाल उठाने वाले आम नागरिकों को गिरफ्तार करते हैं। ...**(व्यवधान)**... लेकिन जब इनकी अपनी ही पार्टी के लोग शहीदों और सेना का अपमान करते हैं, तो मोदी जी चुप क्यों बैठे हैं? चुप्पी क्यों साधे हैं? आपको इसके ऊपर एक्शन लेना चाहिए।

सर, मैं आपसे यह निवेदन करना चाहता हूँ और साथ ही यह कहना चाहता हूँ कि पहलगाम में हमले और ऑपरेशन सिंदूर को बीजेपी द्वारा politicize करने की कोशिश की गई और वे अभी भी वही कर रहे हैं। वे हर स्टेटमेंट में, हर बयान में, हर वक्त पॉलिटिक्स की ही बात करते हैं। अब मैं समझता हूँ कि इससे उनका काम बनने वाला नहीं है। देश के लिए हमको लड़ना पड़ता

Contents Page

है, सबको मिल कर काम करना पड़ता है, लेकिन आज हम देखते हैं कि वे किसी को दोष देकर खुद अपने आप को बचा लेना चाहते हैं।

डिप्टी चेयरमैन जी, अब मैं ceasefire पर आता हूँ। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। हमारी सेना ने जोरदार अटैक किया। हम front foot थे, पाकिस्तान ने घुटने टेक दिए थे और वह हमारे सामने गिड़गिड़ा रहा था - ऐसा आपका कहना है। ...(**व्यवधान**)... क्या उसमें मैं था? ...(**व्यवधान**)... सब फाइल्स उनके पास हैं और वे ही सब करते हैं, तो आपको चिंता क्यों है?...(**व्यवधान**)... जब सरकार की ओर से कोई बयान आता है, तो उसमें सही चीजें होंगी, हम यही समझते हैं, लेकिन फिर अचानक युद्ध विराम की घोषणा हुई। सवाल यह है कि घोषणा किसने की और कहाँ से हुई और किस जगह से हुई - यह हमको मालूम करना था।

सर, इस ceasefire की घोषणा हमारे प्रधान मंत्री ने नहीं की, विदेश मंत्री ने नहीं की, रक्षा मंत्री ने भी नहीं की, बल्कि वाशिंगटन से अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने की। उन्होंने दावा किया, 'I stopped war between India and Pakistan.' यह ट्रंप ने कहा। इसको हम भी सुनें, वे भी सुनें। सुनने के बाद भी ऐसा हो रहा है, लेकिन ये मानने के लिए तैयार नहीं हैं।

सर, राष्ट्रपति ट्रंप एक बार नहीं, दो बार नहीं, 10 बार नहीं, 20 बार नहीं, बल्कि 29 बार यह बात दोहरा चुके हैं और मेरे भाषण खत्म होने तक यह 30 हो जाएगा। सर, राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार यह भी कहा कि उन्होंने ट्रेड का इस्तेमाल करके युद्ध रुकवाया। उन्होंने इस तरह से ट्रेड की धमकी दी और ट्रेड की धमकी देकर युद्ध रुकवाया।

अब यह trade की बात किसके फायदे के लिए की? कौन है वह महाशय, जो देश बेचकर पैसा कमाना चाहता है? वह कौन व्यक्ति है और उसके support में कौन लोग खड़े हैं? क्या प्रधान मंत्री खड़े हैं? नहीं, ऐसा तो नहीं हो सकता, वे बड़े देशभक्त हैं और कौन खड़े हैं? क्या शाह साहब खड़े हैं? नहीं-नहीं, वे तो कभी खड़े होंगे ही नहीं, वे ऐसी गलत बातें नहीं करेंगे। फिर किसने किया? अडाणी के पीछे कौन है? ...(**व्यवधान**) ...

**श्री उपसभापतिः** प्लीज, बैठकर कमेंट न करें। Mr. Shaktisinh Gohil, it is completely wrong. It will not go on record and you are not allowed to speak like this. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*... I warn you, Shri Shaktisinh Gohil. ...*(Interruptions)*... No, आप allow नहीं कर रहे हैं कि वे बोलें। Please. ...*(Interruptions)*... This name will not go on record. ...*(Interruptions)*... Please. माननीय प्रधान मंत्री पर इस तरह की कोई टिप्पणी नहीं, please. ...*(Interruptions)*...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार यह भी कहा कि उन्होंने trade का इस्तेमाल कर युद्ध रुकवाया। ...(**व्यवधान**) ...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It will not go on record. ...*(Interruptions)*... Shri Shaktisinh Gohil, I warn you. ...*(Interruptions)*... I warn you. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*...

Contents Page

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे:** अब यह ट्रेड की बात किसके फायदे के लिए हुई? कहीं यह आपके मित्रों के फायदे के लिए तो नहीं हुई? मोदी जी गालियों तक का हिसाब रखते हैं। ...(**व्यवधान**) ...

**श्री उपसभापतिः** बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**) ...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे:**मोदी जी गालियों तक का हिसाब रखते हैं। किसने कितनी गालियाँ दीं, किस-किस ने दीं, इसका हिसाब रखते हैं, लेकिन भारत के सम्मान के खिलाफ राष्ट्रपति ट्रंप की बात पर मोदी जी क्यों चुप बैठे हैं, क्यों चुप्पी साधे हैं? सर, फिर एक Press conference में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि पांच jets गिराए गए। वे कौन से हैं? हम आपका, उनका, यह नहीं बोल रहे हैं। जब ट्रंप बोल रहा है, आपका दोस्त बोल रहा है, उसके प्रचार के लिए जाते हो, उसके चुनाव के लिए जाते हो- "इस बार फिर एक बार ट्रंप, फिर एक बार ट्रंप।" क्या विदेश में जाकर किसी Prime Minister का प्रचार कोई देश करता है? आज तक कोई नहीं किया। ...(**व्यवधान**) ... वह कहने दो, पाँच jets गिराए गए। ...(**व्यवधान**) ... हम यह नहीं पूछते उनके हैं या इनके हैं, वे कौन से थे, क्या है, यह आपको ही मालूम है और आप ही इसको बता सकते हैं। मोदी जी से देश यह जानना चाहता है। वे साफ-साफ कहें कि हमारा एक भी जेट नहीं गिरा। यह तो American President ने कहा, जो इनके दोस्त हैं, ये कभी उनसे मिलें, तो गले लगा लेते हैं, हाथ मिला लेते हैं और सब बातें करते हैं। यह बात छिपी हुई नहीं है। यह करना चाहिए और देश को बताना चाहिए। हमारे राजनाथ सिंह साहब उस झंझट में नहीं पड़ते और वे ज्यादा इन सबमें भी नहीं जाते, जो सच है वह बताते हैं। आप कम से कम हमें यह सच्चाई तो बताओ! Mr. Deputy Chairman, मेरा प्रधान मंत्री जी से यह कहना है...

**श्री उपसभापतिः** माननीय एलओपी, माननीय रक्षा मंत्री कुछ कहना चाहते हैं। चूंकि आपने नाम लिया है, he has the right to speak. मंत्री जी, इन्होंने आपका नाम लिया है, इसलिए आपको बोलने का अधिकार है। इन्होंने आपका नाम लिया है, इसलिए आप बोल सकते हैं। प्लीज़, आप बोलें। ...(**व्यवधान**)...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे:** आप बाद में बोलें। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** आपने नाम लिया है, इसलिए उनको बोलने व हस्तक्षेप का अधिकार है। ...(**व्यवधान**)...आपने नाम लिया है। माननीय रक्षा मंत्री जी।

**श्री राजनाथ सिंह:** उपसभापति महोदय, कल हमारे विदेश मंत्री जी ने लोक सभा में यह पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया... ...(**व्यवधान**)...

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: No, Sir. I am not yielding. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is not a question of yielding. ...*(Interruptions)*... आपने उनका नाम लिया है, इसलिए उनको बोलने का अधिकार है। Please. ...*(Interruptions)*... मंत्री जी, आपकी बात रिकार्ड पर जाएगी, आप बोलें।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे:** आप बाद में जवाब दीजिए।

**श्री राजनाथ सिंह:** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अथवा जो पहलगाम की घटना हुई थी, तब से लेकर आज तक हमारे प्रधान मंत्री जी की कोई भी बात ट्रंप के साथ नहीं हुई है, यह बात हमारे विदेश मंत्री जी ने कल clarify कर दी है। मैं समझता हूँ कि इस clarification के बाद बोलने का कोई औचित्य नहीं है। महोदय, मैं फिर से इस बात को दोहराना चाहता हूँ कि किसी के दबाव में यह ऑपरेशन सिंदूर स्थगित नहीं किया गया है। यदि ऑपरेशन सिंदूर स्थगित हुआ है, तो...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे:** सर, मैंने yield नहीं किया, फिर भी वे अपनी बात कह रहे हैं।

**श्री उपसभापति:** आपने उनका नाम लिया।

**श्री राजनाथ सिंह:** पाकिस्तान की political leadership के कहने पर वहाँ के DGMO ने request किया कि अब आप ऑपरेशन सिंदूर रोकिए, इसको समाप्त कीजिए। तब जाकर यह समाप्त नहीं हुआ, बल्कि स्थगित हुआ है।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे:** अभी नड्डा साहब बचे हैं, होम मिनिस्टर बचे हैं, वे सब defend करते हैं।

**श्री राजनाथ सिंह:** यह कौमा है, यह full stop नहीं है।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे:** आप खामोशी से सुनिए। अभी नड्डा साहब जवाब देने के लिए बचे हैं और होम मिनिस्टर साहब भी आएंगे, वे अपनी बात कहेंगे। उनके लिए भी कुछ छोड़ दीजिए। हम प्रधान मंत्री जी से पूछ रहे हैं कि उन्होंने इसको condemn क्यों नहीं किया और क्यों नहीं कहा कि यह असत्य है, मेरे पास ताकत है और हम हिम्मत से काम करते हैं, हम कभी third party को entertain नहीं करते हैं। किसी third party को इसमें involve नहीं करना हमारी पॉलिसी है। आप इस पॉलिसी के खिलाफ क्यों गए? अगर आपके दोनों ऑफिसर्स मिल कर इस मुद्दे को सुलझाने वाले हैं, अगर इसमें कोई third party नहीं है - क्योंकि हमारी तो पहले से पॉलिसी है कि third party को involve करके कोई समझौता नहीं करना है। हमें स्वयं अपने आप समझौता करना चाहिए। आप इस पॉलिसी के खिलाफ भी चले गए।

महोदय, मैं अब दो-चार सीधे सवाल पूछूंगा। वे हमें जवाब देंगे, क्योंकि हमारे ज़्यादा सवाल प्रधान मंत्री जी से हैं। ये यहां Defence Ministry की Report लाए हैं। मोदी जी को क्या हुआ है? यहां इतनी चर्चा हो रही है, वे यहां नहीं हैं, वहां भी नहीं हैं, तो फिर कहां हैं? क्या आकाश में बैठे हैं?

सर, आप मेरा पहला प्रश्न सुनिए। किन शर्तों पर यह सीज़फायर हुआ और पाकिस्तान के बैकफुट पर होने के बावजूद आपने इसे क्यों स्वीकार किया?

सर, दूसरा यह कि क्या यूनाइटेड स्टेट्स ने इसमें इंटरफेयर किया? अगर हां, तो किसके कहने पर और किन शर्तों पर आपने किया?

तीसरा यह कि क्या यूएस प्रेसिडेंट ने यह सीज़फायर कराया, जैसा कि वे बार-बार दावा कर रहे हैं? अगर हां, तो क्या यह भारत की 'no third party mediation policy' की पॉलिसी के खिलाफ नहीं है? इन सबका उत्तर होना चाहिए, सर।

चौथा यह कि क्या हमें trade threats या अन्य इकोनॉमिक ब्लैकमेल के कारण यह सीज़फायर मानना पड़ा?

मैंने ये चार प्रश्न आपके समक्ष रखे हैं। खैर, अंत में इसका जवाब तो प्रधानमंत्री जी ही देंगे। उनसे तो ज़रा मुंह खुलवाइए, क्योंकि बाहर तो बहुत हिम्मत दिखाई जाती है, अब यहां आकर भी बोलें, सर।

सर, विदेश मंत्री तो चले गए, लेकिन अब डिफेंस मिनिस्टर को ही सुनाना पड़ेगा। पहलगाम के बाद जो कुछ हुआ, उसके बाद मोदी जी की 11 साल की विदेश नीति, जिसमें फोटो खिंचवाना, हाथ मिलाना, जबरदस्ती गले लगना ही फॉरेन पॉलिसी हो गई है?

सच सामने आ गया है। सिर्फ इवेंटबाज़ी से विदेश नीति नहीं चलती। देश के लिए एक स्पेसिफिक विदेश नीति बनानी होगी और हम सबको उस विदेश नीति पर चलना होगा। अगर इस नीति को छोड़कर सिर्फ फोटो लेना, अगर कोई दूर हो, तो उसके ऊपर गिरकर फोटो लेना, यह सब अच्छा नहीं दिखता। जिसको आप 'विश्वगुरु' मानते हैं, जिसकी इतनी तारीफ़ की जाती है। कभी इंदिरा गांधी से तुलना करते हैं, कभी नेहरू जी से करते हैं और फिर ट्रंप से उनकी दोस्ती है। खैर, मैं ज़्यादा कुछ नहीं बोल सकता। वे यहां तक अपनी बातें कर रहे हैं और वे भी खुश हैं। इसीलिए हमारे चेयरमैन साहब चले गए।

**श्री उपसभापतिः** कृपया विषय पर बोलें।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** सर, फॉरेन पॉलिसी की सच्चाई सामने आ गई है। अब इवेंटबाज़ी बंद कीजिए, एक ठोस विदेश नीति बनाइए और उसी के तहत चलने की कोशिश कीजिए।

सर, Howdy Modi और Namaste Trump जैसे बड़े-बड़े इवेंट्स के बावजूद भी भारत के स्ट्रेटेजिक इंटरेस्ट सुरक्षित नहीं हो पाए, क्योंकि इतनी 'गहरी दोस्ती' के बावजूद, आपके साथ कोई नहीं खड़ा हुआ। यहां तक कि अमरीका ने भी पाकिस्तान की खुलकर स्पष्ट शब्दों में निंदा नहीं की। पाकिस्तान के आतंकवादियों को सपोर्ट करने पर किसी भी देश ने कुछ नहीं कहा। यह बात यह दर्शाती है कि आपके बुरे वक्त में आपके साथ कोई आने वाला नहीं है। यह इससे दर्शाया गया है। सर, इतिहास में पहली बार अमरीका के राष्ट्रपति ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख को व्हाइट हाउस में खाने पर बुलाया। यूएस सेंट्रल कमांड चीफ ने पाकिस्तान को काउंटर टेरर ऑपरेशन में phenomenal partner, यानी पक्का साथी, कौन पाकिस्तान! पाकिस्तान हमारा पक्का साथी है, यह वहां के सेंट्रल कमांड ने कहा। आप ही बताइए कि एक तरफ वे लोग कंडेम कर रहे हैं और कोई आपका दोस्त बनने को तैयार नहीं है और दूसरी तरफ आप हरेक से गले मिल रहे हैं, फोटो

Contents Page

खिंचवा रहे हैं, कोई पीछे खड़ा है, तो उसे हाथ पकड़ कर आगे ला रहे हैं। ये सब काम ये कर रहे हैं, क्यों, किसलिए? आपकी इज्ज़त ऐसी होनी चाहिए कि आप कहीं कोने में भी बैठे हैं, तो आकर आपको बुलाएं और सेंटर में ठहराएं। उसको उसका व्यक्तित्व कहते हैं। उनको क्या मालूम है, यह मुझे समझ में नहीं आता है।

दूसरा, सीज़फायर के बाद आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक ने पाकिस्तान के लिए बड़ी आर्थिक सहायता के पैकेज की घोषणा की। मैं जानना चाहता हूं कि इन दोनों संस्थाओं के बोर्ड में भारत ने इन पैकेजेज़ का विरोध क्यों नहीं किया? यह मैं आपसे सवाल कर रहा हूं। मैं जानना चाहता हूं कि इन दोनों संस्थाओं के बोर्ड में भारत ने इन पैकेजेज़ का विरोध क्यों नहीं किया? आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक पाकिस्तान को आर्थिक मदद दिलाने में सक्षम हो गए। आपने कहा कि वही पैसा टेररिस्ट्स को जाता है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री राजनाथ सिंहः** उपसभापति महोदय, मैंने पहले भी ...(**व्यवधान**)... लोक सभा में बोलते हुए ...(**व्यवधान**)... और राज्य सभा में भी ...(**व्यवधान**)...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** सर, मैं आपको और भी बताना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी चुप क्यों हैं और क्यों इसका विरोध नहीं कर रहे हैं? हमें भी कारण बताइए, क्योंकि हमने कहा है कि हम आपके साथ हैं। देश की रक्षा के लिए, एकता के लिए, अखंडता के लिए हम सभी आपके साथ खड़े हुए हैं। सारी अपोज़िशन पार्टीज़ के लोग और रूलिंग पार्टी के लोग सभी साथ में हैं। मेरा यह कहना है कि इतने लोगों के साथ आपने दोस्ती बनाई, लेकिन एक दोस्त नहीं आया और उल्टा आपके विरोध में रहने वाले लोगों की पैसों से मदद करवाई और उन्होंने सारी चीज़ों की मदद की।

उपसभापति महोदय, जब प्रधान मंत्री मोदी जी चुप रहे, तब तीन शीर्ष डिफेंस ऑफिशियल्स ने महत्वपूर्ण खुलासे किए। कौन-से खुलासे किए थे? पहला खुलासा यह है कि 30 मई, 2025 को सीडीएस जनरल अनिल चौहान सिंगापुर में बोले कि ऑपरेशन के पहले दो दिनों में टैक्टिकल मिस्टेक्स हुईं। यह मेरे द्वारा नहीं, बल्कि उन्हीं के द्वारा कही गई बात है। उन्होंने यह कहा। उन्होंने यह कहा कि, "Chief of Defence Staff admits to losing aircraft, 'rectifying' plan to hit Pakistan deep" उन्होंने खुद इसे माना है। मैं उनसे यह पूछना चाहता हूं कि जब आपके लोग बाहर बोलते हैं, "Chief of Defence Staff admits to losing aircraft." उन्होंने इसको बोला है, लेकिन आप नहीं बोलते हैं। ठीक है, यह आपका ही आदमी है, आपका ऑफिसर है, इसलिए मैं यह पूछना चाहता हूं कि इसके बारे में आपकी क्या राय है? सर, 30 मई, 2025 को CDS General Anil Chauhan ने सिंगापुर में बोला था कि ऑपरेशन के पहले दो दिनों में tactical mistakes हुईं। सर, दूसरी बात यह है कि 30 जून, 2025 को इंडोनेशिया में defense attaché ने कहा कि political constraints ने military decision-making को hamper किया। उन्होंने कहा कि गवर्नमेंट जल्दी decision नहीं ले रही है, इसलिए हमें ये दिक्कतें आई हैं। यह उन्होंने कहा है, यानी यह सरकार की गलती है। सरकार ने समय पर उनकी मदद नहीं की, उनकी बात नहीं सुनी, इसीलिए यह हुआ। ऐसा कौन कहते हैं? "India lost jets due to no strike orders on Pak forces. We did lose some aircraft and that happened only because of the constraint given by the political leadership to not attack the military establishments and Pakistan

Air Defences." आप एक तरफ यह जवाब देते हैं और दूसरी तरफ कहते हैं कि लड़ाई हमारे लोग लड़ेंगे। आप 100 miles तो नहीं बोले, लेकिन हमने 100 किलोमीटर अंदर घुसकर यह किया – ऐसा बोल रहे हैं। आपके डिफेंस ऑफिसर्स बोल रहे हैं कि हमें निर्णय ही नहीं लेने देते और निर्णय नहीं लेने देने की वजह से यह सब कुछ हुआ है – ऐसा उन्होंने बताया है। ऐसा हमारा कहना नहीं है, उनका कहना है।

सर, 4 जुलाई, 2025 को सेना प्रमुख ने कहा कि, 'ऑपरेशन सिंदूर में भारत पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन से ही लड़ रहा था।' वह पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन से ही लड़ रहा था - ये बातें उन्होंने कहीं। China gave Pakistan live inputs on Indian deployment. खेलो, झूले में खेलो उनके साथ! आप अहमदाबाद में झूले में उनके साथ खेलो। मैं आपको यह बता रहा हूं कि आज आपका ही एक ऑफिसर यह कहता है और जुलाई, 2025 को यह हो गया। यह वही चीन है, जिसे मोदी जी ने Galwan clash के बाद clean chit दी थी और 19 जून, 2020 को प्रधान मंत्री ने कहा था, 'न तो कोई घुसा है, न कोई घुस आया है।' हमने कहा, सर, आप सत्य बोलिए। आप दिल खोलकर बोलिए, मैं बैठ जाता हूं। यह बोलो या नहीं बोलो, लेकिन यह बोलो। मैंने समझा था कि आप £ नहीं बोलते हैं। मैं पहले मोदी जी के लिए £ शब्द बोलता था, क्योंकि 15 लाख, 2 करोड़, MSP ये, वो आदि-आदि।

**श्री उपसभापतिः** £ शब्द असंसदीय शब्द है।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** ठीक है, 'असत्य।'

**श्री उपसभापतिः** पार्टी ने आपको जो समय दिया था, आप उससे अधिक समय ले रहे हैं। I have no problem ...(**व्यवधान**)... आपकी पार्टी का समय जा रहा है।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** ठीक है, मुझसे गलती हो गई है, लेकिन मुझे Interfere भी किया जा रहा है। आप थोड़ा वह टाइम भी काटिए। इन्होंने clean chit दी थी और 19 जून, 2020 को प्रधान मंत्री जी ने कहा था, 'न तो कोई घुसा है, न कोई घुस आया है।' मैं प्रधान मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि हमारे Defence officials की स्टेटमेंट्स पर उनका क्या कहना है और आपका क्या कहना है?

4.00 P.M.

रक्षा मंत्री जी का क्या कहना है, प्रधानमंत्री जी का क्या कहना है? ...(**व्यवधान**)... मैंने आपको जो भी कागज दिखाए हैं, वे सब तो ऑथेंटिक हैं। फिर ऑथेंटिसिटी की बात मत कीजिए। नहीं तो यह ले लीजिए, आप देख लीजिए, ढूंढ़ लीजिए।

---

£ *Exupnged as ordered by the Chair.*

उपसभापति जी, हकीकत यह है कि हम सांसदों को अंधेरे में रखा गया। हमें सारी जानकारी मीडिया के माध्यम से मिल रही थी और आज भी हमें इसी माध्यम के ज़रिए मालूमात हो रहा है। सर, असल में किसी भी इन्फॉर्मेशन को पहले संसद के सामने रखना चाहिए। खास करके, अगर आप हमें ऐसे सेंसिटिव मैटर से अवगत कराएँगे तो क्लेश नहीं होता, मिसअंडरस्टैंडिंग नहीं होती। देश के हित में चंद बातें नहीं कहनी होती हैं। आपके कहने के बाद, उन्हें हमें भी कहना पड़ता है। हमारा देश बड़ा है। अगर आप सबसे राय-मशविरा लेकर आगे बढ़ेंगे, तो यह देश के लिए अच्छा होगा।

सर, मैं आपसे एक और बात कहना चाहूंगा। सेंसिटिव मैटर्स की चर्चा के लिए हम स्पेशल सेशन की माँग कर रहे थे। हमने इस बात के लिए आपसे रिक्वेस्ट की थी, तो आप भी यह बात कह रहे थे। ...(**व्यवधान**)... मुझे बिठाने वाले आप कौन होते हैं? मुझे कोई नहीं बिठा सकता है। सिर्फ मेरे लीडर्स बिठा सकते हैं या जो मेरे लोग मुझे चुनकर लाते हैं, वे बिठा सकते हैं। मैं सिर्फ पांच मिनट और लूंगा।

**श्री उपसभापतिः** आपकी पार्टी का समय जा रहा है। इससे मुझे कोई आपत्ति नहीं है। इसे आप लोग देखिए।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** डिप्टी चेयरमैन सर, हम माँग करते हैं कि देश के सबसे सुरक्षित इलाके में हुई सुरक्षा और इंटेलिजेंस की इन गंभीर खामियों और गलतियों पर समयबद्ध तरीके से जवाबदेही तय की जाए। कारगिल युद्ध खत्म होने के बाद उस समय की सरकार ने कारगिल रिव्यू कमेटी बनाई थी, जिसकी अध्यक्षता एस. जयशंकर, विदेश मंत्री के पिता के. सुब्रह्मण्यम ने की थी - "From Surprise To Reckoning - The Kargil Review Committee Report." ऐसी ही एक रिपोर्ट तैयार कीजिए कि कहाँ गलती हो गई, क्या गलती हो गई। इससे सब कुछ बाहर आएगा। आप हर बात को छुपाते रहेंगे तो मामला और बढ़ जाएगा। यह रिपोर्ट विदेश मंत्री जी के पिताजी ने भाजपा के समय पर तैयार की थी। कम-से-कम यह तो कीजिए और ढूँढ़ निकालिए कि क्या गलती हो गई। आप यह भी करने के लिए तैयार नहीं हैं! इस कमेटी ने 15 दिसंबर, 1999 को अपनी रिपोर्ट दी थी और वह 23 फरवरी, 2000 को दोनों सदनों में रखी गई थी। हम डिमांड करते हैं कि इस मामले में भी ऐसी ही समीक्षा हो। आप बताइए कि किसकी गलती हुई, किससे चूक हुई। यह देश के इंटरेस्ट में है। हम आपको ह्यूमिलिएट करना, आपकी इंसल्ट करना, आपको कुछ कहना नहीं चाहते हैं। हमने यह नहीं सीखा है? हमने मदद करनी सीखी है, लेकिन किसी को दोष देना नहीं सीखा है। देश बड़ा है, इसलिए हमें मिलकर काम करना है। मैं प्रधान मंत्री जी से यह भी कहूँगा कि अपनी सारी गलतियों और विफलताओं के लिए कॉंग्रेस को ब्लेम करना बंद कीजिए। उनके शिष्यों से भी यह कहना चाहता हूँ कि आप अपना काम करिए, हमें दोष देने से आपको कुछ नहीं मिलेगा। प्रत्युत्तर मिलेगा, जिसका आप उत्तर भी नहीं दे पाएँगे। लीडरशिप का मतलब होता है जिम्मेदारी लेना, न कि किसी को दोष देना। आप लीडर्स हैं, आप जिम्मेदारी लीजिए। प्रधान मंत्री जी, आप बोलिए। शायद वे आज नहीं तो कल यहां इंटरवीन करेंगे। वे उत्तर नहीं देंगे, इंटरवीन करेंगे, क्योंकि वे दूसरों को जवाब देना नहीं चाहते हैं। उन्होंने अपने दोस्तों को, मिनिस्टर्स को छोड़ दिया है कि तुम जाओ और जो कुछ भी आपको कहना है, वह कहो और मैं फिर बाद में आकर कुछ...

आज तक ऐसा किसी प्राइम मिनिस्टर ने नहीं किया। प्राइम मिनिस्टर कभी न कभी डिबेट में पार्टिसिपेट करते ही हैं, लेकिन 11 साल में इन्होंने किसी डिबेट में पार्टिसिपेट नहीं किया। वे सदन में आकर नहीं बैठते हैं।मैंने एक बार उस हाउस में बोला था। जब वे आ रहे थे, तब सुषमा स्वराज जी ने कहा कि वे आ गए, उनके दर्शन कीजिए, तब मैंने कहा कि दर्शन करने की क्या बात है, क्या वे भगवान हैं! तब पूरा हाउस हंस पड़ा। ...(**व्यवधान**)... ऐसा हाउस में हुआ था। राजनाथ सिंह साहब को और सबको यह मालूम है। मेरा कहना यही है कि एक व्यक्ति को इतना भी बढ़ावा मत दीजिए और उसको भगवान मत बनाइए। डेमोक्रेटिक सिस्टम से आए हुए आदमी को डेमोक्रेटिकली जितनी इज्जत मिलनी चाहिए, उतनी दीजिए, लेकिन भगवान बनाकर उसकी पूजा मत कीजिए। इससे देश का नुकसान होता है। ...(**व्यवधान**)... बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने भी यही कहा है, "Bhakti in religion may be a road to salvation of the soul. But in politics, वह डिक्टेटरशिप की तरफ जाती है। ...(**व्यवधान**)... आपने उनको प्रधान मंत्री बनाया, तो उसका काम करने के लिए आप मदद करो, लेकिन लोगों को गालियां देने के लिए मत छोड़ो। जैसा हमारे देहातों में कहते हैं - माफ करना, क्योंकि मैं देहाती भी हूं, सेमी अर्बन हूं और मेट्रोपॉलिटन सिटी का भी आदमी हूं - तो कभी लोगों को अपने गाय-बछड़ों को चराने के लिए जगह नहीं होती है, तो वे उन्हें सरकारी गायरान में छोड़ देते हैं। सरकारी गायरान होता है, पता नहीं इसको आपके यहां क्या कहते हैं। वे चारा खाने के लिए सरकारी गायरान, सरकारी जमीन पर छोड़ देते हैं। ...(**व्यवधान**)... कोई भी वहां पर छोड़ सकता है। वैसा आप मत करो, साहब! ...(**व्यवधान**)... इसीलिए सर, मैं आपसे यह विनती कर रहा हूं।

सर, अप्रैल में मैंने खुद सबसे पहले बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा कि हम हर कदम पर सरकार के साथ हैं। मैं पहला आदमी हूं, जिसने बेंगलुरु से प्रेस कॉन्फ्रेंस करके 1 घंटे में यह कहा, क्योंकि हमको देश चाहिए। हम और आप मिलकर अगर देश को बनाएंगे, तो देश बनता है, लेकिन एक-दूसरे को अगर कुचलने का काम करेंगे, तो देश नहीं बनेगा और आपका भी नाम इतिहास से मिट जाएगा। सरकार जो कदम उठाएगी, हमारा सरकार को पूरा समर्थन रहेगा, यह हमने कहा था, लेकिन सरकार को अपने गिरेबान में भी झांककर देखना चाहिए। जब हम आपके साथ चट्टान की तरह खड़े थे, तो आप क्या कर रहे थे? आप यह कर रहे थे, भारत तैयार है ऐसा एक मेरा फोटो डालकर आपने ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** प्लीज़, ...(**व्यवधान**).... माननीय खरगे जी, आप अपनी बात खत्म करें। 16 मिनट का समय ...(**व्यवधान**)... नियमतः आप पोस्टर नहीं दिखा सकते हैं। Follow the rules. ...(**व्यवधान**)... लीडर ऑफ दि अपोज़िशिन से उम्मीद की जाती है कि वे ....(**व्यवधान**)... Please do not show these things. *...(Interruptions)...* No, please. *...(Interruptions)...* किसी तरह का पैम्फलेट, पोस्टर दिखाना मना है, प्लीज़। It will not go on record. *...(Interruptions)...*

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** देखिए, हम आपको सपोर्ट कर रहे हैं, आपके पीछे हैं, चट्टान की तरह हम खड़े हैं, लेकिन हमको यह कहते हैं!

Contents Page

**श्री उपसभापतिः** नहीं, आप इसे नहीं दिखा सकते।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** हमने 55 साल से गवर्नमेंट में काम किया, बाहर काम किया और मैं पॉलिटिक्स में हूं। 60साल से मैं पॉलिटिक्स में काम कर रहा हूं। मैं 55 साल से हुकूमत में हूं, यानी एमएलए, एमपी, कुछ न कुछ आपके आशीर्वाद से मुझे मिला है, लेकिन आप मुझे यह सजा देते हैं! ...(**व्यवधान**)... आजादी की लड़ाई में आपने कभी हिस्सा नहीं लिया। ...(**व्यवधान**)... ऐसे लोग बैठकर, आप मजाक कर रहे हैं और हमारी धज्जियां उड़ाने की बात करते हैं। सर, मैं यह कहूंगा कि विपक्षी नेताओं को बदनाम करना, यह आपकी असलियत, यह आपका असली चेहरा, चाल और चरित्र, यह सरकार के चैनल, दूरदर्शन का 8 मई का प्रोग्राम है। इसलिए जब सरकार का प्रोग्राम ही ऐसा होता है, तो कितना विष आपमें भरा है, कितना पॉइज़न आपके दिल में भरा है! यह दूरदर्शन का 8 मई का प्रोग्राम है। साहब, अगर आप हां में हां नहीं मिलाएंगे, तो आपकी गति मेरी जैसी ही होगी।

**श्री उपसभापतिः** आप अपनी बात कहें, जो कहना है। हमारी गति की बात न कहें, प्लीज़।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगेः** सर, बस इस बात के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

**श्री उपसभापतिः** माननीय लीडर ऑफ द हाउस।

**श्री जगत प्रकाश नड्डाः** माननीय उपसभापति जी, अभी माननीय विपक्ष के नेता ने एक लंबा वक्तव्य दिया है। उस वक्तव्य में बहुत सी बातें कही गई हैं। कुछ होम मिनिस्ट्री से संबंधित, कुछ डिफेंस मिनिस्ट्री से संबंधित, कुछ अन्य मिनिस्ट्रीज़ से संबंधित हैं, सभी के जवाब दिए जाएंगे। इस डिबेट में उस समय विपक्ष के नेता ने यील्ड नहीं किया, इसलिए मुझे उस समय बीच में बोलने का मौका नहीं मिला। मैं देख रहा था कि वे हमारे बड़े वरिष्ठ नेता हैं और लंबा अनुभव है, लेकिन वक्तव्य में उनके स्टैचर के अनुसार शब्दों का जो उपयोग होना चाहिए था, उनका उपयोग नहीं हुआ। उन्होंने जिन शब्दों का उपयोग किया, वे उनके स्तर से नीचे थे। इसलिए मैं आपसे पहला निवेदन करूंगा कि उन शब्दों को एक्सपंज कर दिया जाए, जो शब्द स्तरविहीन थे।

दूसरी बात, वे हमारे बड़े वरिष्ठ नेता हैं, लेकिन जिस तरीके से उन्होंने माननीय प्रधान मंत्री जी पर टिप्पणी की है, मैं उनकी तकलीफ समझ सकता हूं। उन्होंने 11 साल से उनको वहां बैठाए रखा है। He happens to be the most popular leader of the world. Our hon. Prime Minister is the most popular leader of the world! दुनिया के! हमारी पार्टी को गर्व भी है और गौरव भी है। अगर वे हमारे प्राइम मिनिस्टर हैं, तो यह पार्टी के लिए गौरव का विषय है, तो देश के लिए भी गौरव का विषय है। लेकिन आप पार्टी से इतने जुड़ गए हैं कि देश का विषय गौण हो जाता

Contents Page

है और इसलिए आपकी तकलीफ में आपने * खोकर उन शब्दों का प्रयोग किया और उस तरीके से ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will see it. ...*(Interruptions)*...

**श्री जगत प्रकाश नड्डा:** मैं अपने शब्द वापस लेता हूं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति:** उन्होंने अपने शब्द वापस लिए। ...(**व्यवधान**)...

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: I take back my words. ...*(Interruptions)*... I take back my words. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He has taken back his words. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: I have taken back my words. ...*(Interruptions)*... अब सुनिए। ...(**व्यवधान**)... भावावेश में। ...(**व्यवधान**)... आप on record 'भावावेश' कर दीजिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He has corrected himself. ...*(Interruptions)*...

**श्री जगत प्रकाश नड्डा:** उन्होंने भावावेश में जो शब्द बोले हैं, वे शब्द उनकी पार्टी और उनके व्यक्तित्व से मेल नहीं खाते हैं। ...(**व्यवधान**)... उनको निश्चित रूप से expunge करने की कृपा करें। यही मैं कहना चाहता हूँ। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please go back to your seats. ...*(Interruptions)*... Pramod Tiwariji...*(Interruptions)*... पहले आप सब लोग अपनी सीट्स पर जाएँ। ...(**व्यवधान**)... प्रमोद तिवारी जी, मैं आपको बुला रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... पहले आप सब अपनी सीट्स पर जाएँ। ...(**व्यवधान**)... एक मिनट। पहले सारे लोग अपनी सीट्स पर जाएँ । ...(**व्यवधान**)... I will allow the hon. Leader of the Opposition. Please, go back to your seats. ...*(Interruptions)*... Go back to your seats. He has taken back his words. ...*(Interruptions)*... Please go back to your seats. ...*(Interruptions)*... माननीय एलओपी। ...(**व्यवधान**)... Please go back to your seats. ...*(Interruptions)*... जब तक आप पीछे नहीं जाएंगे, तब तक माननीय एलओपी की बात रिकॉर्ड पर नहीं जाएगी। ...(**व्यवधान**)... आप सब अपनी सीट्स पर जाएँ। ...(**व्यवधान**)... आप अपनी सीट्स पर जाएँ। ...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्य, पहले आप अपनी सीट पर जाएँ, तब माननीय एलओपी बोलेंगे।

* Withdrawn by hon. Member.

...(**व्यवधान**)... पहले आप अपनी-अपनी सीट पर जाएँ । ...(**व्यवधान**)... पहले आप अपनी सीट पर जाएँ। ...(**व्यवधान**)... तो क्या आप माननीय एलओपी को बोलने देना नहीं चाहते? ...(**व्यवधान**)... माननीय एलओपी को बोलने देना नहीं चाहते? ...(**व्यवधान**)... माननीय एलओपी आपसे अनुरोध है कि आप अपने सदस्यों से कहें कि अपनी सीट पर जाइए। आप माननीय एलओपी को बोलने देना नहीं चाहते? ...(**व्यवधान**)... Please, go back to your seats. ...(*Interruptions*)... माननीय अखिलेश जी, प्लीज़ बैठ जाइए। आप सब लोग अपनी सीट्स पर बैठें। ...(**व्यवधान**)... नहीं, नहीं। आप बैठिए। माननीय एलओपी।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे:** सर, मैं हमेशा इस सदन में दो-चार मंत्रियों का बहुत आदर करता हूँ, जिनमें से एक नड्डा साहब भी हैं।

**श्री उपसभापति:** आपकी सूचना के लिए, उन्होंने अपने शब्द वापस लिए हैं।

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे:** सर, आप सुनिए। ...(**व्यवधान**)... राजनाथ सिंह साहब भी हैं। ऐसे चंद मिनिस्टर्स हैं, जो अपना balance खोए बिना बात करते हैं। ये मुझे बोल रहे हैं कि [£] नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति:** वह शब्द वापस हो गया है। अब वह रिकॉर्ड पर नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे:** सर, यह शर्म की बात है। ...(**व्यवधान**)... उनको माफी माँगनी चाहिए। ...(**व्यवधान**)... तब तक मैं छोड़ने वाला नहीं हूँ। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति:** धन्यवाद। ...(**व्यवधान**)... Please go back to your seats. ...(*Interruptions*)...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे :** तब तक मैं छोड़ने वाला नहीं हूँ। ...(**व्यवधान**)...

DEPUTY CHAIRMAN: Please go back to your seats. ...(*Interruptions*)...

**श्री मल्लिकार्जुन खरगे:** उनको माफी माँगनी चाहिए। ...(**व्यवधान**)... तब तक मैं छोड़ने वाला नहीं हूँ।...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति:** माननीय The Leader of the House.

---

[£] *Exupnged as ordered by the Chair.*

**श्री जगत प्रकाश नड्डाः** सर, ...(**व्यवधान**)... सर, मैंने पहले कहा कि विपक्ष के नेता बहुत ही आदरणीय हैं। हम उनका आदर करते हैं। मैंने शब्द वापस लिए। आपकी भावनाओं को ठेस पहुँची है, तो मैं उसके लिए क्षमा भी माँगता हूँ। ...(**व्यवधान**)... लेकिन, भावावेश में आप भी बहुत बह गए। ...(**व्यवधान**)... आप इतने बह गए, इतने बह गए ...(**व्यवधान**)... साहब, आप इतने बह गए, इतने बह गए कि आप प्रधान मंत्री की गरिमा का भी ध्यान नहीं रख पाए। हमें इस बात का दुख है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** माननीय सदस्यगण, मैं अगले वक्ता को बुलाऊँ ...(**व्यवधान**)... प्लीज़, प्लीज़। आप अपनी सीट पर बैठें। ...(**व्यवधान**)... सभी लोग अपनी सीट्स पर बैठें। ...(**व्यवधान**)... रेखा जी, please take your seat. ...*(Interruptions)*... श्रीमती रेखा शर्मा, please take your seat. ...*(Interruptions)*... माननीय सदस्यगण, मैं अगले वक्ता को बुलाऊँ, उसके पहले मैं आपसे पुनः दो अनुरोध करना चाहूँगा। मैंने सुबह ही आपसे अनुरोध किया था कि सदन की परम्परा और व्यवस्था के अनुसार, कृपया बहस शुरू होने के आधे घंटे पहले अपने नाम भेजें। यहाँ यही परम्परा रही है। अभी शाम तक मेरे पास नाम आते रहे। जो भी नाम आया, मैंने उसकी इजाजत दी। कृपया नियम का पालन कीजिए और समय के तहत बोलने के लिए अपना नाम यहाँ भेजें। दूसरी चीज, जब भी आप अपना नाम भेजते हैं, तो आप जिस भाषा में बोलना चाहते हैं, अगर उसका उल्लेख कर देंगे, तो सुविधा होगी। मैं श्रीमती सागरिका घोष को आमंत्रित करता हूँ।

SHRIMATI SAGARIKA GHOSE (West Bengal): [&] Hon. Deputy Chairperson, I rise to speak today. At the outset, I wish to express my deepest condolences for the victims of the Pahalgam massacre, and to those who were injured or killed in the cross-border shelling in border areas. Our sympathies and solidarity are with all the residents of border areas like Poonch, Rajouri, and Uri. No matter how much we debate in this House, those innocent lives will not return.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI) *in the Chair.*]

Regarding Operation Sindoor, the Prime Minister has said, There is no blood in my veins, only sindoor flows through them. But we refuse to accept this. We will say Prime Minister, you have no sindoor in your veins. We will say only politics flows through your veins. प्रधान मंत्री जी, आपके नस में सिंदूर नहीं है, आपके नस में सिर्फ राजनीति है। You do not have *sindoor* in your veins; you only have politics and more politics in your veins. If indeed sindoor did flow in the Prime Minister's veins, then how did such a massive security lapse occur on April 22? How did terrorists infiltrate Pahalgam? It was your negligence. It was due to your lack of accountability. And yet, no one has

[&] English translation of the original speech delivered in Bengali.

Contents Page

been held responsible for this grave security failure. If the Prime Minister truly had sindoor in his blood, why is the Indian cricket team playing against Pakistan? The Centre claims it is working to isolate Pakistan; then, why has the Indian team been permitted to play with Pakistan in the Asia Cup, 2025? Why? Is it because it is a big money tournament? Where are principles? Where is the diplomacy? No, Prime Minister; you do not have sindoor in your veins — only politics. *...(Interruptions)...*

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** माननीय सदस्य, कृपया आपस में बात न करें।

SHRIMATI SAGARIKA GHOSE: आपके नस में सिंदूर नहीं है, आपके नस में सिर्फ राजनीति है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** प्लीज़, प्लीज़ ...(**व्यवधान**)... कृपया आप बैठ जाएँ। ...(**व्यवधान**)...

SHRIMATI SAGARIKA GHOSE: [&] If sindoor truly flowed in the Prime Minister's veins, why has he not yet visited the border villages where innocent people were injured in the shelling — where children were wounded, homes destroyed, schools razed? While the Prime Minister travels the world and embraces global leaders, why has he not embraced the wounded children in these border areas? After the Pahalgam attack, why did the Prime Minister following his return from Saudi Arabia not meet the families of the deceased? Why did he first rush to Bihar to address an election rally?

Why did he not wipe the tears of the martyrs' families in Pahalgam before campaigning? Why politicise death? Why are you playing politics over dead bodies?" Why are you playing politics with dead bodies? Because the Prime Minister does not have sindoor in his veins, only politics.

The Trinamool Congress has always stood by our brave soldiers against terrorism and Pakistan-backed militants. But that does not mean, we will not question the Government. True patriots ask questions to make the nation stronger. A true patriot asks questions only to make the country stronger. We are witnessing the failure of administration in Jammu and Kashmir. To this day, no one has been held accountable for the security lapse in Pahalgam — Because the Prime Minister does not have sindoor in his veins, only politics. The word empathy is missing from the Central Government's vocabulary. The word 'empathy' does not exist for this Government. यह सरकार हमदर्दी शब्द को भूल चुकी है। During Operation Sindoor, what

---

[&] English translation of the original speech delivered in Bengali.

was the BJP doing? They were busy putting up war-time posters of the Prime Minister — as if it were he, and not our brave soldiers, who were fighting the war. ...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** आप कृपया बैठ जाएँ, बीच में disturb न करें।

SHRIMATI SAGARIKA GHOSE: [&] Why was the Prime Minister's photo shown wearing military uniform? Is that empathy — or politics?...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** आप कृपया बैठ जाएँ।

SHRIMATI SAGARIKA GHOSE: [&] Twenty-six people died in Pahalgam. Sixteen people died in the border regions. Hindus, Muslims, Sikhs — people of all faiths — have perished. But did the Central Government show any real concern about Poonch? ...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** आपको बाद में समय मिलेगा, आप बैठें।

SHRIMATI SAGARIKA GHOSE: [&] Only a single leader worried about the border areas. Our leader, Ms. Mamata Banerjee. Others were impressed by the war rhetoric on TV. But Mamta Banerjee instructed us to go to the border villages, witness the reality, help the people, and stand beside them. While the Prime Minister never went to Poonch & Rajouri, we did. A five-member delegation from the Trinamool Congress went, on our leader's instructions, to the affected villages and towns — places no one had visited, where no one had asked the people, How are you? We were delivering a message of compassion, while the BJP was delivering election speeches. I want to ask the Central Government — during the mock drills before Operation Sindoor, why were the border areas not evacuated? Why were the border villages not evacuated before Operation Sindoor? Why were they left as sitting ducks for Pakistani shelling? Why weren't civilians relocated to safer zones? If sindoor flows in your veins, where is the compassion? We saw immense suffering in the border villages and towns. These places are directly in the line of fire during wartime, yet they are the most vulnerable and neglected. Sixteen people were killed and 88 injured in cross-border shelling during Operation Sindoor. In Poonch, we visited the Thakur family home. A massive shell fell through the roof into their bedroom while they were

---

[&] English translation of the original speech delivered in Bengali.

Contents Page

sleeping, destroying the entire house. We met Amarjeet Singh's family. He was hit by shrapnel and rushed to Poonch district hospital, which failed to provide proper treatment. His two young children will never see their father again. We visited a Christian school where twin siblings, Urfa Fatima and Zain Ali, died from a shell attack at home. Another student lost his hand due to injury. Fourteen-year-old children — dead or maimed. We learned that a beloved schoolteacher, Kari Mohammad Iqbal, died from shelling. The 'Godi media' falsely branded him a terrorist and spread fake news that he died in Pakistan. People of all faiths — Hindus, Muslims, Sikhs — have been victims of Pakistan's shelling. Yet this Government and its supporters keep chanting 'Hindu-Muslim, Hindu-Muslim.'

Let me say something here about the media. As a journalist, I am deeply saddened and angry at how the Government manipulates the media to spread fake news. During wartime, spreading disinformation is a crime. Lying to citizens during a crisis is wrong. Our national motto is Satyameva Jayate — Truth alone triumphs. But this Government does not believe in truth. The Prime Minister does not hold press conferences, does not answer questions, does not speak the truth to the nation. Instead, the media spreads government-fed lies. A truly patriotic government would speak the truth first — and earn the people's trust. If sindoor truly flows in your veins, why are you afraid of the truth?

From Poonch, we went to Rajouri, where the District Magistrate, Rajkumar Thapa, was killed by a shell in his own home. In Rajouri hospital, we met 16-year-old Rafia, who was seriously injured. Through tears, she asked me, "Didi, will I walk again? Will I run again?" So many questions remain. Why is there no proper security in the border areas? Why are there no good hospitals? Why haven't bunkers been built in homes? Why is the Centre shirking responsibility for the safety of border villages?" Why is the Central Government not taking responsibility for the safety and security of the border villages? What is it doing about the border villages?" You only print posters, but we have seen the ground reality in Poonch and Rajouri — where people are left to their fate. All they needed was a healing touch, which your Government completely failed to provide. You have been unable to provide the healing touch. And the reason you couldn't — is because you have no sindoor in your veins. Only politics.

Pahalgam was a massive security failure. It cannot be forgiven. The Baisaran meadow, where the terrorist attack happened, is a major tourist spot with thousands of daily visitors. Why was it not secured? Why was no force deployed there? The Home Minister claimed in an all-party meeting that the administration had no knowledge that tourists were present in Baisaran. He even said terrorists went there

without police permission. But in reality, no police permission is ever required to visit Baisaran. The Home Minister's statement is not correct. Where is the accountability? Where is the responsibility? How much more irresponsibility will be tolerated? Can there be a more shocking and complete abdication of all responsibility and accountability on the part of the Central Government which lacks empathy, which lacks accountability, which lacks responsibility and which cannot take responsibility when 26 innocents have died on its watch? Kashmir's security is directly under the Centre. The responsibility for the breach lies squarely with the Centre. How long will the Home Minister avoid accountability? Why hasn't the Lieutenant Governor of Kashmir — who considers himself J&K's supreme ruler — resign? Why hasn't the Home Minister resigned? Any self-respecting Home Minister and the Lieutenant Governor of Kashmir would have resigned by now. The Government falsely claims that Kashmir is normal. They keep spreading this.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** मिथ्या शब्द भी झूठ का ही प्रारूप है। ये दोनों शब्द निकल जाएंगे।

SHRIMATI SAGARIKA GHOSE: [&] But if Kashmir is truly normal, why did such a huge attack happen at Baisaran? The administration failed. Intelligence agencies failed. The answer to "Is Kashmir normal?" is a resounding 'no'. In 2018, there were 228 terrorist attacks. In 2019, over 150. In 2020, over 100. In 2021 and 2022, again over 100. In 2023, more than 50 terrorist attacks. And the Centre still says everything is normal. Our soldiers are dying. In 2018, 91 jawans lost their lives. In 2019, 80. In 2020, 63. If Jammu and Kashmir were normal, why so many attacks? Why are Kashmiri Pandits afraid to return? In 2019, the Centre revoked Jammu and Kashmir's statehood, promising peace and prosperity. Before the elections, the Prime Minister promised to restore statehood — but hasn't fulfilled that promise. To this Government, Kashmir is just a piece of land. But after Pahalgam, ordinary Kashmiris took to the streets in protest against terrorism — yet your cheerleaders and media cell labelled them with derogatory names. You refuse to recognise that Kashmir is the heart of India's multi-religious, multi-cultural identity. It's not just about building roads and bridges. It's about building trust and relationships. But you divide and rule —you always say, Hindu-Muslim, Hindu-Muslim. That is why we say: Prime Minister, there is no sindoor in your veins — only politics.

[&] English translation of the original speech delivered in Bengali.

Contents Page

प्रधान मंत्री जी आपकी नस में सिंदूर नहीं है, आपकी नस में सिर्फ राजनीति है। Now, on the matter of the India—Pakistan ceasefire — the Central Government has given no clarification. Donald Trump has taken credit for the ceasefire 27 times. If this is false, why has the Government not objected? Compare this with 1971, when Prime Minister Indira Gandhi never bowed before US President Nixon or accepted his terms. Today, it seems the Centre is subservient to the United States. Why is this Government kneeling before the United States? We want to say that our brave soldiers have sacrificed their lives. Border villagers have been devastated. Helpless tourists have been killed. And yet, all you do is play politics.

For the BJP, Operation Sindoor is just an election issue. But we come from the land of Netaji Subhas Chandra Bose and Swami Vivekananda. We know what true patriotism is. Bose's nationalism was not for electoral gain — it was to strengthen and unite the country. No; hon. Prime Minister, you do not have sindoor in your veins. You have only politics. You are dividing India — dividing Bengalis and Bengali-speaking people by calling them Bangladeshis. You are weakening the country. You are playing the Divide and Rule politics. That is why we say: No, Prime Minister, you do not have sindoor in your veins. Only politics flows through your veins. प्रधान मंत्री जी आपकी नस में सिंदूर नहीं है, आपकी नस में सिर्फ राजनीति है, सिर्फ राजनीति है। You do not have *sindoor* in your veins; you only have politics and more politics in your veins. Thank you.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** धन्यवाद, माननीय सदस्य, आप अपना स्थान ग्रहण करें। श्री तिरुची शिवा।

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, at the outset, on behalf of DMK Party, we extend warmest greetings and gratitude to our soldiers for their commendable and exemplary gallantry and valour shown during Operation Sindoor for protection of the civilians and the borders. Also, we express solidarity in joining with the bereavement of the families who were victims of Pahalgam attack.

Sir, there are many unanswered questions. I have to say something which is very, very important. In this situation, we have to appreciate the parties in the Opposition. Our genuine questions were not answered by the Government during the Pahalgam attack and post Operation Sindoor; even our demand for a Special Session to discuss that was not accepted. Our questions were just blown in air and were not heard. In spite of that, when the Government constituted some delegations to go to various countries, the Opposition, without hesitation, joined the delegation to express that we are with the nation. There is no ambiguity. When the nation is coming

forward to combat terrorism, we join with them. And what happened? The entire delegations went is a different question. I would like to remind you that our founder leader, Anna once went to the U.S. and addressed the students in Yale University. One question was asked: "Can you criticize about the foreign policy of your nation?" Anna very clearly told that we have many issues which we settle on our soil but not on a foreign soil. Likewise, we joined the delegation. We represented the Government, we briefed them and came back. But now our question is: How many countries were visited? How many countries extended support? Our delegation, constituting the Members of Parliament, were met by whom? Were they Members of Parliament? Was it a committee or were they competent to represent their country to assure support to what we have done? It is still unanswered. There is another thing. The Prime Minister once famously called him the son of God. Many were criticizing but I humbly accept his statement for only one reason that he is also invisible. He is not seen at all. He boasts much about Operation Sindoor, about the nation. The Leader of the House very gladly, proudly said with a loud voice that globally he is the topmost leader. Where is the Prime Minister? We want to see him. He is such a top leader who has won the glory across the world. We just want to see him. Never has he turned, never has he respected the Parliament. Our country is working on the principle of parliamentary democracy. During Manipur violence, we have been demanding: Please come. Let the Prime Minister come because hundreds of lives have been taken away, thousands of houses have been burnt and lakhs of people have been displaced. Still, it is not over. What is going on? The Government of their party was there. Please come. They did not turn up. The Home Minister turned up but do you know what name we earned! The Opposition parties are disrupting the Parliament without functioning. It is not disruption, Sir. We are demanding. What is Parliament meant for? It is to debate, to deliberate and to decide. One should not forget that the very basic fact is, the Government is accountable to the Parliament and the Parliament is answerable to the people. Where else would you go? If you address a mammoth gathering of lakhs of people, it will only reach people there but if something is said in the Parliament, it is authoritative, authenticative and it would reach the whole world. Why have you not turned up even once in the past? So, also in the Pahalgam, so also in Operation Sindoor. You are talking much. We hear your voice in *Mann ki Baat*, which we do not understand. You are seen waving your hands and getting into an aircraft. Waving, going and coming, we see that only. But where is he in the Parliament? The Parliament is supreme, we consider it so. So, when we raise our voices and when it is not heeded by the Ruling Party, we continue our demand, we make noise. Of course, the Parliament is meant to raise voices but when

the Parliament is adjourned or disrupted, the name depicted on the Opposition parties or the name branded upon us is that we are obstructing the Parliament proceedings. I would like to make it clear. Again, I would make use of this opportunity since the Parliament's forum speech goes to the people. The people should kindly understand that it is not the Opposition parties who obstruct the proceedings of the House but it is only the Ruling Party, the Treasury Benches, who have equal responsibility for the smooth functioning. They are not cooperating to this. We have seen smirky smiles. Whenever we ask for something, whenever we speak, we see something else which is very unbecoming. We are also respectable people. We are also from very respectable parties. We command respect among the people. Why should we see a smirky smile whenever we talk? Even when the Leader of Opposition is speaking! Normally, the convention is when a Member is speaking and if anyone from the Treasury Benches wants to intervene, if the Member yields, the floor would be given. I can recall. One day, when hon. Leader of the House, Nadda*ji* was speaking, when I stood up, he yielded. And, mic was given to me. But, now it is totally different. What happens is: Even when the Leader of the Opposition is not yielding, not just the Leader of the House, but whoever in the Treasury Benches gets up, immediately mic is given to them and his mic is disconnected! Where is democracy? *...(Interruptions)...* Yes, that is happening. Where is democracy? The speaker who has been given the floor has the right to speak within his time and if anyone interrupts or intervenes... *...(Interruptions)...* I shall. *...(Interruptions)...* First of all, I should speak about democracy. Everything is there. Not only on Operation Sindoor, but I have to speak much about Pahalgam for which you have to answer..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Please. ....*(Interruptions)...* Tiruchi Siva, please. *...(Interruptions)...*

SHRI TIRUCHI SIVA: Sir, they have not answered any of our questions. *...(Interruptions)...* No Special Session was convened. I have a right to speak and nobody can dictate to me. My party has sent me here and I am doing what I have to do. If I am speaking anything unparliamentary, unethical, and which is totally away from the subject, you can ask me. I myself will have to bear the brunt of not speaking well.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Siva*ji*, you please speak.

SHRI TIRUCHI SIVA: Sir, I am coming to the point. Parliamentary democracy does not exist. The hon. Prime Minister, even during this discussion has not come to Parliament! Before the commencement of every Session, an all-party meeting is convened. Not even once we have seen the hon. Prime Minister in these years. That is the respect given to us. ...*(Interruptions)*... Even after Pahalgam attack, an all-party meeting was convened and only the hon. Home Minister came. We all asked: Where is the hon. Prime Minister? It is because the situation was so bad. In the Baisaran Valley, 26 innocent people had been killed! We sat to discuss about it. Where is the hon. Prime Minister? Not that he had gone abroad that we can accept, but, he was in Bihar! That too for an election campaign! So, what is the importance given to the Parliament and the political parties is a big question that has to be answered. This is not acceptable. It is not a blaming game. I am not pointing fingers at them. Kindly correct your way of approach towards the political parties and giving importance to the Parliament. What had happened in Pahalgam? First of all, before you talk about Operation Sindoor, you have to speak about Pahalgam. Why has it happened? It happened on April 22nd. On April 19th, the hon. Prime Minister's schedule was to visit Jammu & Kashmir. It was cancelled because of intelligence inputs. The meeting was held virtually. Three days before such a fatal incident, when the hon. Prime Minister was not allowed to go there, why were innocent people allowed to go to a place which is highly sensitive? It was high security zone where they were killed. Three terrorists, as per their saying, who have supposed to come from Pakistan, very coolly entered into India. They have come to a place, took time, collected all the people at one place, selected the people, shot them and walked off coolly and just went away. Vanished! Call whatever it may be. They coolly walked into the forest. And, Sir, everyone was telling that no security person came during those forty minutes. Kindly, with genuine heart and reasonable approach, answer us. After abrogation of Article 370, security of the people and law and order shifted from Srinagar to the North Block. So, now, the answer or the ball is in the court of the Home Ministry. Who is responsible for that? When the hon. Prime Minister is not allowed to go, why were the innocent tourists allowed to go there? Sir, since three months we have been asking for a debate. They waited, waited, waited, till yesterday! I say, the hon. Home Minister--in a lighter vein or in a good sense--is known for suspense. I remember August, 2019, in the earlier historical Parliament building, when we all were there, one day he walked without any agenda, without anything listed in the List of Business, moved the Constitution (Amendment) Bill. That was abrogation of Article 370. There was huge ruckus in the House as to how it could happen. Many were against the Bill. That is different. When I raised a point of order that when it is not listed in the

Contents Page

Business, it could not be taken up, then the Chair directed and the Supplementary List of Business was issued. And then it was brought and with the majority, they did it; okay. Likewise, today also he has come saying, "We have killed the three terrorists after three months." In between, in May, two persons were arrested who were suspected to be harbouring these terrorists. For more than two months, you have been interrogating. The NIA has been asking for time. What information was collected? Where else will you tell than the Parliament? We have got every right to ask, when the Parliament is in Session, and the Government is bound to reply to the Opposition parties, not to us, but to the people and to the nation. But nothing happened. What was the information collected? What happened yesterday? All these things are different. Because of the abrogation of Article 370, the law and order situation, the administration switched off from elected Government to unelected officials. And the casualty was 'trust', 'security' and 'safety of the people'. They were not answerable. Many things happened; nobody even questioned. How can you strip off the statehood from a State without any reason? What does Article 1 say? It says, "India, that is *Bharat*, shall be a Union of States." What does Article 3 say? Sir, I am not going away. Article 3 very clearly says, "Formation of new States and alteration of areas, boundaries or names of existing States: Form a new State by separation of territory from any State or by uniting two or more States or parts of States or by uniting any territory to a part of any State; increase the area of any State." This is it. Nowhere is it said that a State should be demoted to be a Union Territory. So you are trying to bring it under the control of the Union Government; okay. Did you take the responsibility? Six years have passed. In the first five months of this year itself, there were four attacks by the terrorists against the civilians. As per the intelligence sources, 310 infiltration attempts were recorded along the Line of Control. When? It was in early 2025. Sir, there were 310 infiltrations crossing the border of LoC. Kindly reply to us. Again I say, I am not pointing a finger, I am not blaming you, you are responsible to reply to our genuine reasonable questions. Kindly tell us. It is not to us, it is to the people. 310 infiltrations indicate a sharp uptick in the hostile entries in the country, in the border areas in the past several years. That is under your administration. When the Union Home Ministry has taken the control of J&K, within four or five months, 300 infiltrations have taken place and you have not done anything to stop that. Don't we have the right to ask "Why is it so?" Had it been done, this would not have happened. As per the intelligence sources, there is poor coordination between the security and the administration. It is such a sensitive place. When the hon. Home Minister was replying, the hon. senior Member, Mr. Chidambaram asked, "Where did they come from? Are they from Pakistan or India?" It was said, "Oh! You

Contents Page

are supporting the terrorists?" No, not at all! Just give us a proof as to where they were from and how they have been shot dead? Who are the three? Are they the same three terrorists? What is the proof? You have to tell us. The Home Minister gave two proofs. One is voter ID card, which I think the SIR will not accept as a proof or validate for citizenship. He told that the voter ID proved that he was a citizen of Pakistan, and the chocolates they had were manufactured and made by Pakistan.

Sir, these pens are from China. It is written in Chinese. Will you call me a Chinese person? Am I a Chinese citizen? This is something I don't understand! What was your retaliation? Some terrorist attack had happened, you neither protected the people nor saved them. What was the compensation given to the victim's families? The State Governments of Tamil Nadu, Maharashtra and Karnataka gave compensation. In Karnataka, BJP accused why compensation has not been increased! What have you done? But, people and families of those who have lost their lives in the terrorist attack have very clearly said, 'We don't want money. We don't want jobs. We want only the martyr status.' Have you given it? It is within your powers, not within us. How have you respected them? The people lost their lives and their families were craving for recognition, but it is not done. Instead, you are coming here and telling, 'They are Pakistanis, they did that.' What was your retaliation? Immediately you said, 'Operation Sindoor'. You crossed 100 kilometres deep into Pakistan and attacked only the militant bases. And, the Government is telling yesterday and today in the Lok Sabha, 'No; we also attacked the military bases.' Why is there change? Mr. Ajit Doval, the National Security Advisor, said only 9 bases have been destroyed. Whereas, the official television of the nation, 'the Doordarshan' says, 'it is 11 bases'. And, what were they attacking? Why was there blackout in Chandigarh, Punjab, Haryana, Rajasthan? Please tell us. Sir, they retaliated in some other manner! You went immediately and attacked. I recollect, for everything, they say, Pandit Nehru spoiled the country. Sir, he is the architect of the modern India. Who can deny that? And, when the Mumbai terrorist attack happened, he never resorted to military solution; he resorted to diplomatic solution. He spoke to leaders by himself. He asked those who are connected with them — officials and Ministers. But, now even after 152 trips to 72 countries with so many friendships being developed, no country has come forward to support you! And, the delegations you have constituted include Members from all parties. I say it again, though our questions were unanswered, we were not convinced, we were not satisfied by any of your actions, we went there to show the world that India is one. The Opposition Parties may have different opinions, but not on such things. You immediately resorted to military solution. And, what the other thing they did will surprise everyone. They

Contents Page

banned the entry of Pakistani artistes! Have you ever heard of such a thing, Sir? Is banning artistic, aesthetic people, films, movies, songs, etc. a military action? Is it an act of combat against terror? Is it not ridiculous? Is it not childish to ban the artistes? You did that! And, what the other thing you did? You immediately suspended the Indus Water Treaty. You want to score by announcing one-by-one before the people that we are doing this and that. 75 per cent of water is shared by Pakistan and 25 per cent of its agriculture depends upon that. Sir, in Israel and Gaza war, we see on TV, which is heartbreaking, children are screaming for food and just for a cup of porridge! Women carrying their dead children in their hands! They were apologizing to them for having killed them without giving food. And, now, you are depriving the people of a nation without water! Is it humane? Sir, a research shows — not that Tiruchi Siva says it -- that weaponization of water and creating scarcity of water increases the recruitment into militant organizations in the Middle East countries and Africa. With the remaining available water, they form militant groups and water will be shared by only them. And because of that, many people are joining militant groups. So, if you

5.00 P.M.

stop the Indus water, what will happen? More militants will be created there and immediately India will be affected. And what is your alternate for storage if the water is not released? Do you have dams? Do you have reservoirs? Do you have canals? No! Even if you construct that, there will be targets of militants very nearer to the border. And, I say on my apprehension, if something untoward, uncomfortable situation arises between China and India, if they do the same on the borders, what will be the fate of the North-East people living there? There are chances. Now, near Arunachal Pradesh, a dam is being constructed, the world's biggest one, and it is expected to be completed within a year. Within a year! And because of that, who are going to be affected? The people of North-East will be affected. Should you not anticipate that every action has got an equal and opposite reaction? You say that you targeted only the terrorists' bases; later you say military bases, then, air bases! Now, you are stopping water to them and say that this is a sort of combating terrorism. And, you expect us to believe it? And, you call it Operation Sindoor? And, in Operation Sindoor, what all happened? How many people lost their lives? If the Leader of Opposition asks, "Were your planes shot down?" You say, "How can you ask that?" And, the hon. Defence Minister says in the Lok Sabha, "If a test is written, only the result must be seen, not how many pencils are broken". What an example, Sir! In a war, it is quite natural that both sides will have losses. We will have less, they will have

more. But, what is wrong in coming and telling, "Yes, it happened". Fifty civilians in Kashmir were killed, official spokesperson of the Government has come and told. Fifty civilians in Kashmir have died! How many planes were shot down? Tell the people of this country. The Chief Air Marshal goes and says. And, I have another question: You call it Operation Sindoor, Operation Mahadev and all? Let me ask you, Sir, many others and even the Leaders of Opposition asked, when that great lady Sophia Qureshi, the Colonel, how she was being interpreted? She was likened to the sister of the militants, the terrorists in Pakistan. *...(Interruptions)...* Even the court condemned it. Did your party condemn it? Did your Prime Minister, the leader who leads the nation, condemn that? Should it not be done? And, he is still a Minister! So, you can do whatever you want. These are all something that happens. And, what happened to our great women wrestlers, who are pride of India? They have gone out of the wrestling ring because of one Brij Bhushan, your party MP. Have you ever condemned it? *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Please come to the subject. *...(Interruptions)...*

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: That is the subject. *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): No, Brij Bhushan is not the subject. *...(Interruptions)...*

SHRI TIRUCHI SIVA: Sir, may I recall -- you are an expert and you are now in the Chair; you are everything -- the same issue came earlier in the Parliament. Every day the Deputy Chairman says, "In 2022, the Chairman had given a ruling." Like that, when something was said about Shri Rahul Gandhi, the Leader of Opposition in the other House, his name was taken here. And, why you took his name, our Leader of Opposition asked and I also asked, because he is a Member of the other House. One more ruling was given by the then Chairman. He gave a ruling that nothing under the sky is beyond the limitation and discussion of this House. It is a ruling, Sir. Then, I raised a question: If that be the case, what will be the result of Rule 238 (1), (2), (3), (4), (5)? There was no reply! He said, "My ruling is awaited, with regard to Rule 238". So, kindly, Mr. Vice-Chairman, there is nothing wrong in taking the name of a person who has brought disgrace to the women wrestlers of this country. Many have quitted, many have quitted. And, the loss is to the nation. We do not want even an action. Have you, just with a judicious approach, condemn that person? But you are

Contents Page

sacrificing the wrestlers. And, now a colonel; again, I say a proud woman. Just because she is a Muslim, she is called as a sister of the terrorists and you have not expressed a word of resentment, at least! *...(Interruptions)...* At least a word of resentment! And, everyone is saying, he is continuing. So, you are approving it. Do not communalize each and everything. Do not talk whatever you want, and, then, justify it in your own manner. *...(Interruptions)...* Yes, silence, sometimes, is acceptance. Tolerance is not incapability, it is patience. This is the story. So, the Indus Water Treaty was not a right step taken by this Government. I think, many of my colleagues would accept or may not accept it. But, do not victimize the civilians during a war time, like what is happening in other countries. And, second is, as everyone has asked, kindly reply, Sir. Again, we ask whether Trump intervened. Earlier also, war has happened between Pakistan and India. Everything has happened, but two Leaders, Lal Bahadur Shastri*ji* and Ayub Khan*ji* met and settled. The Kargil War was okay, and also Bangladesh war, etc. We have got a great history. Pandit Jawaharlal Nehru had given us a foreign policy which suited India, its climate, its people, and our long-term politics. But you are criticizing him. Sir, it is 60 years since he has passed away. It is 11 years that Dr. Manmohan Singh has demitted office. But you are still pointing: What did Nehru do? What did Dr. Manmohan Singh do? Let me, Sir, for instance, say, Barack Obama took office as the President of the United States. In the first meeting, he addressed the Members of the Congress. In his very first speech he said, "The country is in a very bad shape. The economic situation has collapsed. I have not come here to say who is the reason for that and to have a blame game. Whoever might have done it, now the responsibility is mine. So, I request the Members of this august House that, hereafter, every dollar you take out of your pocket, kindly think whether it is for a right expense. That will be the only solution, not blaming the earlier Government." So, that was Barack Obama's magnanimity. But even now you are calling out Pandit Jawaharlal Nehru, you are calling out Dr. Manmohan Singh. Both are gone. But their Government's achievements still remain. Their achievements still remain. If you start a debate on that, as to what was the progress during the UPA and what is the deterioration during NDA, we are prepared, Sir. We are prepared. Just because you have got an opportunity being in the Treasury Benches, it is not that you can speak whatever you want and we have to listen and go. We have every right to question the Government and it is the bounden duty of the Government to reply. As I said, you are accountable to the Parliament. That is parliamentary democracy. That is why we did not choose Presidential form of Government. The framers of our Constitution very cleverly, very foresightedly did that. You have to come here. You have to answer. Sir, I have been

in the Parliament for more than two decades. I have seen many Prime Ministers. I have seen Dr. Manmohan Singh being present even during the Private Members' Bill. Atal Bihari Vajpayee*ji* used to come and sit for the whole Question Hour. And, in some debates, when Members were speaking, they would listen to everyone. But now, again, we want to see the Prime Minister. Simple, nothing else, Sir. I am not speaking like them with a smirky smile or something, I very earnestly want to see him. ...*(Interruptions)*... Everyone wants to see the Prime Minister in the Parliament, not while going on a road show. Let him come to the Parliament when the Parliament is in Session and when a very important issue is being debated. The country is looking at us. Now we are discussing it. The terrorist attack has happened. You have taken an action, retaliation, and now you say, everything is over. Everything is not over. You say Operation Mahadev, you name anything. Kindly prove these were the terrorists you killed yesterday. Why did you wait all these three months for the Parliament to convene, for the debate to be taken up and then this to take place? Where were they all these three months? Inside India. I think, the Home Minister was very clear in that. The Government was very keen in not letting them to go into Pakistan. So they were here, Sir, but they were getting Pakistan chocolates, they were getting Pakistan rifles. All these questions you have to answer us.

I would like to say only one thing. Don't think your Government is having an absolute majority as you had earlier. You are walking with two walking sticks. Even if one walking stick is broken or taken away, your walking will be very limpy. Democracy will teach lessons. Even a bigger party has lost the next election. Even a party which is nowhere has come to power. And when you are in power, the basic theory in politics is when power comes, it brings along with it responsibility. Your responsibility is growing more and more. But, at the same time, you are neglecting the Opposition's demand and the Parliament is also growing more. Proportionately, it is also going on rising. Kindly change your ways. We only expect you to do that. What all I have spoken, what all my Leader of Opposition has spoken, what all other Members have spoken and are going to speak is only in the interest of the nation. We are equally interested. We have done good in the past and we are to do that. And now you are in power, come with replies. Come with politeness. Respect the Parliament. Respect the people. That is our humble submission, Sir. Let not another incident happen in the valleys. India is very powerful. With more than four million army personnel, with so many aircraft, fleet and all, with all those things, you are not able to protect the people there. Get back the PoK. But you are accusing. Stop accusing the former Governments and the passed-away leaders. Kindly do your duty. That is our expectation. Thank you very much, Sir.

Contents Page

**श्री संजय सिंह** (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): मान्यवर, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात कहने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

पहलगाम में जो निर्दोष, निहत्थे लोग मारे गए, शहीद हुए, सबसे पहले मैं उनको सिर झुकाकर नमन करता हूँ, श्रद्धांजलि देता हूँ। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, कश्मीर के 16 नागरिक मारे गए, जिनमें ADC राजकुमार थापा और दो जुड़वा बच्चे भी मारे गए। मैं उनको भी सिर झुकाकर नमन करता हूँ और श्रद्धांजलि देता हूँ। मैं नमन करता हूँ और श्रद्धांजलि देता हूँ इंडियन एयर फोर्स के मेडिकल असिस्टेंट सुरेंद्र कुमार जी को, बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज जी को, बीएसएफ के कांस्टेबल दीपक जी को, आर्मी के लांस नायक दिनेश कुमार जी को, सुनील कुमार जी को, मुरली नायक जी, अली शेख जी को और पवन कुमार जी को, जिन्होंने अपनी शहादत देकर ऑपरेशन सिंदूर में अपनी वीरता और शौर्य का परिचय दिया और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

मान्यवर, कल से लेकर आज तक दोनों सदनों में सरकार की ओर से बहुत सारी बातें कही गईं। अपने मुँह से खुद ही बखान किया गया, हमने ऐसा कर दिया, हमने वैसा कर दिया। हम भारत की सेना का, भारत के बहादुर सैनिकों का, बहादुर जवानों का बार-बार नमन करेंगे, उनकी शौर्य और वीरता को बार-बार प्रणाम करेंगे, लेकिन आपसे एक हज़ार बार सवाल पूछेंगे, क्योंकि सवाल आपसे बनते हैं। पहलगाम में जो निर्दोष लोग बैसरन घाटी में गए थे, वहाँ आकर उनको पांच खूंखार आतंकवादियों ने कैसे मार दिया? वे आतंकवादी भारत की सीमा के 200 किलोमीटर अंदर तक कैसे घुस गए? आपकी intelligence कहाँ failure हुई, उसके लिए कौन जवाबदेह है? जब हम सर्वदलीय बैठक में बैठे थे, तब आदरणीय एलओपी भी वहां मौजूद थे। मान्यवर, हमको बताया गया, सरकार के द्वारा बताया गया कि बैसरन घाटी में सिर्फ अमरनाथ यात्रा के 15 दिन पहले ही लोग आते हैं, यह तो पता नहीं किस गलती से होटल वालों के साथ मिलकर बैसरन घाटी को खोल दिया गया। इतने सारे अलग-अलग दलों के नेताओं को सरकार के एक ज़िम्मेदार मंत्री गृह मंत्री और रक्षा मंत्री जी की मौजूदगी में गलत जानकारी दे रहे हैं। बाद में जब हमने पता किया तो, पता चला कि हमेशा बैसरन घाटी खुली रहती है, लेकिन वहां सुरक्षा के कोई इंतज़ाम नहीं थे, वे लोग चीखते रहे, चिल्लाते रहे, रोते रहे, बिलखते रहे, अपनी जान गवांते रहे, सहायता मांगते रहे, लेकिन वहां उनकी सहायता करने वाला कोई मौजूद नहीं था। मैं कानपुर में शुभम द्विवेदी जी के घर गया था। उनकी पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल था। उनके परिवार के लोगों और उनके पिता जी ने रो-रोकर एक ही बात कही, 'हमारे बेटे ने देश के लिए अपनी शहादत दी है और जो लोग इस हमले में मारे गए हैं, सरकार हमें क्या मदद देती है, उससे हमें लेना-देना नहीं है, कम से कम उन मृतकों को शहीद का दर्जा दिया जाए।' मान्यवर, यह उनकी पीड़ा थी। यह उनकी मांग थी। मैं आपके माध्यम से सरकार तक उनकी मांग पहुंचाना चाहता हूं। मान्यवर, बताया गया कि जब यह घटना हुई, उसके बाद देश के गृह मंत्री ने जाकर वहां प्रेस कॉन्फ्रेंस की और अपनी बात कही, उसके बाद प्रधान मंत्री जी को इसकी सूचना मिलती है, तो प्रधान मंत्री जी सऊदी अरब से अपना कार्यक्रम छोड़कर वापस आते हैं, पूरा देश इंतज़ार कर रहा था कि प्रधान मंत्री जी आ रहे हैं, तो वे निश्चित ही पहलगाम जाएंगे, लेकिन प्रधान मंत्री जी पहलगाम नहीं गए, प्रधान मंत्री जी 24 अप्रैल को बिहार में चुनाव-प्रचार के लिए गए। प्रधान

मंत्री जी 1 मई को महाराष्ट्र, केरल और आंध्र प्रदेश में उद्घाटन करने के लिए गए थे। प्रधान मंत्री जी फिल्मी सितारों को संबोधित करने गए, लेकिन जो लोग पहलगाम में मारे गए थे, उनकी पीड़ा, उनका हाल, उनका दुख और उनकी तकलीफ जानने के लिए नहीं गए थे।

मान्यवर, यहां कहा गया कि सेना के शौर्य को और बहादुरी को नमन कीजिए। हम वह करेंगे और बार-बार करेंगे, लेकिन आपने सेना के लिए क्या किया? क्या यह देश जानना नहीं चाहता?

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: जया बच्चन जी कह रही हैं कि आप गलत बोल रहे हैं।

**श्री संजय सिंह**: कौन कह रहा हैं?

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: जया बच्चन जी कह रही हैं।

**श्री संजय सिंह**: मान्यवर, आपने उतनी दूर से नहीं सुना होगा।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: आप सुन लीजिए। कृपया सुन लीजिए।

**श्रीमती जया बच्चन** (उत्तर प्रदेश): आपने जिस तरह से 'फिल्मी सितारे' कहा, वह कुछ derogatory लगा। यही मेरा कहना है।

**श्री संजय सिंह**: मान्यवर, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि फिल्मी सितारों को संबोधित किया या आप किसी कार्यक्रम में गए, लेकिन आपकी पहली प्राथमिकता भारत के प्रधान मंत्री के तौर पर क्या थी? सवाल यह है कि आपकी पहली प्राथमिकता क्या थी? पहली प्राथमिकता यह होनी चाहिए थी कि देश में आते, बिहार का चुनाव छोड़ते, पहले आप पहलगाम जाते। आप पहले उस घटनास्थल पर जाते। हमारा सवाल यह है। अभी तिरुची शिवा जी बहुत दुखी थे, वे कह रहे थे कि प्रधान मंत्री जी कहां हैं! वे सदन में क्यों नहीं आए, प्रधान मंत्री जी कहां हैं! मैं शिवा जी से कहना चाहता हूं कि वे अवतार हैं, इंसान नहीं हैं!

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: वे कल ही तमिलनाडु में थे।

**श्री संजय सिंह**: वे अवतार हैं, भगवान हैं, अदृश्य हैं!

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: कृपया इधर देखें। अदृश्य नहीं हैं, वे कल तमिलनाडु में ही थे।प्रधान मंत्री जी अवतार हैं। वे अदृश्य रहकर भी कहीं भी मौजूद हो सकते हैं। उनको शारीरिक रूप से आना नहीं होता है, वे प्रकट हो जाते हैं। वे नॉन बायोलॉजिकल हैं, इसलिए प्रधान मंत्री जी ऐसे मसलों पर कभी नहीं आते हैं। प्रधान मंत्री जी 18-18 घंटे काम करते हैं, लेकिन इतने गंभीर विषय पर, जब दोनों सदनों के अंदर चर्चा हो रही है, तो 18 घंटे काम करने वाला प्रधान मंत्री दो

घंटे भी दोनों सदनों में उपस्थित क्यों नहीं है? यह सवाल हम लोग पूछना चाहते हैं। आपको इसका महत्व नज़र नहीं आता है। एक माननीय सदस्य कह रहे हैं कि आपकी बात सुनने के लिए नहीं आना चाहते हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि राजनाथ सिंह जी बात सुनने के लिए आ जाते हैं। क्या ये लोग भी बकवास करते हैं। हम लोग जब बोलें, मत सुनिए ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** £ शब्द हटा दिया जाए ।

**श्री संजय सिंह:** कम से कम अपने लोगों की तो सुनने के लिए आ जाओ। वह भी सुनने नहीं आते। ...(**व्यवधान**)... सर, उन्होंने £ बोला। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** £ शब्द हट जाएगा।

**श्री संजय सिंह:** सर, जैसे आपने जया जी की बात सुन ली थी, वैसे ही मैंने उनको सुन लिया। आपके मंत्री यहां £ करते हैं। आपके मंत्री, सासंद, नेता यहां £ करते हैं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** किसी भी तरफ से £ शब्द आया हो, तो उसको हटा दिया जाएगा।

**श्री संजय सिंह:** अब £ शब्द मत बोलिएगा, चेयर ने मना कर दिया है। मान्यवर, सेना के सम्मान की बात हो रही है। आपने सेना का कितना सम्मान किया? तीन साल तक भारत की सेना की भर्ती बंद रही और उन तीन सालों में भर्ती बंद होने के कारण 1 लाख, 80 हजार सेना की तादाद को कम किया गया, तो उसके लिए आप जिम्मेदार हैं और बार-बार आपसे सवाल पूछा जाएगा और इसके लिए आपकी आलोचना होनी चाहिए। सर, चाहे उत्तर प्रदेश का नौजवान हो, चाहे बिहार का, चाहे हरियाणा, चाहे राजस्थान का या हिंदुस्तान के किसी कोने का हो, उसके लिए भारत की सेना में भर्ती होना गौरव और सम्मान की बात होती थी। वह सुबह चार बजे उठकर दौड़ लगाता था, मेहनत करता था, उसकी मां दूध पिलाकर अपने बेटे तैयार करती थी कि कभी जरूरत पड़ेगी, तो अपने प्राणों की आहूति देकर भारत माता की रक्षा करेगा, लेकिन आपने उस जगह पर चार साल की नौकरी कर दी। आप सेना के सम्मान की बात करते हैं। आपके पास हर चीज़ के लिए पैसा है। अपने दोस्तों के ऊपर लुटाने के लिए लाखों-करोड़ों रुपये हैं, लेकिन सेना के जवान को आपने अग्निवीर बनाकर चार साल की योजना में उनको जवान बना दिया, तो क्या आपके पास उनको तनख्वाह देने के लिए पैसा नहीं है। बीएसएफ के जवान, सीआईएसएफ के जवान, पैरामिलिट्री फोर्सेज़ के जवानों को पेन्शन देने के लिए पैसा नहीं है, शहीद का दर्जा देने के लिए पैसा नहीं है! आपके पास सीआरपीएफ के जवान को पेन्शन और उनको शहीद का दर्जा देने के लिए पैसा नहीं है! आप सेना के सम्मान की बात करते हैं। सर, सबसे बड़ा दुख इस बात का हुआ कि कल से कहा जा रहा है कि नहीं-नहीं हमने अपने आप सीज़फायर डिक्लेयर किया, इसमें किसी तीसरे देश का

£ *Expunged as ordered by the Chair.*

Contents Page

हस्तक्षेप नहीं है। आज़ादी के बाद से लेकर आज तक भारत का स्टैंड एक ही रहा है कि हम पाकिस्तान के मामले में किसी भी तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं मानते। अगर उस बात के साथ किसी ने £ किया है, किसी ने £ किया है, तो उनका नाम भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी है। यह मैं इस सदन के अंदर कहना चाहता हूं। आपने उस भावना के साथ £ किया है।

मान्यवर, आपने अमरीका की मध्यस्थता स्वीकार की। इसलिए मैं चंद लाइन्स आपके लिए कहना चाहूंगा कि "तू इधर-उधर की न बात कर।" सर, आपका ही चेहरा आ रहा है। आप थोड़ा निर्देश दे दीजिए, क्योंकि बार-बार आपको ही दिखाए जा रहे हैं:

"तू इधर -उधर की न बात कर<br>
यह बता कि क़ाफ़िले क्यूं लुटे<br>
मुझे रहजनों से गिला तो है,<br>
लेकिन तेरी रहबरी पर सवाल है।"

आपकी रहबरी पर, आपके नेतृत्व पर सवाल है और यह सवाल बार-बार पूछा जाएगा। 10 मई को भारत, जो 144 करोड़ की आबादी का मुल्क है, भारत, जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, भारत, जो दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, उस भारत के मामले में सीज़फायर का डिक्लेयरेशन भारत की धरती से नहीं होता, बल्कि अमरीका की धरती से होता है। अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप ट्वीट करके जानकारी देते हैं कि दोनों देशों में सीज़फायर हो गया। हमारी सेनाएं लड़ रही हैं, हमारी सेनाएं मैदान में हैं और अमरीका के राष्ट्रपति कह रहे हैं कि सीज़फायर हो गया। अमेरिका का राष्ट्रपति क्या लिख रहा है? "After a long night of talks mediated by the United States, I am pleased to announce that India and Pakistan have agreed to a full and immediate ceasefire. Congratulations to both Countries on using Common Sense and Great Intelligence.Thank you for your attention to this matter!" उसके बाद उपराष्ट्रपति जे.डी.वेन्स जी का 10 मई को ट्वीट आता है, "Great work from the President's team, especially Secretary Rubio. And, my gratitude to the leaders of India and Pakistan for their hard work and willingness to engage in this ceasefire." United States के Secretary Rubio का जो tweet है, अगर मैं उसको इस सदन में पढ़ दूंगा, तो सरकार को बहुत शर्मिन्दा होना पड़ेगा, इसलिए मैं आपसे चाहता हूं कि जब आप जवाब दीजिएगा, तो इस पर जवाब दीजिएगा और प्रधान मंत्री को जवाब देना चाहिए। महोदय, यह 10 मई का ट्वीट है। मैं चाहूंगा कि सत्ता पक्ष, विपक्ष और पूरा सदन इसे सुने। £

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** कृपया इसे प्रमाणित करें।

**श्री संजय सिंह:** महोदय, मैं प्रमाणित कर दूंगा।

---

£ *Expunged as ordered by the Chair.*

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** इसे प्रमाणित करें और प्रमाणित करके दें।

**श्री संजय सिंहः** महोदय, मुझे बोलने दें।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** मैं आपको बोलने दे रहा हूं।

**श्री संजय सिंहः** सर, अगर आप बीच-बीच में ऐसे बोलेंगे, तो मैं कैसे बोलूंगा?

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** मैं बीच में नहीं बोलूंगा। आप प्रमाणित करके दें, उसके बाद इसे रिकॉर्ड पर लेंगे।

**श्री संजय सिंहः** सर, आप इसे हटा क्यों रहे हैं?

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** मैं हटा नहीं रहा हूं। मैं यह कह रहा हूं कि जब आप प्रमाणित करेंगे, तभी यह प्रोसिडिंग में जाएगा।

**श्री संजय सिंहः** सर, मैं इसे दे रहा हूं। मैं आपको यह दे दूंगा।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** ठीक है, दे दीजिए।

**श्री संजय सिंहः** मान्यवर, मैं बहुत विनम्रतापूर्वक इस सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि यूनाइटेड स्टेट का सेक्रेटरी रुबियो 10 मई को यह कह रहा कि, £ सर, असीम मलिक कौन है? असीम मलिक आईएसआई का चीफ है, जो पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का संरक्षक है। जब सेना लड़ रही थी, तो भारत की सरकार उससे बातचीत कर रही थी! 8 मई को जब सेना लड़ रही थी, तब आप आईएसआई से बात कर रहे थे। ...(**व्यवधान**)... आसिम मुनीर और असीम मलिक, आप इन दोनों से बात कर रहे थे। ...(**व्यवधान**)... आप आईएसआई से बात कर रहे थे। ...(**व्यवधान**)... हमारी सेना लड़ रही थी, लेकिन आप आईएसआई से बात कर रहे थे। ...(**व्यवधान**)...

**संस्कृति मंत्री; तथा पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत):** महोदय, मेरा प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** संजय जी, एक मिनट रुकिए। ...(**व्यवधान**)... आपका क्या प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है?

SHRI SANJAY SINGH: I am not yielding, Sir. ...(*Interruptions*)... Under which rule? ...(*Interruptions*)...

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावतः** सर, रूल में निवेदन है। मैं आपके माध्यम से माननीय संजय सिंह जी से निवेदन कर रहा हूं कि वे जिस ट्वीट को ऑथेंटिकेट करने की बात कर रहे थे, उसको एक बार वापस पढ़ें और हिंदी में बताएं। सर, मैं तो गाँव का आदमी हूं, अंग्रेज़ी नहीं समझता हूं, इसलिए समझा दें कि इसमें कहाँ पर यह interpretation है कि भारत सरकार उससे बात कर रही थी। आप अपनी कन्विनिएंस से इंटरफियर क्यों कर रहे हैं? ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंहः** मान्यवर, मैं मंत्री जी की मांग का समर्थन करता हूं। मैं फिर से पढ़ रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... यह 10 मई का ट्वीट है, मैं मंत्री जी की मांग का समर्थन करते हुए फिर से पढ़ रहा हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** माननीय संजय सिंह जी, आप सुन लीजिए। नियमों में बहुत स्पष्ट प्रावधान है कि हम किसी भी विदेशी राष्ट्रपति का, विदेश मंत्री या किसी भी मंत्री का उल्लेख नहीं करेंगे।

**श्री संजय सिंहः** महोदय, यहाँ किसका उल्लेख नहीं हुआ है?

**श्री संजय सिंहः** सर, माननीय चेयरमैन की रूलिंग है कि हम सब विषयों पर बोल सकते हैं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** मेरी बात तो सुनिए। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़ पहले मेरी बात सुनिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंहः** हम क्रिटिसाइज़ तो कर नहीं रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... हम सदन को जानकारी दे रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** मैंने आपको कह दिया है कि आप इसे ऑथेंटिकेट करके दे दीजिए।

**श्री संजय सिंहः** सर, वे हिंदी में चाह रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... मैं इसे पढ़ दे रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** आप अंग्रेजी में ही दे दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंहः** नहीं, वे हिंदी में ही चाह रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... £

£ *Expunged as ordered by the Chair.*

Contents Page

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** इसमें प्रधान मंत्री कहाँ हैं? ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंहः** सर, सुन तो लीजिए। ...(**व्यवधान**)... सर, आप नाम सुनिए। ...(**व्यवधान**)... "... £ .. आसिम मलिक आईएसआई का प्रमुख है। ...(**व्यवधान**)... आपकी सरकार आसिम मलिक से कैसे बात कर रही थी? ...(**व्यवधान**)... जो आतंकवाद को जन्म देते हैं, आप उनसे बात करते हैं! ...(**व्यवधान**)...

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावतः** सर, इसमें यह सब कहाँ है कि मोदी जी ने बात की या डोभाल साहब ने बात की? ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंहः** सर, यह ठीक बात नहीं है। ...(**व्यवधान**)... सर, ऐसे डिस्टर्ब करेंगे, तो यह ठीक नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावतः** सर, जबरदस्ती £ दोषारोपण करना चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** मैंने अपनी व्यवस्था दे दी है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावतः** सर, आपने अपनी व्यवस्था दे दी है, लेकिन ये जबरदस्ती £ दोषारोपण करना चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंहः** सर, ये शब्द बोल रहे हैं, इन्हें आप नहीं रोक रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** £ शब्द तो नहीं आएगा। ...(**व्यवधान**)... आप आगे बोलिए। ...(**व्यवधान**)... इस बारे में मैंने व्यवस्था दे दी है। ...(**व्यवधान**)... मदन जी, कृपया बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... कृपया बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंहः** सर, दस मई को सीजफायर की डिक्लेरेशन होती है। ...(**व्यवधान**)... पाँच जून को... ...(**व्यवधान**)... आप सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** कृपया बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... मैंने इस पर व्यवस्था दे दी है। ...(**व्यवधान**)... कृपया बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंहः** पाँच जून को पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र संघ की एंटी-टेररिस्ट कमेटी का वाइस-प्रेसिडेंट बनाया जाता है। हम जानते हैं कि इसमें अमेरिका की ही चलती है। अमेरिका के कहने पर ही बनाया गया है। पाकिस्तान एंटी-टेररिस्ट कमेटी का वाइस-प्रेसिडेंट बन रहा है! वह पाकिस्तान जिसने 10 साल तक ओसामा बिन लादेन को अपने घर में छिपा कर रखा। वह पाकिस्तान जहाँ मसूद अजहर है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** आपने यह बात कही है।

**श्री संजय सिंह:** वह पाकिस्तान जहाँ हाफिज़ सईद है। वह पाकिस्तान जिसने मुंबई में ताज होटल पर हमला किया। वह पाकिस्तान जिसने संसद पर हमला किया। वह पाकिस्तान जिसने अक्षरधाम पर हमला किया। वह पाकिस्तान जिसने उरी हमला किया। वह पाकिस्तान जिसने पुलवामा हमला किया। वह पाकिस्तान जिसने लाल किले पर हमला किया। वह पाकिस्तान जो हिंदुस्तान में आतंकवाद फैलाता है, पहलगाम की घटना को अंजाम देता है। आप कह रहे हैं कि वह पाकिस्तान आपसे गिड़गिड़ाया और आप मान गए! मान्यवर, वे हमारी बहनें भी तो गिड़गिड़ा रही थीं, वे आतंकवादी तो नहीं माने। आप कैसे मान गए? ...(**व्यवधान**)... वे बहनें भी तो गिड़गिड़ा रही थीं। वे भी तो आतंकवादियों के सामने कह रही थीं कि मत मारिए मेरे पति को, लेकिन उन्होंने मारा। आप कह रहे हैं कि पाकिस्तान का डीजीएमओ बात कर गया। पाकिस्तान के डीजीएमओ ने कह दिया कि हम आगे कोई घटना नहीं करेंगे। आप उनकी बात मान गए? जिन्होंने संसद पर हमला किया, जिन्होंने लाल किले पर हमला किया, जिन्होंने मुंबई के ताज पर हमला किया, जिन्होंने अक्षरधाम पर हमला किया, जिन्होंने पहलगाम हमला किया, जिन्होंने उरी अटैक किया - आप उनकी बात मान गए? उन्होंने पुलवामा हमला किया। आप सेना के सम्मान की बात करते हैं। मान्यवर, 19 जून को ट्रंप के लिए प्रचार करने अमेरिका मैं नहीं गया था। ट्रंप के लिए प्रचार करने महामानव गए थे। मैं नहीं गया था। उन्होंने 'अबकी बार ट्रंप सरकार' नारा दिया था। उस ट्रंप ने 19 जून को क्या किया? 19 जून को उसने असीम मुनीर को बुलाया। पाकिस्तान के आर्मी चीफ को बुलाया और उसे बुलाकर बंद कमरे में लंच कराया।

**एक माननीय सांसद:** उसे निहारी खिलाई।

**श्री संजय सिंह:** उसे निहारी खिलाई? यह हो सकता है कि उसे निहारी खिलाई हो। लंच कराने के बाद, जब दोनों लोग निकले तो पता लगा कि उस बातचीत में आईएसआई प्रमुख आसिम मलिक भी था। सर, वह भी बातचीत में था। आईएसआई, जो इंडिया के अंदर आतंकवाद की घटनाओं को अंजाम देता है, वह भी था। जब ट्रंप से पूछा गया, what he wanted to achieve from meeting Mr. Munir, the U.S. President said, 'Well, I stopped a war. I love Pakistan.' 'I love Pakistan'. यह ट्रंप बोल रहा है, मोदी का दोस्त। ...(**व्यवधान**)... सर, बार-बार आप ही आ रहे हैं, मना कर दीजिए। आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? बार-बार आप ही आ रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... आई लव पाकिस्तान ...(**व्यवधान**)... सर, ऐसे स्ट्रैटेजिक खेल मत खेलिए। ...(**व्यवधान**)... आई लव पाकिस्तान, कह रहा है ट्रंप। वहां पाकिस्तान और अमेरिका का इलू-इलू चल रहा है और आप कह रहे हैं अब की बार ट्रंप सरकार! ...(**व्यवधान**)... 14 फरवरी, 2025 को प्रधान मंत्री जी गए थे।MAGA plus MIGA becomes mega partnership for prosperity. आप कह रहे हैं। 14 फरवरी, 2025 को आप गए थे और 7 फरवरी को उसी अमेरिका ने हमारे भारतीयों को बेड़ियों में बांधकर अमृतसर में उतारा था और आपने आपत्ति नहीं की। आप कह रहे हैं – मेगा, मीगा, मागा।

Contents Page

...(**व्यवधान**)... वहां कर रहे हैं — मेगा, मीगा, मागा और वह अमेरिका आपके साथ ऐसे [£] कर रहा है। ...(**व्यवधान**)... वह आई लव पाकिस्तान बोला। फिर उसके बाद पाकिस्तान का उप प्रधान मंत्री वहां 25 जुलाई को गया। उसने यूएस सेक्रेटरी, मार्को रूबियो से मुलाकात की और उसके बाद मैं केवल यह लास्ट की लाइन पढ़ रहा हूं। "I also thanked him for Pakistan's partnership in countering terrorism and preserving regional stability." यह धन्यवाद कर रहा है। अमेरिका का मार्को रूबियो, सेक्रेटरी कह रहा है कि पाकिस्तान को हम धन्यवाद देते हैं - आतंकवाद से लड़ने के लिए। मुझे एक लाइन याद आ रही है। ख़ुलूस मतलब होता है - मोहब्बत। मैं प्रधान मंत्री जी और अमेरिका के राष्ट्रपति के लिए एक लाइन पढ़ना चाहूंगा। प्रधान मंत्री तो ट्रंप के ऊपर फिदा हैं, तो प्रधान मंत्री की ओर से ट्रंप के लिए लाइन है किः

*"तेरे ख़ुलूस ने रखा मुझे अंधेरे में।*
*तेरा फरेब मुझे रोशनी में ले आया।"*

मान्यवर, अब मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात आपके सामने रखना चाहूंगा। हमारी सरकार ने कहा हम अपने वीर जवानों के लिए ताली बजाएं। हमने ताली बजायी। हम उनका नमन करें। हमने नमन किया। आपने क्या किया? भारत की सेना की बहादुर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के लिए आपकी बीजेपी सरकार का मध्य प्रदेश का एक मंत्री कहता है कि वह आतंकवादियों की बहन है। ...(व्यवधान)... यही नहीं मान्यवर, बात यहां तक नहीं रुकती। कर्नल सोफिया कुरैशी को कहा आतंकवादी की बहन है। भारत के विदेश सचिवजी की बेटी के लिए सोशल मीडिया पर इतनी ज्यादा आपत्तिजनक बातें लिखी गईं, लेकिन सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की और विदेश सचिव को अपना ट्विटर का अकाउंट लॉक करना पड़ा। आप अपने लोगों को सुरक्षा नहीं दे पाते! इतना ही नहीं, मान्यवर, जो विनय नरवाल जी की बेवा पत्नी थीं, उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि आतंकवाद से आतंकवाद के तरीके से निपटिए, लेकिन देश में अमन, शांति रखिए और आपस में इसको लेकर कोई सांप्रदायिक दंगे, फसाद, लड़ाई-झगड़े न हों। इसमें उन्होंने कौन सी गलत बात कह दी? आप तो हर मौके का फायदा उठाने की ताक में रहते हैं।

मान्यवर, पहलगाम की घटना हुई और हम लोग श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे और भारतीय जनता पार्टी के ट्विटर हैंडल से - मैं पूरी जिम्मेदारी से कह रहा हूं, अगर मैं गलत कह रहा हूं, तो बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी यहां बैठे हैं, वे मना कर देंगे - पहला ट्वीट क्या आया? धर्म पूछा, जाति नहीं, धर्म पूछा, जाति नहीं और जो हमारे उत्तर प्रदेश में कथावाचक मारे जा रहे हैं, वहां तो जाति पूछकर मार रहे हैं। मंदिरों में घुसने नहीं दे रहे हैं, जाति पूछ कर मार रहे हैं। यह भी तो हो रहा है इस देश के अंदर!

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** माननीय सदस्य, आप विषय पर बोलिए।

**श्री संजय सिंह:** सर, मैं विषय पर ही बोल रहा हूं।

---

[£] *Expunged as ordered by the Chair.*

Contents Page

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** नहीं, यह विषय नहीं है।

**श्री संजय सिंह:** सर, यह लिखा है। सर, यह विषय है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** यह विषय नहीं है। आप विषय पर बोलिए।

**श्री संजय सिंह:** सर, विषय यही है। सर, एक बात मैं कह सकता हूं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** विदेश सचिव का नाम नहीं लिखें, मंत्रालय का नाम लिखें।

**श्री संजय सिंह:** सर, यह किसलिए!

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** हम ऑफिसर्स का नाम नहीं ले सकते हैं।

**श्री संजय सिंह:** अच्छा, ठीक है, सर, जैसा आपको ठीक लगे।

सर, वैसे मैं एक बात कह सकता हूं और सरकार को इसके ऊपर ध्यान देना चाहिए। मैं बड़ी गंभीरता से इस बात को कह रहा हूं। आप गोदी मीडिया से अपनी चाटुकारिता दिन-रात करवाना चाहते हैं, करवाइए, हमें कोई दिक्कत नहीं है, वे लोग करेंगे ही। लेकिन जब युद्ध का समय है, लड़ाई का वक्त है, इतना गंभीर समय है, ऐसे समय में आप वहां पर असत्य खबरें चलवा रहे हैं, लाहौर में घुस गए, इस्लामाबाद में घुस गए, यहां कराची पर कब्जा हो गया, रावलपिंडी पर कब्जा हो गया। ऐसे वक्त में जब हमारी सेनाएं लड़ रही होती हैं, उनको सारी चीजों की सही जानकारी होती है, परिस्थितियों की जानकारी होती है, आप उनके जीवन को संकट में डाल रहे हैं। कौन कहां लड़ रहा है, किस पोजीशन पर है, आप मीडिया पर दुनिया भर की, जो भी मन हो रहा है, खबरें चलाए जा रहे हैं। इसलिए इस पर भी रोक लगनी चाहिए।

तीसरी बात, यहां पर चीन की भी बात हुई। चीन ने पूरे तरीके से पाकिस्तान का साथ दिया। उसने मिसाइल दी, लड़ाई में हर तरीके से उसका साथ दिया। हर तरीके से पाकिस्तान का साथ देने का काम चीन ने किया, हर तरीके से पाकिस्तान का साथ देने का काम अमेरिका ने किया और आप चीन के साथ क्या कर रहे हैं! मैंने कल देखा। मान्यवर, मैंने सोचा कि चलिए इसी को देखते हैं, गलवान घाटी में जब हमारे जवान शहीद हुए, उसके बाद हमने चीन से अपने रिश्ते कैसे किए। आपने क्या किया, यह पूरे देश को जानना चाहिए और खास तौर से आपके समर्थकों को जानना चाहिए। 2020 की घटना के बाद गलवान घाटी में जब हमारे जवान शहीद हुए, उसके बाद आपने 4,83,033 करोड़ रुपए का आयात चीन से किया, 2021-22 में आपने 7,10,148 करोड़ रुपए का आयात चीन से किया, 2022-23 में 8,03,533 करोड़ रुपए का आयात चीन से किया, 2023-24 में 8,38,442 करोड़ रुपए का आयात चीन से किया, 2024-25 में 9,41,718 करोड़ रुपए का आयात चीन से किया। आपने पिछले 5 साल में 37 लाख करोड़ रुपए का सामान चीन से भारत में आयात किया। आप चीन को रुपया पर रुपया, लाखों करोड़ कमाने दे रहे हैं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** माननीय सदस्य, यह रेलेवेंट नहीं है।

**श्री संजय सिंह:** सर, आप हरेक चीज में रोकेंगे! यह आंकड़ा ...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** यह रेलेवेंट नहीं है। आप बोलिए।

**श्री संजय सिंह:** सर, यह रेलेवेंट है, मैं बता रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... सर, मैं बता रहा हूं। आप इसको लीजिए। सर, यह एंबैसी ऑफ इंडिया, बीजिंग ...(**व्यवधान**)... यह एंबैसी ऑफ इंडिया, भारत की एंबैसी का डाटा है और वेबसाइट पर आप जा सकते हैं, चेक करवा सकते हैं। यह डाटा वहां से मिला है। आपने उसको 37 लाख करोड़ रुपए का व्यापार दिया, आप वहां से सामान आयात कर रहे हैं। आप चीन को लाखों-करोड़ रुपए का व्यापार दे रहे हैं और चीन पाकिस्तान को मिसाइल दे रहा है! यह आपका समझौता है! आप उस चीन के राष्ट्रपति को झूला झुलाते हैं और चीन हमारे साथ यह काम कर रहा है, यह इस देश को जानना जरूरी है।

सर, पाकिस्तान को आईएमएफ से, वर्ल्ड बैंक से कर्ज मिलता है। लगभग 3 लाख करोड़ रुपए का उसका कर्ज सैंक्शन हो चुका है, वह उसे मिल जाएगा। सरकार ने काफी विरोध भी किया, लेकिन वे लोग माने नहीं। लड़ाई के समय में उसका कर्ज सैंक्शन हो रहा है। वह पैसा कहां लगेगा? आतंकवाद को बढ़ावा देने में, आतंकवाद को फैलाने में।

सर, अंत में, मैं बस सिर्फ एक रिपोर्ट पढ़ कर अपनी बात को खत्म करूंगा। हिन्दुस्तान में आतंकवाद बढ़ कैसे रहा है? सोर्स मैं पहले ही बता देता हूं। क्वेश्चन नंबर 2802, लोक सभा, दिनांक 18 मार्च, 2025. इस क्वेश्चन पर भारत की सरकार का जवाब है, मेरा जवाब नहीं है। इस क्वेश्चन में गृह मंत्रालय से पूछा गया कि हिंदुस्तान में पिछले 5 साल में कितनी drugs पकड़ी गयीं?

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** इस चर्चा से इसका क्या सम्बन्ध है? ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह:** सर, अब आप इसको भी नहीं मानेंगे? ...(**व्यवधान**)... सर, अब आप इसको भी नहीं मानेंगे? ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** इस चर्चा से इसका सम्बन्ध नहीं है।

**श्री संजय सिंह:** मतलब, यह जो ऑथेंटिक डॉक्यूमेंट है, इसको भी आप नहीं मानेंगे?

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** डॉक्यूमेंट की बात नहीं है। जिस विषय पर, ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा हो रही है, उससे इसका सम्बन्ध नहीं है।

**श्री संजय सिंह**: सर, आप मुझे continue करने दीजिए। ...(**व्यवधान**)... सर, मैं समझा रहा हूँ। ये ड्रग्स का पैसा आतंकवाद में लग रहा है। ...(**व्यवधान**)... यह ड्रग्स का पैसा आतंकवाद में लग रहा है। यह मैं नहीं कह रहा हूँ, सरकार कह रही है। यह तो सुन लीजिए। यह सरकार कह रही है, मैं नहीं कह रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... सर, आप मेरी पूरी बात ही नहीं सुनते।

सर, इसमें पूछा गया कि पिछले 5 साल में कहाँ-कहाँ कितनी drugs मिलीं, तो बताया गया कि मुंद्रा में अडाणी का एक पोर्ट है। वहाँ 260 करोड़ की drugs पकड़ी गयीं। यह तारीख 26 मई, 2022 है। फिर बताया कि अडाणी के ही एक पोर्ट पर 11 जुलाई.. ...(**व्यवधान**)... भाई साहब, मैं संबंध बता रहा हूँ। अगर मैं संबंध नहीं बताऊँगा, तो राज्य सभा से मेरी सदस्यता खत्म कर दीजिएगा। यह मैं कह रहा हूँ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: आप इधर ही देख कर कहिए। उधर देख कर किसलिए कह रहे हैं?

**श्री संजय सिंह**: जी। ऐसे टीका-टिप्पणी नहीं करें। अडाणी पोर्ट पर 150 करोड़ रुपये की हेरोइन पकड़ी गई।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: तो अडाणी ने पकड़ी ही न?

**श्री संजय सिंह**: सर, सुन तो लीजिए। ...(**व्यवधान**)... सुन लीजिए। अडाणी का नाम सुनकर सब लोग ऐसे क्यों विचलित हो जाते हैं? ...(**व्यवधान**)... अडाणी का नाम सुन कर क्यों ऐसे विचलित हो जाते हैं? ...(**व्यवधान**)...

सर, यह जो drugs पकड़ी गयीं, तो उसमें जो लोग गिरफ्तार हुए, इसका भारत की सरकार ने oppose किया, करना भी चाहिए। यह NIA ने किया। संजय सिंह ने नहीं किया, NIA ने किया। इसमें करना चाहिए, तो इन्होंने किया। जब विरोध किया, तो ASG महोदय ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, NIA ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अडाणी के पोर्ट से 21,000 करोड़ की drugs पकड़ी गयी हैं, जो आतंकवाद में लगती हैं। ये बात है, सर। मैं ये सारे पेपर्स आपको दे रहा हूँ। इस देश के अंदर ...(**व्यवधान**)... इस देश के अंदर पाकिस्तान से, अफगानिस्तान से हजारों करोड़ की ड्रग्स आएंगी और उससे इसी देश में आतंकवाद फैलाया जाएगा। अडाणी के पोर्ट पर पकड़ी जाएगी। £ यह सवाल देश पूछना चाहता है कि आप देश के अंदर क्या करा रहे हैं? इस ड्रग्स वाले मामले में जो लोग पकड़े गए हैं, उन पर क्या कारवाई हुई है, यह देश जानना चाहता है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: माननीय सदस्य, आपका समय समाप्त हुआ। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह**: मान्यवर, अभी तो बहुत समय है। 35 मिनट समय है।

---

£ *Expunged as ordered by the Chair.*

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** 35 मिनट समय है!

**श्री संजय सिंह:** मान्यवर, 35 मिनट समय है। मान्यवर, मैं अंत में एक ही बात कहना चाहता हूँ। आपने कहा कि इस मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। राजनीति करता कौन है?

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** इतनी करने के बाद..

**श्री संजय सिंह:** हर मामले में आप राजनीति करते हैं। हमेशा विपक्ष को ब्लेम करते हैं। विपक्ष को £ कहते हैं। विपक्ष को £ कहते हैं। आप पूरी दुनिया में घूमते हैं। एक भी देश आपके समर्थन में नहीं आता। एक भी देश आपके पक्ष में खड़ा नहीं होता। लेकिन जब आपको जरूरत होती है, तो आप कहते हैं - विपक्ष के लोगो, पूरी दुनिया में जाओ और भारत के पक्ष में बोल कर आओ। विपक्ष के लोग गए, हमारी पार्टी के भी दो सांसद गए और हम सरकार का पक्ष दुनिया में रख कर आए। जब भी देश पर संकट होगा, हम आपके साथ खड़े हैं। लेकिन, लोगों को बांटने का काम, अपमानित करने का काम और रोज-रोज इस तरीके से £ कहने का काम बंद कीजिए। बहुत-बहुत धन्यवाद, मान्यवर।

मैं आपके माध्यम से एक बात और साझा करना चाहता हूं, क्योंकि जिस तरह से यह 'ऑपरेशन सिंदूर' हुआ, शायद इंडियन हिस्ट्री में ऐसा ऑपरेशन नहीं हुआ। हमारे पहले के वक्ता बोल रहे थे। इतना precisely measured operation, जो रात में एक बजे किया गया, दिन में इसलिए नहीं किया गया, ताकि आम नागरिक हताहत नहीं हों। वहां जाकर जो 9 terrorist camps थे, इससे पहले हम लोग सर्जिकल स्ट्राइक में पीओके तक गए थे, लेकिन पाकिस्तान के अंदर जाकर मरकज़-ए-तैयबा, जो मुरीदके में था, मरकज़-ए-सुभानल्लाह, जो बहावलपुर में है, यह जैश-ए-मुहम्मद का headquarter है। मरकज़-ए-तैयबा, जो मुरीदके में है, वहां मुम्बई हमले से जुड़े हुए अजमल कसाब और David Headley की ट्रेनिंग हुई थी। वहां जाकर precise attack करके उसको dismantle किया। अभी मैं लास्ट वीक अखबार में डिजिटल रिपोर्ट देख रहा था कि किस तरह अटैक हुआ और वहां क्या स्थिति रही। इस प्रकार का एक precisely measured

£ *Expunged as ordered by the Chair.*

operation, जो हमारी सेना और वायुसेना द्वारा सफलतापूर्वक किया गया, वह काबिल-ए-तारीफ़ है। यह अभियान, जिसे "ऑपरेशन सिंदूर" कहा जा रहा है, जिस तरह से प्रधानमंत्री जी ने इसे प्रारम्भ करवाया और निरंतर मॉनिटर किया, यह देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

मैं एक और बात साझा करना चाहता हूं, क्योंकि मैं एक डेलीगेशन को लीड कर रहा था, जब यह डेलीगेशन गया था। यह ऑल पार्टी डेलीगेशन था, जिसमें सभी दलों के सदस्य शामिल थे। हम जापान, साउथ कोरिया, सिंगापुर और दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम जनसंख्या वाले देश इंडोनेशिया और मलेशिया गए थे।

अभी हमारे कुछ साथी कह रहे थे कि पैसे waste हो गए, तो मैं कहना चाहता हूं कि आप भी तो गए थे। आप भी उस डेलीगेशन में थे। हमने जापान के विदेश मंत्री से मुलाक़ात की, उनके साथ पूरा डेलीगेशन मिला, उस डेलीगेशन में ऑल पार्टी के लोग थे। कांग्रेस के लोग भी थे, अन्य विपक्ष की पार्टियों को भी लोग थे। हम लोग वहां के विदेश मंत्री से मिले, वहां के स्पीकर, सांसदों और अन्य उच्चाधिकारियों से संवाद किया। भारत की जापान में स्थित एम्बेसी ने एक ब्रेकफास्ट सेशन आयोजित किया, जिसमें लगभग 15-20 देशों के एम्बेसडर उपस्थित थे। हमने वहां के थिंक टैंक, diaspora और intelligentsia के साथ सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक लगातार मीटिंग्स कीं। उनकी 9 से लेकर 9 बजे तक मीटिंग चलती थी। उसमें जाने का क्या पर्पज़ था? हम लोग जो 33 countries में गए, वहां जाने का क्या purpose था? उसका सबसे बड़ा पर्पज़ एक ही था, उनका सपोर्ट लेना, बात बताना एक चीज़ थी, जो इंडिया का नया doctrine है, जो इंडिया का new normal है, जो प्राइम मिनिस्टर मोदी जी ने new doctrine दिया है, वह doctrine जाकर दुनिया में बताने के लिए कि यह इंडिया, अब पुराना इंडिया नहीं रहा है। जहां अटैक होगा, तो हम घर में नहीं बैठे रहेंगे। यह चीज़ हम लोग बताने गए थे। पहला प्वाइंट हम लोग यही रखते थे कि इस कंट्री में अब we will treat terrorist act as an act of war. अगर बाहर से कोई भी terrorist act होता है, cross-border terrorism होता है, तो उसको हम लोग act of war मानेंगे। Second point, हम लोग कहते थे कि जो terrorist को sponsor करता है, terrorist को finance करता है, उसमें differentiate नहीं करेंगे। हम लोग दोनों को एक ही तरह treat करेंगे। वही आतंकवादी भी है और जो state इसको sponsor करता है, उसको भी हम लोग उसी हिसाब से देखेंगे। हम अलग-अलग नहीं देखेंगे, दोनों को एक देखेंगे। तीसरा, प्रधान मंत्री जी ने कहा कि blood and water cannot flow together. खून और पानी एक-साथ नहीं बह सकते। इसके बारे में जाकर बताया। उन लोगों का concern Indus Water Treaty के संबंध में भी था। जैसे हम लोगों के यहां कहा जाता है कि हुक्का-पानी बंद कर देना। पानी पूरा बंद कर दिया। 1960 में Indus Water Treaty होती है और हम लोग 80 परसेंट पानी पाकिस्तान को दे देते हैं। उस treaty में उसका जो preamble है, उस preamble में friendship and cooperation के बारे में लिखा हुआ है। अब पाकिस्तान के साथ किस तरह की friendship and cooperation बचा है। 80 परसेंट पानी देकर उसके बदले इस देश को कुछ नहीं मिला। जब आप किसी देश से treaty करते हैं, तो आप कुछ देते हैं और उसके बदले में कुछ लेते हैं। उसके बदले में कुछ नहीं मिला। हम लोगों ने 80 परसेंट पानी दे दिया। यह भी पिछले पांच साल से भारत सरकार pursue कर रही है कि अब climate change हो गया है। जो डैम बनना है, उसकी technology बदल गई है, demographic change हो गया, पॉप्युलेशन बढ़ गई। अब बैठकर इसको negotiate कीजिए, प्राइम मिनिस्टर ने तो कर

Contents Page

दिया। भले ही इसमें थोड़ा टाइम लगे, क्योंकि अभी पानी रोकेंगे, तो अभी उसकी नहर नहीं बनी है। हम लोगों ने Indus Water Treaty abeyance में डाल दिया। चौथा, no nuclear blackmail. यह जो nuclear country के नाम पर चलता था कि दोनों nuclear states हैं और इनके नाम पर हम कोई भी घटना करके निकल जाएंगे, तो यह अब country बरदाश्त नहीं करेगी। Nuclear blackmail के नाम पर, क्योंकि जापान या साउथ कोरिया, इन कंट्रीज के साथ हमारा business है, ये हमारे strategic partners हैं, all five countries. इनका एक कन्सर्न रहता था कि अगर इसका scale बढ़ गया, तो क्या होगा? हम लोगों ने कहा कि हमारे सिटीजन की safety बहुत जरूरी है। हम लोग nuclear blackmail नहीं सहेंगे। इन चीज़ों के बारे में जाकर बताना, उनसे interact करना। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि जब हम लोग मीटिंग में बताते थे कि हमारे एक साथी असम से हैं, एक साथी ओडिशा से है, हमारा एक delegation member पश्चिम बंगाल से है, एक delegation member केरल से है और मैं बिहार से था, तो यह पूरा length and breadth of the country representation है और across party lines हम लोग वहां पर एक voice में अपनी बात कही। इस यात्रा की सबसे बड़ी बात यह थी कि हम लोग सब एक voice में बात कर रहे थे। हम लोगों ने बांट लिया था कि किसको किस इश्यू पर बात रखनी है। यह उनके लिए appreciate करने वाला था और मुझे लगता है कि यही इसमें success रही। यही feedback हमें और delegation से मिला। नए इंडिया का जो स्टैंड है, हमने अपनी वह पोजिशन वर्ल्ड में जाकर स्पष्ट रखी। यह स्थिति रही और मुझे लगता है कि जिस तरीके से ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से यह किया गया, वह उचित था। मैं देख रहा था कि जो बहुत सारे डिफेंस रिलेटिड इंस्टीट्यूशन्स हैं, वे इस पर स्टडी कर रहे हैं कि दो कंट्रीज़ उसे आर्म्स सप्लाई कर रही थीं, उसे मैटिरियल दे रही थीं। उसके बाद इंडिया ने इन सारी चीज़ों को जिस प्रकार से रिस्पाँड किया, उसकी वजह से यह बहुत जगह पर स्टडी का विषय हो गया है। प्रॉबेब्ली एनसीईआरटी ने ऑपरेशन सिंदूर को पढ़ाई के लिए इंक्लूड कर लिया है। यह ऑपरेशन एक स्टडी का विषय है कि किस तरह पूरा का पूरा ऑपरेशन हुआ। देश के आज तक के इतिहास में या दुनिया के इतिहास में ऐसा रेयर हुआ होगा। वे अभी बोल रहे थे कि हमने deep inside the country जाकर उनके जो terrorist hideouts थे, उनको हिट करके खत्म किया या बाद में, जब उन लोगों ने इधर अटैक किया और उसके बाद उनके जो एयर फोर्स बेस थे, जिनकी डिटेल्स वगैरह आई हैं, जिनकी सैटेलाइट इमेजेज पब्लिक डोमेन में आ रही हैं, जिनको आप छिपा भी नहीं सकते हैं, इसके लिए सरकार को धन्यवाद है। सरकार ने कहा भी है कि हमारे डिफेंस के किसी भी strategic assets का कोई डैमेज नहीं हुआ है। उनके जो बेस थे – अब तो लोग बोल रहे हैं कि एफ - 16 से लेकर सभी कुछ रखा जाता है, नूर खान बेस में, वह उसके मुँह पर जाकर ही गिरा। इसकी तो इमेज वगैरह भी आ रही हैं। पाकिस्तान का जिस तरह का डैमेज हुआ है, उस सब पर अब स्टडी चल रही है। लोग देख रहे हैं कि यह किस तरह का ऑपरेशन हुआ है। मैं देख रहा था कि यह सारी कहानी 2014 के बाद की है। चाहे उरी हो, पुलवामा हो, चाहे यह हो। पहले कैसे होता था? मैंने इसी दिल्ली में देखा था कि बाटला हाउस कांड हुआ था। उस समय हम लोग थे, पढ़ाई-लिखाई करके निकले थे। इसी दिल्ली में बाटला हाउस कांड हुआ था। दिल्ली पुलिस के मोहन शर्मा

Contents Page

इंस्पेक्टर थे, वे मारे गए थे। मोहन शर्मा जी मारे गए थे। कांग्रेस के एक नेता ने उस समय कहा था, मैं सिर्फ क्वोट कर रहा हूं £...(*Interruptions*)...

SHRI JAIRAM RAMESH: Please ask him to authenticate it. ...(*Interruptions*)...

**श्री संजय कुमार झा:** बिल्कुल करूंगा।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): I request you to kindly authenticate it and place it on the Table. I am requesting you.

**श्री संजय कुमार झा:** सर, मैं इसको बिल्कुल ऑथेंटिकेट करूंगा। ...(**व्यवधान**)... उसी समय, जो अभी इस हाउस के मैम्बर हैं, ...(**व्यवधान**)... यह कहा कि, 'आतंकवादी को मारने पर जो फोटो दिखाया...' ...(**व्यवधान**)... मोहन शर्मा पर नहीं किया। मोहन शर्मा पर नहीं था, जो इंस्पेक्टर हुए। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Sanjayji, whatever you are saying relating to a specific person or party, whichever it is, kindly authenticate it and place it on the Table after your speech.

**श्री संजय कुमार झा:** सर, मैं इसको बिल्कुल ऑथेंटिकेट करूंगा। वह इंटरव्यू है और It is all over. मैं इसको ऑथेंटिकेट करूंगा। इन्होंने कहा कि वह आतंकवादी का फोटो देखकर रोने लगी कि यह घटना कैसे हो गई। ...(**व्यवधान**)... देखिए, ये हमारे साथ गए थे, किताब भी निकाल ली है। इन्हीं की पार्टी के एक नेता, जो इसी हाउस के मैम्बर हैं, उन्होंने कहा कि इसको लेकर ज्यूडिशियल इंक्वायरी होनी चाहिए।

SHRI JAIRAM RAMESH: Please ask him to authenticate it. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please! Come on. ...(*Interruptions*)... Please continue, Sanjayji.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please continue.

7.00 P.M.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please. ...(*Interruptions*)...

---

£ *Expunged as ordered by the Chair.*

**श्री संजय कुमार झाः** मैं आपके माध्यम से यही कहना चाहता हूँ कि देश के लिए यह बड़ा प्राइड का टाइम है। वह जो घटना हुई, उसमें जितने भी लोग मारे गए - वह दुखद था। उन परिवारों के साथ हम लोगों की संवेदनाएँ हैं। जिस तरह की वह घटना हुई, उसके बाद हमारी आर्म फोर्सेज और इंटेलिजेंस सिस्टम ने जिस हिसाब से कार्रवाई की, वह अनपैरलल रही। हम लोग जहाँ भी गए, वहाँ यह बात उठती थी कि यह सीजफायर कैसे हो गया। हम लोगों को उस समय थोड़ा बहुत ही आइडिया था। हमें बताया गया था कि डीजीएमओ का कॉल आया था, लेकिन कल तो क्लैरिटी के साथ पता लग गया कि जिस दिन से यह घटना हुई है, till June, till the time the Prime Minister travelled to Canada, इस बीच उनकी कोई बात ही नहीं हुई थी। यह बात अब स्पष्ट हो गई है कि वहाँ के डीजीएमओ ने फोन किया था और यहाँ के डीजीएमओ से बात करके ही सीजफायर हुआ। इसका जो भी बैकग्राउंड रहा हो, लेकिन वह दो दिनों की घटना, जिस हिसाब से इंडिया ने ऑपरेशन सिंदूर में काम किया है, इंडिया के लिए वह शौर्य की बात है। मैं एक-दो बातें और जोड़कर अपनी बात समाप्त करूँगा।

महोदय, हम लोग जहाँ भी गए - चाहे ऑन दि रिकॉर्ड हो या ऑफ दि रिकॉर्ड हो - चूँकि लोग सामने भी बैठते थे - इंडिया की पोज़िशन को सबने अप्रिशिएट किया। हम लोग ओसामा बिन लादेन की फोटो दिखाते थे। हम लोगों ने दोनों फोटो दिखाईं। पहली फोटो दिखाई - उस ऑपरेशन में जो टेररिस्ट मारे गए, उनके फ्यूनरल पर पाकिस्तानी आर्मी के लोग बैठे हुए थे। हमने वह फोटो दिखाई। उन्होंने वह फोटो देखी। दूसरी फोटो दिखाई कि ओसामा बिन लादेन को पूरी दुनिया में कहीं जगह नहीं मिली, उसे भी पाकिस्तान में ही जगह मिली। इससे एक वीक पहले ही ओसामा बिन लादेन पर नेटफ्लिक्स पर एक डॉक्यूमेंट्री आई थी। हम लोग उसे भी क्वोट कर रहे थे कि just go and see that. जब हम लोग जा रहे थे, तब हमें फ्लाइट में ही उस डॉक्यूमेंट्री को देखने के लिए बोल दिया गया था। यह क्लैरिटी दुनिया में है। हमने यह भी कहा कि आप इंडिया और पाकिस्तान को हाइफेनेटेड मत कीजिए। एक बात तो मेरी समझ में आई - यह मेरा व्यक्तिगत अनुभव है कि आपकी आर्थिक शक्ति है, तो दुनिया आपको सलाम करेगी। यह सीधी बात है। यह सबको पता है कि पाकिस्तान की क्या स्थिति है, वह किस स्थिति में है। उसी समय खबर भी आ गई थी, तब हम लोग बाहर ही थे कि now India is the fourth largest economy in the world. यह खबर उसी समय आ गई थी। इंडिया की आर्थिक शक्ति को, इंडियन आर्मी की बाइट को, क्रॉस बॉर्डर टेररिज़्म पर इंडिया का जो स्टैंड है, इन सब को लेकर we put forward the new security doctrine outlined by PM Modi after Operation Sindoor. While listening to our explanation, no country questioned right to defend itself against terrorism. They also unequivocally condemned the terrorist incident of Pahalgam. मुझे लगता है कि हमारी यात्रा के बाद, यह जो डिबेट हुई है, अगर कहीं किसी बात को लेकर संशय की स्थिति भी थी, तो वह भी क्लैरिफाई हो गई है कि किस परिस्थिति में सीजफायर हुआ। इंडियन आर्मी का जो रिस्पॉन्स था, उसे लेकर बात स्पष्ट हो गई। जैसा कि मैंने बताया, हम लोग जापान में गए थे। वहाँ पर ब्रेकफास्ट में दूसरी कंट्री के एम्बैसडर को भी बुला लिया गया था। हमारे एम्बैसडर ने बताया कि ये लोग शाम को यहाँ से रिपोर्ट अपनी कंट्री में भेज देते हैं। इस मीटिंग में जो भी एक्सचेंज हुआ, हम लोगों ने जो भी बातें कीं, वे सारी बातें इनकी कंट्री तक पहुँच जाएंगी। So, across the globe,

the message has gone. इंडिया का जो स्टैंड है, जो न्यू नॉर्मल है, न्यू डॉक्ट्रिन है, वह पूरी दुनिया में चला गया है। मुझे लगता है कि वह इस क्लैरिटी के साथ चला गया है कि अगर कोई भी टेररिस्ट एक्टिविटी होगी, तो India is no more going to sit idle and they would hit back and hit back very, very aggressively. मुझे यही बात रखनी थी। सर, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे अपनी बात रखने के लिए इतना लंबा टाइम दिया।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Now, hon. Member, Shri Praful Patel.

SHRI PRAFUL PATEL (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, let me start by expressing my deepest condolences on the barbaric terrorist attack which took place in Pahalgam and the loss of human lives--25 Indian nationals and one Nepali national fell prey to terrorist bullets. And, what was even more saddening and unacceptable in terrorist attacks have happened in the past in our country and, maybe, in many parts of the world. But, for the first time, at least, in our country, we saw that people being identified by religion and shot in cold blood in front of their wives, children or the other extended family, actually, shook the conscience of the nation. It was not just about the Government reacting to a particular incident. I think, the entire nation stood as one in solidarity and anger was reflected in the mood. I am happy that all political parties associated with the mood of the nation and in a way supported the Government for any action it would take in future. I attended all-party meetings and I am happy that not a single voice of discord was noticed at that time. And, I am also very happy that the Government not only responded decisively but responded with, I would say, its full power by taking into account a lot of other factors necessary to keep the well-being of our nation. As our Government, concerned about the well-being of our nation and our citizens, took a measured response in giving a reply, a befitting reply, to the terrorist attack. And, I must say that we all have to salute our Armed Forces in every single way how they took up the challenge and gave a befitting reply. There are different versions and different voices. Some are saying why to attack! I was hearing the Leader of the Opposition in Lok Sabha just about an hour-and-a-half ago. He was responding, and please do not take it as an offence. I am just quoting what he said there. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: How he quotes!

SHRI PRAFUL PATEL: I am just quoting what came on television. ...*(Interruptions)*... Now you don't want me to authenticate Sansad TV! ...*(Interruptions)*...

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please, please. ...*(Interruptions)*... No cross-talk. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAFUL PATEL: There is no Sansad TV... ...*(Interruptions)*... It doesn't need to be authenticated. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): You can just refer.

SHRI PRAFUL PATEL: I was watching, I said, on the television and the Leader of Opposition, I am sure, he spoke well. He spoke also in the national interest. I am not trying to disagree with his thought process. But, he asked, how the Army can ...

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, that is very odd. ...*(Interruptions)*... How can he comment on LoP of the other House? ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAFUL PATEL: I am not commenting on the other House. ...*(Interruptions)*... I am just quoting. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: This has never been done before. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Hon. Member Praful*ji*, may I only request you to just make the statement without any references? ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAFUL PATEL: I will keep to the prescribed norms. However, I would like to just tell them that I was... ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: This is not ... ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Hon. Member, please. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAFUL PATEL: Okay, I will keep it to the prescribed norms. But, I would like to tell you that I was not talking derogatory or out of disrespect. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please no cross-talk. ...*(Interruptions)*...

Contents Page

SHRI PRAFUL PATEL: So, you are actually jumping the gun. You would have been, probably, happy to hear what I was going to say.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): *Mananiya* Praful*ji*. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAFUL PATEL: But, let us keep at that.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Yes, keep it at that.

SHRI PRAFUL PATEL: My friend, Jairam*ji*, you are very impatient.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): *Mananiya* Praful*ji*. ...*(Interruptions)*... Come to the point.

**श्री प्रफुल्ल पटेलः** साहब, ये मेरे बहुत पुराने साथी हैं।

**उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा):** मैं जानता हूं कि वे आपके पुराने मित्र हैं। Please. ...*(Interruptions)*...

**श्री प्रफुल्ल पटेलः** मैं अपने पुराने साथियों की आदत को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): *Mananiya* Praful*ji*, let us come back on this. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*... Come to the topic. ...*(Interruptions)*...

**श्री प्रफुल्ल पटेलः** इस देश में बहुत सारे टेररिस्ट अटैक्स हुए हैं। उसमें से हम कितने अटैक्स का उत्तर दे पाए हैं? उनमें से कितनों के बारे में हम अपने लोगों को न्याय दे पाए हैं? मेरे मित्र संजय झा अभी मुम्बई के 26/11 के अटैक के बारे में एक उल्लेख कर रहे थे। मुंबई का मैं भी हूं। 26/11 हुआ, तब हम सरकार में थे। चिदंबरम जी भी थे, जयराम जी भी थे और शायद रेणुका जी भी थीं। उस टाइम पर मुंबई में जो घटना घटी, उसमें शायद ...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please, no cross talks. ...*(Interruptions)*... Jairam*ji*, no cross talk. Please. ... *(Interruptions)*...

**श्री प्रफुल्ल पटेलः** बहुत सारी क्षति हुई। हमारे देश के कितने नागरिकों को मारा गया। केवल इतना ही नहीं, पूरे देश की अर्थव्यवस्था को, पूरे देश में अमन-चैन, शांति को भंग करने के लिए बहुत बड़ी साजिश रची गई थी। सरकार में रहते हुए भी हमने देखा, हमें समझाया भी गया कि देखिए,

इसके बारे में उत्तर उतना ही दिया जा सकता है, जो हमसे संभव हो। हमने देखा कि अल्टिमेटली डोसियर देने के अलावा, कि पाकिस्तान का इसमें हाथ है, पाकिस्तान के कुछ नागरिक इसमें शामिल हैं, इससे ज्यादा हम कुछ नहीं कर पाए। मैं उस टाइम पर दोष नहीं दे रहा हूं। फिर हमारे साथी कई बार उत्तेजित हो जाते हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि तब की जो परिस्थिति थी और आज जब यहां पर पहलगाम में यह घटना घटी, तो प्रधान मंत्री जी सऊदी अरब में थे। वे रातों-रात वहां की जो स्टेट विजिट थी, उसको कट करते हुए लौट आए। ...(**व्यवधान**)... यहां आने के बाद,

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please. ...*(Interruptions)*...Hon. Member, please. ...*(Interruptions)*... Not fair to him. ...*(Interruptions)*... Not fair. ...*(Interruptions)*...

**श्री प्रफुल्ल पटेल:** आप बहुत जल्दबाजी में मत बोलिए। यहां आने के बाद, यह 22 तारीख की घटना है, वे 22 की रात को लौटे, 23 को सीसीएस की बैठक हुई। यह हमने अखबारों में पढ़ा, टीवी में देखा। सीसीएस के निर्णय के बाद 24 तारीख को वे जब बिहार गए, तब वहां से उन्होंने देश को और दुनिया को संदेश देने का काम किया। उन्होंने कोई चुनावी बात नहीं कही। हमने भी गृह मंत्री जी और बाकी लोगों के जो भाषण सुने, उसमें उन्होंने जो कहा, उसके आधार पर हम कह रहे हैं। लेकिन एक बात निश्चित है कि सरकार ने दृढ़ संकल्प कर लिया था कि हमें इसका जवाब देना होगा और जवाब समय अनुसार देना होगा। ऐसा नहीं कि आज हुआ और हम 2 साल-5 साल तक रुके हैं। तुरंत 10-15 दिन के भीतर इसका जवाब देने की प्रक्रिया शुरू हुई और हम लोगों ने वहां पर नौ टेररिस्ट कैंप्स को रातों-रात डिस्ट्रॉय किया। 22 मिनटों का जो एक छोटा सा, लेकिन बहुत महत्वपूर्ण ऑपरेशन हुआ, उससे हर भारतीय के मन में एक गर्व महसूस हुआ कि आज हमारी सरकार हमारा रक्षण करने के लिए सक्षम है। इसलिए देखिए, किसी को भी राजनीति करनी होगी, तो वह तो होती ही रहेगी, लेकिन इस मुद्दे के मामले में हम लोगों ने जैसे ऑल पार्टी डेलीगेशन में भी कहा, बाकी कई वक्ताओं ने कहा कि हमने एकता दिखाई। हम लोगों ने दुनिया में एक मुंह से, एक ज़ुबान से बात की। हम लोगों ने देश को कहीं लेट डाउन नहीं किया। आज जब ऑपरेशन सिंदूर की बात होती है, तो हमारे सेना के शौर्य की बात होती है। आज टेक्नोलॉजी देखिए, विश्व में अब लड़ाइयां केवल टैंक्स की या यहां से बंदूकें लेकर हमारी सेना इस पार से उस पार गई, अब वह जमाना करीब-करीब खत्म हो रहा है। आज हमने ईरान और इजरायल की लड़ाई देखी। कहां ईरान, कहां इजरायल; कॉमन बॉर्डर भी नहीं है, लेकिन एक-दूसरे के ऊपर मिसाइल और ड्रोन के अटैक्स हो रहे थे। हम लोगों ने पहले दिन सीमा न क्रॉस करते हुए हमारी ही भूमि से वहां के नौ टेररिस्ट कैंप्स को 100-100, 150-150 कि.मी. दूर नेस्तनाबूद किया। एब्सोल्यूट प्रेसिज़न अटैक, जिस मकान पर, जिस इमारत पर बम गिराना था, वहीं पर बम गिरा, हमने वहीं के लोगों को मारने का काम किया, वहीं के टेररिस्ट्स को मारने का काम किया। यह हमारी भारतीय इंटेलिजेंस और हमारी सेना की जो टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट है, उसकी मिसाल थी। उसके बाद भी हम लोग बोलेंगे कि नहीं, नहीं, मेजर रिस्पांस क्यों, यह क्यों, वह क्यों। मैं बगल के हाउस की बात नहीं करना चाहता हूं, इसलिए मैं यही कहूंगा कि बहुत सारे सवालिया प्रश्न उठा लिए।

Contents Page

जब हम लोगों ने यह किया, तो उन लोगों का response आया। वह response यह आया कि दो दिन लगातार रातों-रात उन्होंने हमारे ऊपर ड्रोन और मिसाइल के attacks किए। यह आप लोगों को भी मालूम है। हम लोगों ने टीवी पर भी देखा। दिल्ली की ओर आते हुए एक मिसाइल को हमारी सेना ने हरियाणा में मार गिराया था। कहने का मतलब यह है कि उन्होंने अपनी तरफ से शुरुआत कर दी। उसके उत्तर में हम लोगों ने करारा जवाब दिया और पाकिस्तान के 11 military airfield, airbases को नष्ट करने का काम किया। उतना ही नहीं, nuclear power, nuclear blackmail की यहां पर बहुत से लोगों ने चर्चा की। हमें मालूम है कि उनके nuclear assets कहां पर रखे थे और इसीलिए nuclear assets के ठीक बगल में जो एक पहाड़ी थी, हम लोगों ने, हमारी मिसाइल ने उस पहाड़ी पर जाकर attack किया, यह इशारा करने के लिए, कि हमें यहां तक पहुंचना आता है और अगर कल आपने हमें कुछ और ज्यादा धमकाने की कोशिश की, तो हम आपके nuclear assets को भी destroy करने की ताकत रखते हैं। हमारी सेना ने यह करके दिखाया। इसके बाद भी सब लोगों को लगता है कि हम लोगों ने ढीली बात कर दी, हम लोगों ने ceasefire कर दिया, किसी के दबाव में आकर ceasefire किया। आप बार-बार जिसकी बात करते हैं, that somebody called and, therefore, there was a ceasefire. That person is talking something in the morning, something else in the evening and something else in the night and he is talking about not India but about many other countries. I don't want to name anybody because after all there is a protocol about our relationships with countries. But, at the same time, when the External Affairs Minister makes a very candid statement here, on the floor of the House, that this was the day when the two Heads of States spoke and the next conversation was after so many days. There was no conversation during Operation Sindoor or otherwise. Why should we in Parliament or as a nation disbelieve our own Government or our own External Affairs Minister? It is very shocking, very surprising and, therefore, I would say that we have to take all these factors into account.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please conclude.

SHRI PRAFUL PATEL: Sir, I am concluding. We can also engage in war. It is not so difficult. But, the point is, India has more to lose or they have to lose more. In that country, there is nothing left. It is, as my friend said, 'Nobody recognizes Pakistan as an economic State at all.' It is a State which is living off the IMF dole. It is living off the World Bank money. It is living off the Asian Development Bank money.

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की हालत जो है, वह आप लोगों को मालूम है। वहां पर खाने-पीने के भी वांदे पड़े हैं। लेकिन, आज हमारा भारत, एक सशक्त भारत, मोदी जी के नेतृत्व में विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनता है, तो आज भारत को जिम्मेदारी से सोचना पड़ेगा कि लड़ाई करके हमारा नुकसान हो रहा है या केवल उनका नुकसान हो रहा है। हमें हमारा भी देखना है। आज के आधुनिक warfare में जिस तरह से देश और दुनिया बदल रही है, हम लोगों को भी

जिम्मेदारी से काम करते हुए, हमारे देश की रक्षा करनी होगी। मुझे इस बात की खुशी है कि हमारी सरकार ने यह फैसला किया है कि हमारे देश में अगर कोई आतंक फैलाएगा, तो हम इसको अब आगे कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उसको नष्ट करके, खत्म करके ही रहेंगे। आज यह एक बहुत बड़ा संदेश, ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से गया है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you.

**श्री प्रफुल्ल पटेलः** सर, अंत में, गृह मंत्री जी ने जो ऑपरेशन महादेव के बारे में भी जानकारी दी है, मैं उसके बारे में कहना चाहता हूँ। ऑपरेशन महादेव, जो लोग शंका कर रहे थे कि जो आतंकवादी आए, वे मार कर तो चले गए, तो क्या सरकार अभी तक सोई हुई है, तो आज उसका भी पूरा फैसला हो चुका है और पूरी सच्चाई हमारे देश के सामने आ चुकी है। यह हम सब लोगों के लिए फख़्र की बात होनी चाहिए।

मैं आपसे और सदन के मेरे सभी साथियों से निवेदन करूंगा कि राजनीति के लिए हमारे पास बहुत जगह है। ऑपरेशन सिंदूर के मामले में और यह जो पूरी घटना हुई है, इसके बारे में हम एक मुख से बात करें। हमारे जवानों के शौर्य को हम सब लोग सलाम करते हैं, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. Now, Shri Milind Murli Deora.

**श्री मिलिंद मुरली देवरा** (महाराष्ट्र)ः सर, मैं सबसे पहले पहलगाम terrorist attack में मारे गए निर्दोष नागरिकों और उसके आप्तमात में भारत-पाक के बीच जो संघर्ष हुई, उसमें मारे गए निर्दोष लोगों को महाराष्ट्र की ओर से, अपनी पार्टी की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहता हूँ। साथ ही, सभी माननीय सांसदों ने जो कहा, मैं भी उस बात को दोहराना चाहूँगा कि हमारे वीर सैनिकों को भी मैं नमन करता हूँ। And, I think, it is fair to say that this entire House, cutting across parties, will never forget their bravery and sacrifice. Sir, a few people may know that the biggest contributor of tourism to the State of Kashmir, to the region of Kashmir, is Maharashtra. And, therefore, after this attack, it left a very deep scar on the people of Maharashtra. मैं सबसे पहले हमारे महाराष्ट्र की सरकार को इसलिए धन्यवाद देना चाहूँगा, इसमें बहुत सारी राज्य सरकारें थीं, who went to Kashmir, to Srinagar, to rescue stranded tourists and bring them back. And, Maharashtra *Sarkar* played a very, very key role in arranging aircrafts to bring back the tourists who were stranded there almost immediately.

इसके साथ-साथ, I don't think कि इस सदन में किसी सांसद ने उस व्यक्ति का उल्लेख किया है। शायद एक आदिल हुसैन शाह, एक कश्मीरी पॉनी ऑपरेटर, जो टूरिस्ट्स को मदद करते समय एक आतंकवादी द्वारा मारा गया। मैं आज गर्व से कह सकता हूँ कि हमारी पार्टी शिवसेना और हमारे मुख्य नेता एकनाथ शिंदे जी ने उनके परिवार के सदस्यों को 5 लाख रुपए की राशि दी है और उन्हें उनके घर बनवाने के लिए हम पूरी तरह से उनकी मदद कर रहे हैं।

Contents Page

And, why am I saying this point? Not to score a political point or make a political observation, but Maharashtra has always stood by the country when there is a tragedy, even when it transcends our borders. This has happened in Bhuj, when there was an earthquake in Gujarat. It has happened in many parts of the country. In addition to that, I must congratulate this Government, the hon. Prime Minister's resolve, the hon. Home Minister's resolve, the hon. Defence Minister's resolve, as Sanjay Jha*ji* spoke before me, there is a new normal in our country. And, I think, the deterrence capacity of India and our new normal is proving to be effective. Somebody had famously said across the border that our strategy is to hit India and bleed India with a thousand cuts. For the first time, we can say with great confidence that India is refusing to be bled by a thousand cuts and we are ready to strike where India has never struck before.

सर, लोक सभा, राज्य सभा में हमारे माननीय गृह मंत्री जी, रक्षा मंत्री जी ने ऑपरेशन सिंदूर की military operation के बारे में पूरे देश को संबोधित किया। I don't want to repeat some of those points. But, to me, there are a few highlights that are very, very critical to repeat. The fact that we went 100 kilometres into the heart of Pakistan to strike where we have never struck before is an important point to reiterate. The fact that Operation Mahadev, led by the Indian Army, the CRPF, and the local J&K police, neutralised all three terrorists who were involved in Pahalgam attack. खास करके आज सुबह हमारे माननीय रक्षा मंत्री जी ने एक point, जो बहुत ही महत्वपूर्ण point है, जिसमें उन्होंने कहा कि हमारे defence exports, today in 2024, are 35 times more than they were in 2014. After that speech, I quickly went through some statistics. In 2014, India's defence exports were only to the tune of Rs. 1,940 crores. Our defence imports were to the tune of Rs. 50,000 crores. Today, our defence export in 2024 has gone up from Rs. 1,900 crores to Rs. 24,000 crores. मैं इसका पूरा श्रेय 'मेक इन इंडिया' कैंपेन को देना चाहता हूँ और खास करके मैं हमारे पब्लिक सेक्टर, प्राइवेट सेक्टर, डिफेंस इंडस्ट्री को बहुत-बहुत धन्यवाद और बधाई देना चाहूँगा।

सर, मेरा हमेशा यह मानना रहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा एक ऐसा मुद्दा है, एक ऐसा इश्यू है, जिसका हमें कभी भी राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। We have many issues to score political points at each other, but this is an issue where we must rise above politics. You yourself were a part of a delegation led by my colleague. But it is important to highlight certain facts and figures, and, I think the hon. Home Minister raised these points in the Lok Sabha yesterday. The fact is that in the last 10 years, terror incidents in Jammu and Kashmir have dropped by 69 per cent. Naxal-related deaths in the last 10 years have fallen by 70 per cent. There has been a ten-fold reduction in terror incidents and an 80 per cent reduction in civilian casualties in Kashmir since the abrogation of Article 370. Cross border infiltration from 2010 -- UPA had a role to play

in that, NDA has a role to play -- to 2023 has come down by 90 per cent. लेकिन, मुम्बई के बारे में बहुत लोगों ने चर्चा की। हमारे संजय भाई ने चर्चा की, प्रफुल्ल भाई ने चर्चा की और रक्षा मंत्री जी, होम मिनिस्टर सहित कई लोगों ने उसकी चर्चा की। Sir, I must tell you, I have represented South Mumbai as a Lok Sabha MP from 2004 to 2014. Someone spoke about a Congress MP who wrote a book and said that he is not an expert. But I can tell you, when you are a local MP of an area which has been struck repeatedly by terrorists, you become an expert. In 2006, in the suburban train blasts, how many people died? Almost 190 innocent lives were lost in 2006. Immediately after that, in two years, we saw 26/11/2008. That claimed 166 lives and beyond the lives that it claimed, it left in many ways a permanent scar on the conscience of our nation. उसके तीन सालों के बाद, I remember Mr. Chidambaram was the Home Minister of India at the time and he visited Mumbai. In 2011, Zaveri Bazar, the gold hub of India; Pancharatna, the diamond hub of India, and many other parts of Mumbai were attacked, where almost 27 people lost their lives. लेकिन, आज मुझे यह बताते हुए बहुत गर्व और प्रसन्नता हो रही है कि मुम्बई में एक दशक से अधिक समय में एक भी आतंकवादी हमला नहीं हुआ। Not even one terrorist attack since 2011 to now, 2025. I also want to bringa very important point since a lot of people are talking about Mumbai. For the Houses's knowledge, Mumbai is one of the most congested cities in the world. Mumbai suburban rail network handles 50 per cent of India's daily railway traffic. Imagine the scenario in 2006 when commuters during peak hours are riding home after a long day of work, seven blasts, one after the other-- in suburban trains during peak hours in 2006 -- killed 189 people and injured more than 824 people. But, for 20 years, that matter has been languishing before the court. मैं उज्जवल निकम जी को बधाई देना चाहता हूँ, जो आज सांसद बन चुके हैं। Maybe, he will also highlight some of the legal lacuna on that issue. But on July 21st, just last week, the hon. Bombay High Court passed a verdict where they acquitted all 12 accused on that issue. Sadly, only a few political parties in this country, including mine, demanded that the Maharashtra Government should appeal that decision in the Supreme Court. And, within three days of that appeal, on July 24th, I am happy to say that the Supreme Court of India stayed the operation of the Bombay High Court's decision. And, I can assure, through this House, all the victims of the 2006 terror incident, that the Maharashtra Government will do whatever is required in the Supreme Court to ensure that they get justice after 20 long years. जहाँ तक पाकिस्तान की बात है, I do not think there is any reason to reiterate the point about Pakistan being what it is. आज पूरे विश्व में लोग जानते हैं कि पाकिस्तान की हुकूमत असल में चुनी हुई सरकार के पास नहीं, बल्कि पाकिस्तानी आर्मी के पास है। इस बात को कई लोगों ने कहा और मैं भी इस बात को दोहराना चाहूँगा कि पूरे विश्व में सरकारों के पास जहाँ आर्मी होती है, पाकिस्तान में आर्मी के पास एक सरकार है। इस inversion

की वजह से, peace with a rogue State like Pakistan remains very elusive. During Operation Sindoor, during the peak of the military campaign, who were the people that the Indian Government and the Indian people had as our spokespersons? हमने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को प्रवक्ता के रूप में मैदान में उतारा। But who was Pakistan army's spokesperson? A man, Lieutenant General Ahmed Sharif, जिनके पिता एक ऐसे साइंटिस्ट थे, जिन पर यूनाइटेड नेशन ने ओसामा बिन लादेन को न्यूक्लियर जानकारी, न्यूक्लियर सीक्रेट्स देने का आरोप लगाया है। So, the fact is, यह एक बहुत ही गम्भीर तथ्य है। It is a serious fact. Pakistan is a banana republic and हमें हर रोज़ दुनिया को यह याद दिलाते रहना होगा। जहां तक diplomatic effort की बात है, उसमें आप भी एक डेलीगेशन में शामिल थे, हमारे कई सांसद, cutting across parties, went abroad, travelled to different parts of the world. I had the opportunity to travel to South America, Central America, North America, including the United States. Firstly, I must thank the leader of my delegation, Dr. Shashi Tharoor, who I would say led from the front. He led very effectively, very inclusively. I also thank the Prime Minister, my party leader, the External Affairs Minister.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Can we keep the silence a bit? The murmur is slowly increasing around the House. So I request all the hon. Members, keep silence,, please. माननीय Pramodji, can we just keep silence a bit? थोड़ी शांति बनाए रखें। The murmur is slowly rising in the House. Thank you. Please continue.

SHRI MILIND MURLI DEORA: I thank the Prime Minister, External Affairs Minister, for nominating me to go on this important delegation. But I am also grateful to two Members in this House. One is Mr. Sarfraz Ahmed. Second is Mr. Bhubaneswar Kalita from Rajya Sabha, who were part of this delegation that I was part of. We had four MPs from the Lok Sabha. We had a former diplomat. And I want to thank, firstly, all our hardworking diplomats. I think it is fair to say that India's diplomats are second to none. They do an amazing job representing our country around the world. But, unfortunately, the positive is that Operation Sindoor's diplomatic effort united all of us. But the unfortunate part is, it united us only momentarily. लेकिन मेरा एक अनुभव है। माननीय शक्तिसिंह जी, I want to make one important point. इस 'ऑपरेशन सिंदूर' ने यदि हमें कुछ सिखाया है, तो यह सिखाया है कि जब भारत एकजुट होता है, तभी भारत प्रभावशाली होता है और हम कुछ भी सफलता से प्राप्त कर सकते हैं। And in that spirit, I want to make some very constructive suggestions. *Humare* Shekharji is also here as a Union Minister. I would like him to take these suggestions to the Government.

Number one, पाकिस्तान की इंटरनेशनल फाइनेंसिंग पर बात हुई है, चाहे IMF हो या bilateral aid की बात हो, सर्वप्रथम मैं गवर्नमेंट को धन्यवाद देना चाहता हूं कि FATF और अन्य

एजेंसीज़ के माध्यम से हम दबाव बढ़ा रहे हैं। इसके साथ-साथ, one point which people may not have spoken about. In the past, a country like Ukraine, a country like South Africa, which were nuclear powers, have been denuclearised. We must push unitedly for the denuclearization of Pakistan.

Then, since Operation Sindoor is still active, I would urge the Government that rather than responding only reactively, if we have credible intel that there is a terror camp in Pakistan and they are planning a terror attack against India, we must act swiftly and pre-emptively, not just reactively. इसके साथ-साथ हमें एक जो बहुत ही महत्वपूर्ण फीडबैक, खासकर गयाना, पनामा और कोलम्बिया, दक्षिण अमेरिका और सेंट्रल अमेरिका से मिला, जिसे हम ग्लोबल साउथ कहते हैं। आप भी अफ्रीका ग्लोबल साउथ में गए थे। अमेरिका ने USAID, which is their Development Assistance Arm, उन्होंने उसे बंद किया है। That has left a vacuum in the Global South. In my opinion, India must increase its developmental assistance to the Global South. Countries like Panama, Columbia, Guyana told us very clearly, we want a non-US, non-Chinese partner like India that is democratic and that can invest and lend to the region. We must also, which I think something which every MP will agree with me on, revive our international parliamentary friendship groups, send more multi-party MPs overseas to represent India. I think, this will increase our goodwill across the world. But unfortunately, जो एक दुर्भाग्यपूर्ण विषय है...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Hon. Member, let us conclude.

SHRI MILIND MURLI DEORA: Sir, I will conclude in a few minutes. बहुत से लोग कहते हैं कि हमें इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। But unfortunately, this issue has become politicised. I just want to comment on a few things.

Firstly, it is curiously unfortunate; I am not naming any country; I am not naming any individual. When the Head of State of a certain country, who may not have a deep understanding of South Asian history, repeatedly makes a claim that India and Pakistan's conflict dates back thousands of years, when all of us know it is from 1947, no one chooses to quote him, but when he makes a claim that suits someone's narrative, that gets quoted. So, I want to make one comment. I studied in the US. We respect America's people. We respect America's democracy. I would say, we respect even America's presidency. But our trust in India's Armed Forces and elected leadership has to precede the words of any Head of State regardless of which country they belong to. In fact, one advice to the Americans — if the Americans had listened to India's experience and knowledge regarding Pakistan,

perhaps 9/11 and the eight trillion dollar war on terror would not have happened. Sir, just a few points more; I am summing up.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Hon. Member, we will have to conclude.

SHRI MILIND MURLI DEORA: Sir, I am summing up. The other issue is of foreign validation. Some people asked a question: has our diplomacy failed? Which country supported us? Firstly, in my opinion, that is a wrong question. You may have seen that also. Many countries supported us.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): We will have to conclude, hon. Member.

SHRI MILIND MURLI DEORA: But, when it comes to our national sovereignty, when it comes to protecting our borders, in my opinion, we don't need anyone's approval. We don't require anyone's permission. There are many countries that told us this. Many parts of the world are war-wary, because of Russia-Ukraine, Israel-Palestine, Israel-Iran, and to some extent, now recently, Thailand-Cambodia. They can choose to remain silent, but we have every right to defend ourselves and not take anyone's permission. Sir, I must make a very important point. Despite that, BRICS nations supported us. Recently, FATF condemned the Pahalgam attack. America designated TRF, which took credit for this attack, as a Foreign Terrorist Organization, लेकिन जो लोग आज भी international validation के लिए desperate हैं, तो मैं एक अनुभव उनको बताना चाहता हूं। ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. We will have to move on.

**श्री मिलिंद मुरली देवरा:** जब हमारा डेलीगेशन वाशिंगटन डी.सी. में था, House Foreign Relations Committee Chairpersons were meeting us, Mr. J D Vance, America's Vice-President, was receiving our delegation, उसी समय पाकिस्तानी डेलीगेशन led by Bilawal Bhutto, जो एक भिखारी की तरह वाशिंगटन डी.सी., न्यूयॉर्क का चक्कर काट रहे थे कि हमें भी मिलिएगा। ...**(व्यवधान)**... Mr. J D Vance, Vice-President of America, only met our delegation. I want to summarise by making a few last words.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): I am sorry; we are running out of time. Just 30 seconds.

SHRI MILIND MURLI DEORA: Sir, last few words; I am from Mumbai. We have seen terror attacks very, very closely. Unfortunately, I stood up in the Lok Sabha in 2008 after 26/11 happened in my constituency. I demanded retaliation; I demanded action. Sadly, it never came. And today, those who did nothing are trying to find faults in those that did something. So, I want to thank the Government. I want to thank them for the new normal. This new normal should continue and, as I said, since *Operation Sindoor* is still active today, we must act pre-emptively and we must ensure that there is no terror attack in India ever again. Thank you very much.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Shri Samik Bhattacharya.

**श्री सामिक भट्टाचार्य** (पश्चिमी बंगाल): उपसभाध्यक्ष महोदय, यह पहलगाम की पहल क्या है? धर्म पूछ-पूछ कर लोगों को गोली मारना हिंदुस्तान में कोई नई बात नहीं है। ऐसे ही 1990 में हुआ था, जब कश्मीर घाटी से सारे कश्मीरी पंडितों को निकाला गया था और medieval age में चले जाइए, तो हिंदुस्तान के लिए कोई नई बात नहीं है। भारत ने ऐसे आक्रमणों का बहुत सामना किया है, लेकिन वह भारत बदल चुका है। यह नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलता हुआ भारत है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के साथ 3,323 किलोमीटर के बॉर्डर को सुरक्षित कर दिया है। चीन की कोई भी missile, drone, Pakistani indigenous technique से बना हुआ कोई भी शस्त्र उसको पार नहीं कर सकता है, लांघ नहीं सकता है। पाकिस्तान ने सिंदूर की कीमत चुका दी और महादेव के त्रिशूल ने भी पत्ता साफ कर दिया। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please, please. ...*(Interruptions)*... No cross talks, please. ...*(Interruptions)*...

**श्री सामिक भट्टाचार्य**: अभी जितना बोलना था, बोल दिया, लेकिन यह आतंकवाद है क्या? आतंकवादी मारे गए, आतंकवाद की घाटी तोड़ी गई, पाकिस्तान पर जो कार्रवाई करनी थी, हम लोग वह कार्रवाई भी कर चुके हैं and our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi, has already categorically mentioned that any such further act of terrorism will be considered as an act of war and we will reciprocate accordingly. हम लोगों ने उनका एयर फोर्स बेस तोड़ दिया, वह पाँच साल तक ऑपरेट करने की स्थिति में नहीं है। वहाँ उसका सिर्फ हार्डवेयर बेस ही नहीं तोड़ा है, बल्कि अब उसकी operational readiness भी खत्म हो गई है। भारत ने अपनी शक्ति दिखा दी है, लेकिन आज हमें सोचना चाहिए कि यह आतंकवाद क्यों पनपता है? सर, राष्ट्र कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' जी की एक कविता याद आ रही है:

*'माताओं को शोक, युवतियों को विषाद है;*
*बेकसूर बच्चे अनाथ होकर रोते हैं।*
*शांतिवादियों! यही तुम्हारा शांतिवाद है?'*

Contents Page

सर, मैं कोलकाता का रहने वाला हूं। हमारे वहाँ पर काशीपुर कॉटन सिल्क फैक्ट्री थी। वहाँ पर बंदूक के बदले शांति की वार्ता देने के लिए coffee percolator बनाया जाता था। महोदय, आज इस चर्चा में बहुत लोगों ने भाषण दिया। कांग्रेस की तरफ से खरगे जी ने इतना तक बोल दिया कि तुम लोग गद्दार हो, स्वतंत्रता संग्राम में तुम्हारा योगदान क्या है, जो कुछ किया, कांग्रेस ने किया आदि-आदि। सर, हमारी चर्चा का विषय कांग्रेस और भाजपा नहीं है, यह तू-तू, मैं-मैं नहीं है, बल्कि इस समय पूरे संसार को सोचना चाहिए कि आतंकवाद को कैसे खत्म किया जाए। It is a cancer to human civilization; it is a curse to humanity. It is a hydra-headed monster. Kill it before it kills you. सर, आयरन चांसलर बिस्मार्क ने बताया था, "When enemy is at your doorstep, it cannot be sorted out by eloquence. It requires fighting, vigorous fighting". हमें लड़ना चाहिए, लेकिन लड़ाई तो हम लोग बंदूक और मिसाइल से लड़ रहे हैं, पर इसके पीछे कारण क्या छिपा हुआ है? I would like to quote from the Presidential Address by Sir Iqbal. सारे जहाँ से अच्छा का इक़बाल। In 1930, Jinnah was in London. In absence of Mr. Muhammad Ali Jinnah, he presided over the meeting of the Muslim League. What he told I am quoting a few paragraphs from his speech. "Islam is not just a set of theological beliefs. It is a complete system of life -- spiritual, political, economic, social. To separate religion from the State is un-Islamic. The religious ideal of Islam, therefore, is originally related to the social order which it has created." उसके बाद उन्होंने बोला, "It demands the realisation of a free Muslim society governed by the principles of Islamic law and ethics. Therefore, Muslims are not a minority. They are a nation according to any definition of a nation and they must be reorganised as such". वे भाषण में बोल रहे हैं, "I would like to see the Punjab North-East Frontier Province, Sindh and Baluchistan amalgamated into a single State, self-Government within the British Empire or without the British Empire. The formation of a consolidated North-West Indian Muslim State appears to me to be the final destiny of the Muslim, at least, of North-West India". यह कहना है इक़बाल का। सर, शुरू से भी ऐसे नहीं होता है। आज जो लोग पाकिस्तान में कष्ट झेल रहे हैं, उनकी क्या स्थिति है, हमें उसकी सारी जानकारी है। They are spending their money just to enhance their military capacity. They are spending their money just to strengthen their intelligence. They have failed to eradicate the poverty from their own State. पाकिस्तान क्या लड़ेगा? वह दुनिया में अपने नाम से एक दुकान भी चला नहीं सका, एक रेस्तरां भी खोल नहीं सका। अमेरिका, लंदन या कहीं भी चले जाइए, name an Indian restaurant और उसका मालिक है पाकिस्तानी। उसे देश की ऐसी स्थिति है, हम उससे क्या लड़ेंगे! They fought four conventional wars with us and every time, they lost miserably. "Bleed India with thousand cuts" - यह तो बहुत दिन से चला आ रहा है। लेकिन आज पूरे देश, पूरी दुनिया को यह समझना चाहिए कि यह कहाँ से आया। हमारा माइंडसेट क्या है। I would like to quote Balasaheb Thackeray. हमने 1993 में बालासाहेब ठाकरे को शिवाजी पार्क में मीटिंग में सुना। I could not understand Marathi language, but the very

Contents Page

next day, it was published in the newspaper. बालासाहेब ठाकरे जी का यही कहना था कि बख़्तियार खिलजी ने पूरे नालंदा विश्वविद्यालय को ध्वस्त कर दिया, सारी किताबों को जला डाला और आज जब हम नालंदा विश्वविद्यालय देखने के लिए जाते हैं, तो हमें उतरना कहाँ पड़ता है? हमें उतरना पड़ता है बख़्तियारपुर रेलवे जंक्शन पर! सर, इस माइंडसेट को बदलना चाहिए।

सर, एक और बात है। मैं यह बोलना चाहती हूँ कि देखिए, हम लोग बाहरी शत्रुओं से लड़ रहे हैं। हमारा देश गांधी और सुभाष चन्द्र बोस, इन दोनों के बताये हुए रास्ते पर चलता है। दोस्तों के लिए हमारे दिल में जितनी मोहब्बत है, उतनी ही दुश्मनों के लिए ज्वाला भी है और यह हम दिखा चुके हैं। मैं बोलूंगी कि जब हम ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तानी टेररिस्ट्स से लड़ रहे हैं, बाहर के शत्रु से लड़ रहे हैं, तो मेरी यह रिक्वेस्ट है कि हमारे जो इंटरनल शत्रु हैं, हमें उनसे भी लड़ना चाहिए। हम आज सिंदूर के ऊपर बात कर रहे हैं। मैं भी एक मां हूँ, किसी की बीवी हूँ, किसी की बेटी हूँ, किसी की बहन हूँ और एक महिला होते हुए मैं सोच सकती हूँ, समझ सकती हूँ कि भारत के ओडिशा में कितनी सारी ऐसी महिलाएँ और गर्ल्स हैं, जिनके ऊपर इतने ज्यादा टॉर्चर्स होते हैं कि उनका सिंदूर वैसे ही मिट जाता है। वे सिंदूर लगा नहीं पाती हैं। हमारे ओडिशा

---

[&] English translation of the original speech delivered in Odia.

Contents Page

की बेटी, सौम्याश्री बिशी, जो फकीर मोहन एफएम कॉलेज में पढ़ती थी, उसने self-immolation कर लिया। जिसकी डोली उठनी थी, उसकी अर्थी उठ गई, सर! क्या करें? सुभद्रा पदीन, जो तालचेर, अनुगूल की रहने वाली थी, उसकी भी अर्थी उठ गई, सर! आखिर क्या किया जाए? जैसे, हम लोग बाहर के लोगों से लड़ते हैं, उसी तरह हमारे अंदर भी जो शैतान बैठा है, उससे भी हमें लड़ना चाहिए, नहीं तो कुछ नहीं होगा। आप अंदर के शैतान को भी मारिए, बाहर के शैतान को भी मारिए, तभी हम शांति से रह पाएँगे, peace से रह पाएँगे।

मैं एक बात और कहूँगी। *"ये सुबह कभी तो आएगी, ये सुबह कभी तो आएगी।"* कब? जब हमारे पास पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर होगा। हम जानते हैं कि हमारा जो अधिकार छीन लिया गया है, ऐसा करके उसको भी हम कभी न कभी अपने साथ ला सकते हैं। मैं बोलूँगी कि यह जो घटना हुई, उसकी जितनी कड़ी से कड़ी निंदा की जाए, वह कम है। उस घटना में हमारे ओडिशा के बालेश्वर के प्रशांत सत्पथी भी शहीद हो गए। मैं यह डिमांड करूँगी कि जिन लोगों की वहाँ पर डेथ हो गई, कम से कम उनकी फैमिली को शहीद के परिवार का दर्जा दिया जाए और आगे ऐसी कोई प्रॉब्लम दोबारा न हो, इसको नजरअंदाज न किया जाए। ...(**समय की घंटी**)...

मैं सेना को फिर से इस बात के लिए पूरा श्रेय देना चाहती हूँ और यह कहना चाहती हूँ कि जब हमारी सेनाएँ हैं, तो हम लोग सुरक्षित हैं। मैं उनका बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करना चाहती हूँ। Thank you so much. वंदे उत्कल जननी! जय श्री जगन्नाथ!

9.00 P.M.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. WILSON): Now, Shri Ujjwal Devrao Nikam. It is your maiden speech and you have fifteen minutes' time.

**श्री उज्ज्वल देवराय निकम** (नामनिर्देशित): आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि न्यायालय के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ कानूनी जंग मैंने खुद लड़ी है। इसलिए मुझे first hand personal knowledge आतंकवादियों के बाबत है। इसलिए मैं आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में विभिन्न सरकारों द्वारा अपनाई गई रणनीतियों की भी विश्लेषात्मक तुलना करूंगा, यह critical analysis इसलिए ज़रूरी है कि अगर हमें 'ऑपरेशन सिंदूर' पर discussion करना है, तो हमें यह जानना होगा कि आज तक जो भी सरकारे आईं, उन्होंने आतंकवादियों के खिलाफ क्या गतिविधियां अपनाई थीं और उनके बारे में पाकिस्तान का क्या रवैया रहा। मैं यह ज़रूर कहूंगा:

*'सच कहना अगर जुर्म है, तो जुर्म सही।*
*झुकना नहीं आता हमें, जो बात सही है, वही कहेंगे ज़माने से।*
*चाहे मिलें तालियां या फिर ताने सभी।'*

मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि मैंने जो पहली ट्रायल 1993 बम ब्लास्ट की चलाई थी। 12 मार्च, 1993 में मुम्बई में 12 अलग-अलग जगह पहली बार RDX इस्तेमाल करके time pencil

Contents Page

detonator लगाकर एक ही वक्त में मुम्बई में बम विस्फोट किए थे। उसमें ढाई सौ से अधिक लोग मर गए थे और कई बेगुनाह जख्मी भी हुए थे, लेकिन इसमें जो home-based terrorists थे, उनको उकसाया गया था। उनको उकसाने की मदद पाकिस्तान ने की थी। हमारे पास सारे सबूत थे। उस वक्त की सरकार के बारे में मैं संक्षिप्त में कहूंगा। इसलिए कहूंगा कि क्या आपने आतंकवादी गतिविधियों को रोकने की कोशिश की? क्यों हम पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाने से डर रहे थे? 12 मार्च, 1993 की साजिश दुबई में हुई थी। दुबई में हमारे home-based terrorists को पाकिस्तान भेजा गया था। सवाल यह पैदा होता है कि हमारे पास पाकिस्तान के involvement का क्या सबूत था?

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA) *in the Chair*.]

उपसभाध्यक्ष महोदय, जिस वक्त हमारे home-based terrorists इस्लामाबाद पहुंचे वहां पाकिस्तान सरकार की तरफ से यह व्यवस्था की गई थी कि immigration formalities को दुर्लक्ष्य किया जाए। नतीजा यह हुआ कि उनके पास भारतीय पासपोर्ट होने के बावजूद, उन पर embarkation, disembarkation का ठप्पा नहीं लगाया गया था। जो हमारे home-based terrorists पकड़े गए, उनके पासपोर्ट की जब तलाशी ली गई, तब यह बात स्पष्ट हुई। छानबीन के बाद उन्होंने बताया, "साहब, हम गुनाह कबूल करते हैं, गलती हमसे हुई है।" उनकी गवाही कोर्ट में दर्ज की गई और उन्होंने यह साफ तौर पर जानकारी दी थी।

यह बताना आवश्यक है कि उस मामले की चार्जशीट मुम्बई पुलिस, अर्थात महाराष्ट्र पुलिस ने दर्ज की थी। चार्जशीट दर्ज करने के बाद, पूरा इन्वेस्टिगेशन सेंट्रल एजेंसी के पास भेज दिया गया था। मैं उस केस में Special Public Prosecutor था। हमने उस मामले में 'Waging War against the Government of India' का चार्ज लगाया था। परंतु, जैसे ही हमने चार्जशीट दाखिल की, उसके बाद सेंट्रल एजेंसी ने वह चार्ज हटा दिया। प्रश्न उठता है कि क्यों हटाया गया? यह एक अहम बात है। उस समय भी हम पाकिस्तान से डर रहे थे - इसके बाद जो दूसरा केस, जो important case था, जिसका जिक्र आज former Union Home Minister ने भी किया।

26/11, 2008 को मुम्बई में आतंकी हमला हुआ, जिसमें अजमल आमिर कसाब एकमात्र आतंकवादी था, जिसे जिंदा पकड़ा गया। बाकी सभी आतंकवादी एनकाउंटर में मारे गए। उस समय मुझसे कहा गया कि कसाब के खिलाफ अलग-अलग चार्जशीट दाखिल करो, ताकि हम उसे जल्द से जल्द फांसी दिला सकें। मैंने पूछा – "क्यों?" तो कहा गया कि हमें कसाब को फांसी दिलानी है।

मैंने कहा कि कसाब को तो ऐसे ही फांसी मिल सकती है। नहीं, नहीं हमें सिर्फ कसाब को ही फांसी देनी है। मैंने कहा कि अगर आप ऐसा करेंगे, तो हम पाकिस्तान का नकाब दुनिया के सामने नहीं ला सकते। हमने नहीं माना। हमने मुंबई पुलिस को हिदायत दी कि सिन्गल चार्जशीट दर्ज करो। हमने सिन्गल चार्जशीट दर्ज की। Within a year, we completed the trial. फिर उसके बाद हम इस्लामाबाद गए थे as a member of the official delegation. मैं 2012-2013 में इस्लामाबाद गया था और मेरे साथ गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के तीन ऑफिशियल्स थे। वहां पाकिस्तान के अधिकारियों के साथ हमारी मीटिंग हुई थी। हमने पाकिस्तान के अधिकारियों को

बता दिया कि तुमने conspiracy, साजिश का आरोप उन पर नहीं लगाया। उनका एक ही जवाब था कि आपने हमने investigation की permission नहीं दी। हमने उनसे कहा कि साजिश तो आपकी भूमि पर हुई है, तो आपको सबूत ढूंढ़ना चाहिए, आप हमसे कैसे सबूत मांग सकते हैं, तो उनका नकारात्मक उत्तर था। हम वापस इंडिया आ गए। हमने दिल्ली को रिपोर्ट भेज दी कि ये नहीं मान रहे हैं। उसके बाद जब महाराष्ट्र में सत्ता बदल गई, कसाब को तो फांसी हो गई थी, लेकिन उसके बाद महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री श्री देवेंद्र फडण्वीस को हमने बताया कि डेविड हेडली ने, जो शिकागो कोर्ट में कबूली दी है, उसमें कहा है कि पाकिस्तान से किस तरह मदद मिलती है। हमने कहा कि इसका इस्तेमाल करना चाहिए। हमें उसका सबूत लेना चाहिए। हमारे ऑनरेबल फॉरेन मिनिस्टर उस वक्त फॉरेन सेक्रेटरी थे। हमने डेविड हेडली की गवाही ली और पूरा डॉक्यूमेंट सेट, जिसमें डेविड हेडली ने साफतौर पर बताया था कि लश्कर-ए-तैयबा और जमात-उद-दावा की आईएसआई के आर्मी ऑफिशियल्स की किस तरह से सांठगांठ है। जो लश्कर-ए-तैयबा और डेविड हेडली में ई-मेल correspondence हुआ था, उसको शिकागो कोर्ट में पेश किया था, उसको भी मंगवाया था और मुंबई कोर्ट के सामने पेश किया। इसका नतीजा यह हुआ कि पूरा 26/11 के आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान का रोल स्पष्ट हो चुका था। उस वक्त के फॉरेन सेक्रेटरी साहब ने पूरी इन्फोर्मेशन पाकिस्तान को भेजी थी। मैं दुर्भाग्य से यह कहूंगा कि राजनीति करने के लिए 26/11 के आतंकी हमले के बारे में जो बताया, उसमें आज तक पाकिस्तान में कभी भी सवाल नहीं किया गया, क्योंकि कसाब को फांसी देने की प्रक्रिया पूरी कानूनी व्यवस्था के साथ की थी और ओपन कोर्ट में की थी। हमने यह सवाल पाकिस्तान में उठाया था कि आपने जिन लोगों को अरेस्ट किया है, उनके बारे में क्या किया? आपने हाफिज़ सईद को अरेस्ट नहीं किया, जकीउर रहमान को अरेस्ट नहीं किया, तब वे सबूत मांग रहे थे। मैं एक बात बहुत गहराई से महसूस की कि पाकिस्तान उस समय भारत को गंभीरता से नहीं लेता था। उनकी भाषा में, उनके व्यवहार में, उनके रवैये में एक बात साफ झलकती थी कि उन्हें यह विश्वास था कि भारत तो निर्णायक प्रतिक्रिया नहीं देगा और न ही आतंक के खिलाफ कोई ठोस कदम उठाएगा, लेकिन वह भारत तब का था, अब नहीं है। आज मैं यह जरूर कहूंगा कि हमारी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से यह साफ कर दिया है कि हम सिर्फ फाइल्स में नहीं लड़ते हैं, हम फील्ड में जवाब देते हैं। अब भारत सहता नहीं है, अब भारत संकल्प करता है। अब भारत चुप नहीं रहता, भारत सीधा जवाब देता है। जो पाकिस्तान, कभी भारत को हल्के में लेता था, आज वही पाकिस्तान भारत की प्रतिक्रिया के भय से डरा बैठा है। यह परिवर्तन केवल एक नीति का नहीं, बल्कि मैं जरूर कहूंगा कि यह परिवर्तन नेतृत्व का है, यह परिवर्तन सरकार की निर्णायक सोच का है, नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की सोच का है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले यह बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संधियों का उल्लंघन नहीं था, बल्कि यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र के चार्टर अनुच्छेद 51 के तहत आत्मरक्षा के सिंद्धात पर आधारित थी और ये आत्मरक्षा का सिद्धांत यही कहता है कि जब किसी राष्ट्र की सुरक्षा पर उसके निर्दोष नागरिकों की जान पर बार-बार हमला होता है और जब हमला सीमा पार से संचालित आतंकी गुटों द्वारा होता है, तो उस राष्ट्र को यह अधिकार है कि वह सीमित और आवश्यक बल का उपयोग करे और भारत ने यही किया। हमने न तो पाकिस्तान की संप्रभुता का अपमान किया और न ही युद्ध का बिगुल फूंका। हमने केवल

Contents Page

आतंक के उन अड्डों को निशाना बनाया, जहाँ बार-बार हमारे देश पर हमले की साजिश रची जा रही थी।

उपसभाध्यक्ष महोदय, पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि किस प्रकार से पाकिस्तान की धरती का उपयोग आतंकवादी संगठनों द्वारा भारत के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के लिए किया गया। ये गुट केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि हमारे शहरों के बीचों बीच आतंक का जाल फैलाने की कोशिश करते हैं। कभी पुलवामा, कभी उरी, कभी पठानकोट पर हमला हुआ। हम चुप रहे, हमने बार-बार बातचीत की पहल की, हमने dossier दिए, हमने अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान की जवाबदेही सुनिश्चित करने का प्रयास किया, लेकिन जब आतंकी बंदूकें हमारे निर्दोष नागरिकों की ओर मुड़ीं, तो भारत ने अपनी चुप्पी तोड़ी।

महोदय, ऑपरेशन सिंदूर एक उत्तर नहीं था, बल्कि मैं ऐसा मानता हूं कि वह एक संदेश था। इस सदन को यह जानकर गर्व होगा कि यह ऑपरेशन न केवल सैन्य दृष्टि से सफल रहा, बल्कि कूटनीतिक दृष्टि से भी परिपक्वता का परिचायक रहा। हमने यह सुनिश्चित किया है कि कोई निर्दोष नागरिक हताहत न हो, हमने यह सुनिश्चित किया कि हमला सीमित, सटीक और targeted हो, हमने यह सुनिश्चित किया कि भारत की छवि एक जिम्मेदार लोकतंत्र के रूप में और भी मजबूत हो। यह भारत की नैतिक श्रेष्ठता और रणनीतिक श्रेष्ठता, दोनों का प्रतीक था।

उपसभाध्यक्ष जी, लोग पूछते हैं कि क्या यह आवश्यक था, क्या ceasefire करना जरूरी था? लोग ऐसा पूछते हैं। आज सदन में ऐसे सवाल खड़े किये गए। मैं पूछता हूं कि हम कितना सहेंगे? आतंकवादी गोलियाँ चलाएं और हम मूकदर्शक बने रहें, हमारे जवान शहीद हों और हम सिर्फ मोमबत्ती जलाकर रह जाएं, हमारे स्कूल, हमारे बाज़ार, हमारे मंदिर निशाने पर हों और हम फिर भी शांति की अपील करते रहें! महोदय, शांति तभी तक मूल्यवान है, जब तक एकतरफा बलिदान न बन जाए। ऑपरेशन सिंदूर की आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि अब शब्दों से नहीं, बल्कि संकल्प से जवाब देने का समय था। यह ऑपरेशन केवल एक देश की सुरक्षा नहीं, बल्कि पूरे विश्व को यह दिखाने का प्रयास था कि आतंकवाद को पनाह देने वाले देशों को बरदाश्त नहीं किया जाएगा। भारत का यह कदम अन्य लोकतांत्रिक देशों के लिए भी एक मिसाल है कि आतंक से लड़ाई सिर्फ शब्दों से नहीं, बल्कि इच्छाशक्ति से लड़ी जाती है। मैं इस अवसर पर हमारे सशस्त्र बलों के पराक्रम को नमन करता हूं। उनकी तैयारी, सटीकता और धैर्य से ही यह संभव हुआ है। मैं प्रधान मंत्री, हमारे रक्षा मंत्री के नेतृत्व को भी प्रणाम करता हूं, जिनके दृढ़ निश्चय और स्पष्ट नीति के बिना यह संभव नहीं होता। यह वही नेतृत्व है, जो कहता है कि हम शांति के पक्षधर हैं, पर राष्ट्र की रक्षा में किसी भी हद तक जा सकते हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि भारत कभी भी युद्ध का इच्छुक नहीं था। हम न विस्तारवादी हैं, न आक्रामक हैं, लेकिन जब बात देश की सुरक्षा, नागरिकों की जान और हमारी सीमाओं की पवित्रता की बात हो, तो भारत न झुकता है, न रुकता है, बल्कि आक्रमण करने वालों को रुलाता है - मैं यह जरूर कहूंगा। आज एक सवाल किया गया, हमारे hon. former Union Home Minister ने यह सवाल किया था, as to why there was a ceasefire. No doubt, he might have thought that this is a very important question. But being in politics, what decision the Government has taken, it was an absolutely right decision. भारत एक सभ्य और संवैधानिक राष्ट्र है, जो अंतर्राष्ट्रीय मानकों और Geneva Convention का पालन करता है। ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाते समय भारतीय सेना और

सरकार ने माननीय अंतर्राष्ट्रीय कानून के दो सबसे बड़े मूलभूत सिद्धांतों का कड़ाई से पालन किया है। Geneva Convention का जो पहला सिद्धांत है, वह proportionality का सिद्धांत है। हमला इतना ही किया जाए, जितना आवश्यक है। दूसरा सिद्धांत distinction का है। Distinction में नागरिक और सैन्य ठिकानों में स्पष्ट अंतर रखा गया है। इस ऑपरेशन में किसी नागरिक ढाँचे, अस्पताल, स्कूल या पाकिस्तान के किसी सैन्य अड्डे को निशाना नहीं बनाया गया है। मैं यह जरूर कहूंगा कि ऑपरेशन सिंदूर ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत किया है। जहाँ पहले भारत को संयम बरतने की सलाह दी जाती थी, वहीं इस बार अमेरिका, फ्रांस रूस और ऑस्ट्रिया आदि देशों ने भारत की आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया। इस सदन में ऐसा कहा गया कि किसी परदेश नीति ने या किसी फॉरेन कंट्री ने हमारा समर्थन नहीं किया – यह बात गलत है। वैश्विक समुदाय ने पहली बार माना कि पाकिस्तान की धरती से संचालित आतंकवाद पर रोक लगाने के लिए आवश्यक और उचित कार्रवाई की गई। इससे स्पष्ट है कि भारत अब वैश्विक सुरक्षा विमर्श में सिर्फ एक भागीदार ही नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति भी बन चुका है। इस अभियान में यह दिखा कि भारत मज़बूत है, लेकिन कुशलता और न्याय के संयोजन से भी ज्यादा असरदार है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित कर दिया कि भारत न केवल कानूनी रूप से सशक्त निर्णय लेता है, बल्कि उसे मानवीय और नैतिक तरीके से सामने भी रखता है।

आदरणीय महोदय, आत्मरक्षा केवल एक रणनीतिक आवश्यकता नहीं है, बल्कि एक न्यायसंगत धर्म भी है। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने कहा था, "न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।" संस्कृत के इस श्लोक का मतलब यही है कि जब अधर्म बढ़ता है, तब निष्क्रियता भी अपराध है। ...(**समय की घंटी**)... भारत निष्क्रिय नहीं रह सकता। हमने धर्म और विधि, दोनों का पालन करते हुए आतंक के विरुद्ध यह निर्णायक कदम उठाया है - वह भी पूर्ण संयम, बुद्धिमत्ता और अंतरराष्ट्रीय वैधानिकता के अंतर्गत। आज का भारत, 21वीं सदी का यह नया भारत है, आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है, जो आँखों में आँखें डालकर बात करता है। यह नया भारत है, जो आतंकवादियों को उनकी ही भाषा में उत्तर देना चाहता है।

अंत में, मैं इतना ही कहूँगा कि जब बांग्लादेश स्वतंत्र हुआ, उस वक्त भूतपूर्व प्राइम मिनिस्टर, श्रीमती इंदिरा गांधी जी का कार्यकाल था। इसी सदन में उस समय हमारे नेता विपक्ष श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी थे। उन्होंने इंदिरा जी को कहा था कि आप साक्षात दुर्गा जी हैं। जिस तरह से अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपने मन की श्रीमंती दिखाई, वैसे ही आज भी मैं मन की श्रीमंती देखना चाहता था, विटनेस बनना चाहता था। लेकिन मैं बहुत निराश हो गया कि विपक्ष की तरफ़ से यही पूछा गया कि ट्रंप क्या बोले, अमेरिका से क्या बोले, फायर क्यों नहीं किया? इस तरह के सवाल पूछकर बवाल करने का प्रयत्न किया गया, जिसका मुझे बहुत दुख है। कानून का विद्यार्थी होने के नाते, मैं चाहता था कि जो हमारा डिस्कशन का टॉपिक है, उस पर रिजेक्शन होगा, कोई सुझाव आएंगे कि हमें आगे चलकर क्या करना चाहिए।

**प्रो. राम गोपाल यादव** (उत्तर प्रदेश ): श्रीमन, सबसे पहले मैं पहलगाम में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ और ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत की सेना के तीनों अंगों के शौर्य को प्रणाम करता हूँ।

Contents Page

श्रीमन, यह सब जानते हैं कि पहलगाम की घटना के बाद सारे राजनीतिक दल और देश की जनता भारत सरकार के किसी भी कदम उठाने के पूरी तरह से समर्थन में थे। चाहे सरकार जो भी कदम उठाए - उसे पूरा समर्थन था। इस तरफ बैठे हुए, उस तरफ बैठे हुए और देश की जनता का और सभी का समर्थन था। जनता चाहती थी कि कार्रवाई हो और कार्रवाई हुई, सफलतापूर्वक कार्रवाई हुई। इसके लिए हमारी सेनाएं बधाई की पात्र हैं। आपने जो स्टेप उठाया, उसके लिए आप भी बधाई के पात्र हैं।

मैं कल से लोक सभा की कार्यवाही भी सुन रहा हूँ और यहाँ भी सुन रहा हूं। जब सबका समर्थन था, कोई विरोध नहीं था और जो डेलीगेशन बाहर गया, उनमें भी कोई मेम्बर अलग राय रखने वाला नहीं था - चाहे यहाँ कुछ इधर-उधर कह दें, फिर भी बाहर एक राय रहनी चाहिए - कोई भी विरोध में नहीं था, लेकिन उधर से आने वाले कुछ भाषणों से कभी-कभी ऐसा लगता है कि जैसे इस ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में केवल यही लोग थे और इधर बैठे लोग उसके खिलाफ थे। यह संदेश जनता में मत भेजिएगा।

जनता में ही नहीं, बल्कि दूसरे देशों में भी यह संदेश जाएगा कि संसद में विभाजन है, जबकि विभाजन नहीं है, लेकिन आपके भाषणों से तो यह संदेश जा ही रहा है। सेना को सबका समर्थन है और कभी-कभी आपके बड़े-बड़े नेता कहने लगते हैं कि ये सेना को demoralize करने का काम करते हैं। सेना के मन में संदेह का बीज मत डालिए। यह बहुत ही घातक होता है। भारत की सेना, जो दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक है, बिलकुल निष्पक्ष, तटस्थ और देश की सुरक्षा के लिए अपने जीवन को कभी भी न्योछावर करने के लिए तैयार रहती है, चाहे वह नीचे से लेकर ऊपर तक, सिपाही से लेकर जनरल तक या एयर फोर्स में ऊपर एयर मार्शल, एयर चीफ मार्शल और नेवी में सभी तैयार रहते हैं। उनके मन में विपक्ष के लिए और देश में जो विपक्ष के समर्थक हैं - उन मतदाताओं की संख्या तो ज्यादा है, जबकि देश में आपके समर्थक तो 31-32 परसेंट हैं, लेकिन 60-68 परसेंट तो विरोध में ही हैं - उनके खिलाफ़ संदेह अगर पैदा होगा और यह संदेह जैसा कभी पाकिस्तान में बढ़ा था, जनरल अयूब ने सत्ता संभाली और सेना को सत्ता का चस्का लग गया, तो बगल में आपका देश है, उससे हम सबको सबक लेना चाहिए। कभी भी सेना के मन में यह भाव नहीं आना चाहिए कि वह भी कभी हिंदुस्तान की सत्ता में शामिल हो सकते हैं। इसलिए क्या कभी आपने देखा है कि पाकिस्तान में कोई भी जनता द्वारा चुना हुआ प्रधान मंत्री चल पाता है? मुनीर को खाना खिलाया जाता है और वहां जो प्रधान मंत्री हैं, उसका तो नाम भी हम लोग नहीं जानते हैं। वहां यह स्थिति है। इसलिए जब पूरा देश आपके साथ है, तो यहाँ चर्चा इस बात की होनी चाहिए कि अमेरिका, पाकिस्तान और चीन का जो बहुत ही खतरनाक nexus है, उसके लिए हम किस तरीके से तैयार रहें। हमारे साथ तो कोई नहीं है। हमारे आसपास भी कोई साथ नहीं है। हम अकेले पड़ जाएं, तो उस स्थिति में भी हम कैसे मुकाबला कर सकें, इसकी चर्चा यहां भले ही न करो, लेकिन अपनी रणनीति के इतिहास से इसकी तैयारी कैसे हो, वह तो करनी चाहिए। ऐसा कहीं नहीं हो रहा है। लंबी बातें करने से काम नहीं चलेगा। जब ऑपरेशन सिंदूर चल रहा था, सारी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान ने जिन हथियारों का उपयोग किया।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** यादव जी, आपका समय समाप्त हो रहा है।

**प्रो. राम गोपाल यादवः** पाकिस्तान ने जिन हत्यारों का प्रयोग किया, वे सब चीन के थे। टर्की के ड्रोन्स वगैरह थे, लेकिन जो मिसाइल्स थीं, जो अत्याधुनिक किस्म की मिसाइल्स थीं, जिनसे हमारा नुकसान भी हुआ होगा, वे सब चीन की थीं। चिदम्बरम साहब ने कहा कि हम पाकिस्तान से नहीं लड़ रहे थे, हम पाकिस्तान और चीन दोनों से लड़ रहे थे। आप लोग कहीं भी बोलेंगे, लेकिन चीन का नाम तक नहीं लेंगे। आप नाम मत लीजिए, लेकिन तैयारी तो कीजिए। अगर यह युद्ध 15 दिन चल जाए, तो सोचिए कि हमारे पास कितने हथियार हैं, कितनी मिसाइल्स हैं, कितना गोला बारूद है, कितने दिनों तक हम लड़ सकते हैं। जब दुनिया का कोई देश आपका साथ नहीं दे रहा है, तो हमें अपने आप सामर्थ्यवान बनना होगा और इसके लिए जो भी आप उचित कदम उठाएंगे, उनमें सारा देश आपके साथ रहेगा।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** धन्यवाद। आपका समय समाप्त हो चुका है।

**प्रो. राम गोपाल यादवः** कालिता साहब, एक सेकंड।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** मैंने आपको दो मिनट एक्स्ट्रा भी दिए हैं। ...**(व्यवधान)**... अब आप अपनी बात समाप्त कर लीजिए।

**प्रो. राम गोपाल यादवः** क्या आप मेरा सजेशन भी नहीं सुनना चाहते हैं? मैं यह कह रहा हूं कि विदेश मंत्री यहां नहीं हैं। हमारी जो विदेश नीति है, उस पर आपने ट्रम्प का एक इंटरव्यू सुना होगा, जिसमें किसी पत्रकार ने मोदी जी के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा, Modi my friend और उसी sentence में उसी के साथ उन्होंने कहा, but I love Pakistan. सुना था कि नहीं सुना था? 'Modi is my friend, but, I love Pakistan.' यह जो पाकिस्तान, चीन और अमेरिका की एक्सिस है, यह देश के लिए वास्तविक खतरा है। ये लोग कोई खतरा नहीं हैं। पूरा भाषण इसी पर चल रहा है। केवल संवैधानिक तरीके से विपक्ष को गालियां ही नहीं देते, और सब कुछ आप लोग कह रहे हैं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** यादव जी, धन्यवाद।

**प्रो. राम गोपाल यादवः** विपक्ष तो आपका समर्थन कर रहा है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** आपका समय समाप्त हो गया। आपके दो मिनट भी समाप्त हो गए। धन्यवाद।

**प्रो. राम गोपाल यादवः** इस मामले में देश के लिए सारे लोगों पर, जो आपके साथ हैं, उन पर किसी तरह का संदेह न करें। जब भी देश पर किसी तरह की बात आएगी, सारा देश आपके साथ होगा, सारा विपक्ष आपके साथ होगा।

Contents Page

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** धन्यवाद।

**प्रो. राम गोपाल यादव:** आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** श्रीमती महुआ माजी।

**श्रीमती महुआ माजी** (झारखंड)**:** ऑनरेबल वाइस-चेयरमैन सर, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत धन्यवाद। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर हो रही इस बहु-प्रतीक्षित डिबेट पर बोलते हुए सबसे पहले मैं पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष, निहत्थे पर्यटक बंधुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ और साथ ही उनके प्रियजनों को इस दुख को सह सकने की क्षमता देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ। हमारे देश के सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों को उनकी वीरता और बहादुरी के लिए मैं सलाम भी करती हूँ। मगर साथ ही मैं केंद्र सरकार से यह सवाल करती हूँ कि आखिर किसके दबाव में आकर ऐसे समय में युद्ध विराम किया गया, जब पूरा देश इस पार या उस पार की प्रतीक्षा में, उम्मीद में केंद्र की ओर और देश के प्रधान मंत्री की ओर हसरत भरी निगाहों से देख रहा था। अमेरिकी प्रेसिडेंट, ट्रंप का 24 से 26 बार यह क्लेम करना कि उन्होंने ही भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम कराया है, सीज़फायर कराया है, यह भी देशवासियों को अत्यंत अपमानजनक लगा। प्रधान मंत्री जी की तरफ से इस पर विरोध क्यों नहीं किया गया या कोई खंडन क्यों नहीं किया गया? देशवासियों के ज़ेहन में बस एक ही सवाल है कि केंद्र सरकार ने पीओके पर कब्जा करने से पहले युद्ध विराम क्यों कर दिया? देशवासियों को ऐसा लगा कि इतने साल से हम जिसकी प्रतीक्षा कर रहे थे, वह अवसर आया, लेकिन उसे हमने जाया कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ट्रेड को लेकर, भारत के साथ व्यापार को लेकर भी जो बातें कही गई थीं, उसने भी देशवासियों के मन में कई तरह की आशंकाएँ पैदा की हैं। इस पर भी केंद्र सरकार की ओर से स्पष्टीकरण देने में विलंब क्यों हुआ? प्रधान मंत्री जी ने इस पर एक ट्वीट तक क्यों नहीं किया?

वर्तमान भाजपा सरकार लगातार विपक्ष या इंडिया गठबंधन पर पाकिस्तान के प्रति नरम रुख रखने का आरोप लगाती है, मगर वह उन दिनों को याद नहीं करती, जब 1971 में वर्तमान विपक्षी पार्टी ने उस समय पाकिस्तान के खिलाफ व्यापक सैन्य कार्रवाई की थी। उस वक्त जब अमेरिका ने सैन्य बल भेज कर पाकिस्तान का साथ दिया था, तो अमेरिका के सातवें बेड़े को हिंद महासागर से ही वापस लौटने पर मजबूर किया गया था। जो अभी विपक्षी पार्टी है, इनके द्वारा ही ऐसा किया गया था, इसलिए इस तरह का आरोप नहीं लगना चाहिए। भारत के अपने बहादुर सैनिकों के बल पर पाकिस्तान के टुकड़े-टुकड़े करके बांग्लादेश का इमरजेंस भी भारत की मदद से किया गया था और एक नए राष्ट्र का इमरजेंस कोई छोटी-मोटी बात नहीं होती है। इसमें हमारे देश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उसी देश की वर्तमान सरकार का अमेरिका की गीदड़-भभकियों से डर जाना, सैन्य कार्रवाई रोक देना बड़ा ही अपमानजनक लगता है।

मान्यवर, पहलगाम में जो दर्दनाक घटना घटी, देश की 26 बहनों के पतियों की हत्या हुई, उनके सिंदूर उजड़ गए, तब उनकी सुरक्षा के लिए वहाँ सैनिक, पुलिस जवान क्यों नहीं थे? हम सभी जानते हैं कि जब कश्मीर में एक साइकिल सवार भी जाता है, तो एक तरह से देखा जाए, तो

उस साइकिल के पुर्जे-पुर्जे खोल कर उसकी जाँच होती है। जब बस में सवार होकर टूरिस्ट्स वहाँ जाते हैं, तो उनका सामान उतार-उतार कर चेक किया जाता है और कई बार सैलानियों की बॉडी भी चेक की जाती है कि कहीं उसमें कुछ अस्त्र तो छुपा हुआ नहीं है। लेकिन जब पुलवामा की घटना हुई थी, तब एक पूरी की पूरी गाड़ी पूरे बारूद से भर कर हमारे सैनिक भाइयों के काफिले के अंदर घुस गई, लेकिन वहाँ किसी को इसका पता तक नहीं चला। आखिर यह क्यों हुआ? इसका भी हमें जवाब चाहिए। केंद्र सरकार को, खुफिया एजेंसियों को पता भी नहीं लग पाया कि कैसे हमारे बहादुर सैनिकों की जान चली गई। क्या उनकी जान की कोई कीमत नहीं है? जम्मू एंड कश्मीर के पूर्व LG (Lieutenant Governor) सतपाल मलिक जी के खुलासे से देशवासी चिंतित हैं। जम्मू और कश्मीर के वर्तमान LG ने भी कहा है कि intelligence failure हुई है। सेना प्रमुख CDS अनिल चौहान और दूसरे अधिकारियों ने भी कुछ खुलासे किए हैं। देशवासियों के सामने इसका जवाब आना चाहिए। समझ में नहीं आता कि चुनाव के पहले ही इस तरह की घटनाएं क्यों ज्यादातर होती हैं। मशहूर शायर राहत इंदौरी साहब ने इस पर कुछ पंक्तियां कही हैं:

*"सरहदों पर बहुत तनाव है क्या,*
*कुछ पता तो करो चुनाव है क्या?"*

जिस तरह से महीनों से जलते मणिपुर को लेकर सत्ता पक्ष अगंभीर है, जिस तरह मणिपुर हिंसा, ट्राइबल लड़कियों और महिलाओं पर हो रहे जघन्य अपराध के वीडियो वायरल होने के बाद भी देश के प्रधान मंत्री जी उस वक्त मणिपुर नहीं गए, पहलगाम घटना के बाद भी पहलगाम न जाकर बिहार के चुनावी भाषण में पहलगाम हमले का जिक्र किया, उससे देश यह सोचकर चिंतित है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी प्रधान मंत्री जी इतने अगंभीर क्यों हैं? लोग विदेश में बैठ कर ऑपरेशन सिंदूर में हमारे पांच फाइटर जेट्स गिराए जाने की बात कर रहे हैं। प्रधान मंत्री जी को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि इस युद्ध में कितने फाइटर जेट्स गिराए गए? क्या देश को यह जानने का अधिकार नहीं है? एक फाइटर जेट को खरीदने में करोड़ों-करोड़ रुपए खर्च होते हैं और उसमें जनता के टैक्स के पैसे लगे होते हैं। वे जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे से खरीदे जाते हैं। जनता को इसका जवाब चाहिए कि जब वे उनकी गाढ़ी कमाई के पैसे से खरीदे गए हैं, तो आखिर जो सवाल उठ रहे हैं, वे सच हैं या असत्य हैं?

महोदय, इस केंद्र सरकार ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर शान्त, सुंदर और नया कश्मीर बनाकर देने का वादा किया था। उससे पहले और बाद में लगातार कितने आतंकवादी हमले हुए, इसकी कोई गिनती नहीं है। निर्दोष जनता और पर्यटक ठगे से रह गए। केंद्र सरकार के असत्य वादों पर भरोसा करके वे मारे गए। उन्हें सुरक्षा देने का जो वादा किया गया था, वह गलत निकला। जब 26 पर्यटकों की नृशंस हत्या हो गई, ...(**समय की घंटी**)... जब 26 बहनों का सिंदूर मिट गया, तब 'सिंदूर' का नाम लेकर देश को emotional तसल्ली दी गई। आज धरती का स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर का हाल क्या है? एक कमेटी की मीटिंग में एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मैं भी वहां गई थी। वहां जिस तरह से लोग बेरोजगार हो गए हैं, जिस तरह से शिकारों को चलाने वाले लोग चप्पू लेकर बैठे रहते हैं और पर्यटकों की तरफ सूनी आंखों से देखते हैं, यह

अत्यंत चिंता का विषय है। जिन लोगों ने बैंकों से कर्ज लेकर गाड़ियां खरीद ली थीं, वे ईएमआई तक नहीं भर पा रहे हैं। वे अपना कर्ज कैसे चुकाएंगे?

महोदय, देश की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए, जो नहीं है। केंद्र की रूलिंग पार्टी भाजपा का पूरा ध्यान धर्म के नाम पर देशवासियों को गुमराह करना है, एक-दूसरे के प्रति द्वेष पैदा करना है, चुनावी फायदे के लिए 'बंटोगे, तो कटोगे' का नारा लगाना है। आखिर केंद्र सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर क्यों नहीं है?

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** अब आप समाप्त कीजिए।

**श्रीमती महुआ माजी:** महोदय, केंद्र के भाजपा नेता घुसपैठ की बात करते हैं, लेकिन अगर किसी देश से, अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर से कोई घुसपैठ कर रहा है, तो इसकी जिम्मेदारी राज्यों की है या केंद्र की? हमें समझ में नहीं आता कि बिहार में जो घुसपैठ की बात कही जा रही है कि वहां बहुत सारे bogus मतदाता हैं, तो उन्हीं bogus मतदाताओं ने, उन्हीं घुसपैठियों ने जब वोट दिये थे, उन वोटों से जीतकर अभी वर्तमान में बिहार में जो एनडीए की सरकार है, उस सरकार को गिरा देना चाहिए। उन वोटर्स के वोटों से जो एमपीज़ चुनकर यहां आए हैं, उनको भी हटा देना चाहिए। क्योंकि अगर वहाँ घुसपैठियों ने मतदान किया है और आपको सारे bogus votes दिख रहे हैं, तो अभी जो चुनाव हुआ था, उसमें जो जीत कर यहां आए हैं, वे यहां पर क्या कर रहे हैं? सर, आप मुझे और कितना टाइम दे सकते हैं?

**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता):** आप जितनी जल्दी हो सके, समाप्त कीजिए।

**श्रीमती महुआ माजी:** ठीक है, सर। सर, पहलगाम हमले के तुरंत बाद, पाकिस्तान को पानी रोकने की बात की गई। इस पर काफी हो-हल्ला हुआ, फिर वह फुस हो गया। क्या नदी का पानी रोकना संभव है? आप सभी जानते हैं कि उसके लिए कितने डैम्स बनाने पड़ेंगे। कुछ डैम्स बनाने में 40 साल से ज्यादा समय लगेगा। इस तरह से जनता को emotionally कुछ भी कह कर lollipop थमा दिया जाता है। देशवासियों की संवेदना पर मरहम लगाने का इस केंद्र सरकार का यही तरीका है। मैं तो यही कहूंगी कि केंद्र सरकार देशवासियों के sentiment से खेलना बंद करे, देश की सुरक्षा पर ध्यान दे और पड़ोसी देशों पर कड़ी नजर रखे। देशवासियों ने किसी भी पार्टी को अपने आत्मसम्मान की कीमत पर राजनीति करने के लिए mandate नहीं दिया है, इसका ध्यान रखा जाए, धन्यवाद।

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Now, Shri G.K. Vasan.

SHRI G.K. VASAN (Tamil Nadu): Sir, Operation Sindoor has taught a lesson to countries which encourage terrorism against innocent people and peaceful countries.

India has proved its might and war against Pakistan successfully. We were not only able to blast terrorist bases, but also we were successful in tarnishing their ugly face internationally. Today, people of our nation feel safe and secure. Sir, through Operation Sindoor, we have once again demonstrated to the world that India not merely responds, India leads — not for vengeance, but for justice; that also not for hatred, but in defence of righteousness. Sir, we have sent a very clear message to the world, not just to one group or one threat, but to every force that intends to destabilize peace and human dignity. India should never be provoked. If anybody does, India will never be silent is the message given to the world.

Sir, Operation Sindoor is not only an operation, it is a symbol of India's resolve, a signal to the world that we will act whenever necessary, and that we act in the interest of global stability, peace and human values. We were able to challenge and win the threat from Pakistan and its supporting countries through our armed and economic strategy. After COVID-19, countries which were economic superpowers are suffering today economically, but limping to normalcy. But India, with 140 crore people, is able to give food for 80 crore people. It is because we are economically strong today. We are able to keep the strength of our soldiers and Army intact for 100 per cent win in any situation. Sir, today, the world understands the power, strength and strategy of India under the leadership of our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi.

Sir, to conclude, I would like to say that raising doubts, undervaluing ourselves, questioning our own performance indicates you can wake a person who is deeply sleeping, but you can never wake a person who pretends to sleep. My salute, Sir, to the soldiers and the martyrs. Thank you, Sir.

**श्री उपसभापतिः** श्री बृज लाल जी।

**श्री बृज लाल** (उत्तर प्रदेश)ः उपसभापति महोदय, आपने मुझे 'ऑपरेशन सिंदूर' के मसले पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ। सबसे पहले मैं उन हुतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ, जिन्होंने कश्मीर के पहलगाम के बैसरन घाटी में अपना जीवन खोया है। महोदय, मैं ईश्वर से यह प्रार्थना करता हूँ कि उनके परिवार को इतने बड़े कष्ट को सहने की शक्ति दे।

महोदय, उनके घाव पर कल मरहम जरूर लगा होगा, जब हमारी सेना, सीआरपीएफ और कश्मीर पुलिस ने दुर्दांत आतंकवादी सुलेमान शाह उर्फ हाशिम मूसा, जो पाकिस्तानी आर्मी का कमांडो था, ट्रेंड आदमी था, बम का एक्सपर्ट था, वह कश्मीर में कई घटनाएं कर चुका था और उसका साथी जिब्रान और हमजा अफगानी मारे गए। इससे उनके घाव पर जरूर मरहम लगा होगा। उसके लिए मैं देश के सुरक्षा बलों को बहुत-बहुत बधाई और साधुवाद देता हूँ। उपसभापति

Contents Page

महोदय, यह जो कल की घटना हुई, जिसमें दुर्दांत आतंकवादी मारे गए, उसमें कांग्रेस के हमारे कुछ मित्रों ने पहले कहा था कि क्या सबूत है कि वे पाकिस्तान से आए, क्या सबूत है कि वे पाकिस्तानी हैं? लेकिन देखिए, कल लोक सभा में डिस्कशन शुरू हुआ और उसी के करीब-करीब ये तीनों आतंकवादी मार दिए गए, जो बैसरन घाटी की घटना में भी शामिल थे। इस पर भी कुछ लोगों को संदेह है। महोदय, वहाँ AR-M9 राइफलें मिलीं, जो कि अमेरिकी राइफलें हैं। इसके अलावा, वहाँ से 2 AK-47, 17 ग्रेनेड्स, चाइनीज़ सैटेलाइट फोन्स, चॉकलेट्स और मेडिसिंस वगैरह भी मिली हैं।

महोदय, मैं अपने गृह मंत्री अमित शाह जी को बहुत-बहुत साधुवाद देता हूँ। इन्होंने इन वेपन्स को तुरंत हवाई जहाज से चंडीगढ़ भेजा और चंडीगढ़ में बैलिस्टिक एक्सपर्ट ने उनको उन खोखों से मिलान कराया, जो बैसरन घाटी में मिले थे। सर, ये साइंटिफिक एविडेंस हैं। वह मैच हो गया। इंसान असत्य बोल सकता है, लेकिन परिस्थितियाँ कभी असत्य नहीं बोलतीं। वह मैच हो गया और यह प्रूव हो गया कि ये तीनों वही आतंकवादी हैं, जिन्होंने हमारे 26 निर्दोष लोगों की हत्याएँ की थीं। इसके लिए मैं अपने गृह मंत्री जी को बधाई देता हूँ।

महोदय, मैं एक चीज़ और कहना चाहता हूँ। जब मैं ऑल पार्टी डेलीगेशन से लौटा तो उस समय, 4 जून को मैंने प्रधान मंत्री जी को एक पत्र लिखा था। मैंने उसमें लिखा था कि वहाँ पर एक सिंदूर मेमोरियल बनाया जाए। सिंदूर मेमोरियल इस बात की पहचान होगी कि यह एक ऐतिहासिक घटना थी कि जब हमारी बहनों का सिंदूर पोंछा गया, तो उसका हमने बदला लिया। साथ ही साथ, यह ऐसी घटना थी, जिसने पूरे देश को एकता और एकजुटता के सूत्र में पिरो दिया था। यह सिंदूर मेमोरियल पूरे देश की एकता और एकजुटता का भी प्रतीक होगा, इसलिए हमें इसे बनाना चाहिए।

उपसभापति महोदय, जब कोई बढ़िया काम होता है, जब भारत कोई अचीवमेंट करता है, तो कांग्रेस पार्टी के लोगों को हमेशा एक सस्पिशन होता है, आशंका होती है। हमने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक किया, तो उन्होंने पूछा कि क्या सबूत है? उसके बाद, जब 2019 में सीआरपीएफ के 40 जवान मारे गए और हम लोगों ने बालाकोट किया, तो उन्होंने पूछा कि क्या सबूत है? जब हमने कोविड की वैक्सीन बनायी और उसे 160 देशों को एक्सपोर्ट किया, तब कहा गया यह तो सब-स्टैंडर्ड है, हम गिनिपिग नहीं बनना चाहते, हम इसको नहीं लगाएँगे। इसके बाद, जब सेंगोल स्थापित किया गया, तब उस पर तमाम तरह के सवाल उठाए गए। इसके बाद, जब ऑपरेशन सिंदूर हुआ, तो मैं इस बात की बधाई देता हूँ कि उस समय सारी अपोजिशन पार्टीज़ एकत्रित रहीं, लेकिन जैसा मैं कह चुका हूँ, इस पर भी उंगली उठाई गई और हमारे पूर्व गृह मंत्री माननीय चिदंबरम जी, जिनका मैं बड़ा सम्मान करता हूँ, उन्होंने कहा कि क्या सबूत है कि वे पाकिस्तानी हैं। इसके अलावा, ऑपरेशन महादेव पर भी सवाल उठाए गए। महोदय, मैं अपने मित्रों से कहता हूँ कि जब ऐसी घटना सामने आती है, तो फिर देश एक है और इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए।

महोदय, मैं अब इस बात पर आता हूँ कि ऑपरेशन सिंदूर की जरूरत क्यों पड़ी। पाकिस्तान की फितरत में आतंक फैलाना और हमारी प्रगति को रोकना है। हम विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था हैं और अब तीसरी अर्थव्यवस्था होने जा रहे हैं। महोदय, मैं पाकिस्तान की एक बात बताता हूँ। In 1965, the then Prime Minister, Zulfiqar Ali Bhutto, declared in the United

Nations Security Council that he would wage a thousand-year war with India. Sir, Zia-ul-Haq, who became Army Chief and then President, adopted a doctrine, and that doctrine was 'Bleed India' - give a thousand cuts. They tried it in Punjab; they are now trying it in Kashmir. So, this is their declared policy. They will do it, but Operation Sindoor was necessary, क्योंकि अब "हम कड़ी निंदा करते हैं", यह लाइन हमने अपनी डिक्शनरी से निकाल दी है। अगर आप कुछ गलत करेंगे, तो हम उसका बदला लेंगे। महोदय, अभी निकम जी ने 26/11 के बारे में बहुत डिटेल में बोला, मैं भी कुछ बोलना चाहता था। अगर हमने उसी समय, 26/11 के तत्काल बाद स्ट्राइक की होती, तो आज हमें ऑपरेशन सिंदूर की आवश्यकता नहीं होती।

महोदय, पाकिस्तानियों की और बातें बताना चाहता हूं। उन्होंने किस-किस जगह पर हमला किया — हमारी राष्ट्रीय राजधानी को उन्होंने निशाना बनाया। 29 अक्टूबर 2005, धनतेरस का दिन था। पहाड़गंज, सरोजिनी नगर जैसे बाज़ारों में लोग खरीदारी कर रहे थे और तभी ब्लास्ट हुआ, जिसमें 62 लोग मारे गए। दिल्ली में उन्होंने गफ्फार मार्केट, सेंट्रल पार्क, ग्रेटर कैलाश, इंडिया गेट, रीगल सिनेमा, पार्लियामेंट स्ट्रीट, इन सभी को टारगेट किया। 13 सितंबर 2008, बटला हाउस एनकाउंटर से ठीक एक हफ्ते पहले दिल्ली में धमाके हुए, जिसमें काफी लोग मारे गए थे। इसके बाद इंस्पेक्टर शर्मा मारे गए और उसमें जो आतंकी मारा गया, आतिफ अमीन, वह नॉर्थ इंडिया का कमांडर था। उसका संबंध आज़मगढ़ मॉड्यूल से था। इस मॉड्यूल के 23 लोग दुबई के रास्ते पाकिस्तान पहुंचे और मुज़फ़्फ़राबाद में लश्कर-ए-तैयबा के ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग ली थी, जहां हमने बाद में सर्जिकल स्ट्राइक की।

महोदय, आज़मगढ़ मॉड्यूल ने सिर्फ यहां ही नहीं, बल्कि हमारी नेशनल कैपिटल में यह किया। इनमें से एक आतंकी जो मारा गया, उसका साथी साजिद था और एक आतंकवादी भागते हुए आज तक न्यूज़ चैनल के दफ्तर तक पहुंच गया, क्योंकि उसे डर था कि उसे मार दिया जाएगा। महोदय, इंडियन मुजाहिदीन को समाप्त करने में मेरा भी काफी योगदान रहा है। उस समय मैं एडीजी लॉ एंड ऑर्डर था और ATS का फाउंडर चीफ था। हमने आजमगढ़ मॉड्यूल को नष्ट किया। उसका मास्टरमाइंड मौलाना बसर था, जिसे मैंने गुजरात भेजा था और अहमदाबाद ब्लास्ट केस में उसे फांसी की सज़ा सुनाई गई है। फिर इन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट पर ब्लास्ट किया। नेशनल कैपिटल में हाई कोर्ट भी सुरक्षित नहीं रहा। महोदय, मैं एक और चीज़ बताना चाहता हूं कि 19.09.2010, दिल्ली जामा मस्जिद ब्लास्ट, जो बटला हाउस की दूसरी बरसी पर हुआ, लेकिन इसके कई निशाने एक साथ थे। इसमें रियाज भटकल, इकबाल भटकल, यासीन भटकल, आमिर रज़ा खान, ये सभी अभी भी पाकिस्तान में हैं। उन्होंने यासीन भटकल को नेपाल से भारत बुलाया। असदुल्ला हड्डी, जिसे अब फांसी की सज़ा मिल चुकी है, वह आज़मगढ़ से था। वह आया था। इन्होंने सोचा कि 3 अक्टूबर से 14 अक्टूबर, 2010 को कॉमनवेल्थ गेम्स हो रहे हैं, जिसमें सिक्योरिटी के बड़े-बड़े दावे किए गए थे। इन्होंने इस दौरान भारत की सुरक्षा व्यवस्था को नीचा दिखाने का प्रयास था। इन्होंने जामा मस्जिद जैसा भीड़-भाड़ वाला इलाका चुना, फिर इन्होंने मारुति 800 कार में बम भरकर जामा मस्जिद के पास खड़ा किया और इससे पहले एक पर्यटक बस पर असदुल्ला हड्डी और वकाज़ अहमद, पाकिस्तानी द्वारा फायरिंग की गई, जिसमें तीन-चार ताईवानी घायल हुए। जब ऐसी घटना होती है, तो पुलिस और मीडिया पहुंचती है। उन्होंने ब्लास्ट

Contents Page

किया, लेकिन ईश्वर की कृपा रही कि बम में आग लग गई और विस्फोट नहीं हो पाया, इसलिए बच गए। इन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स को टारगेट किया था।

उसी समय 30 सितंबर 2010, बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि पर निर्णय आना था पूरा प्रदेश और देश संवेदनशील था। इन्होंने इस तरह से हमारी नेशनल कैपिटल को निशाना बनाया। उसके बाद इन्होंने हमारी आर्थिक राजधानी मुम्बई को टारगेट किया। 26/11, जावेरी बाजार, इंडिया गेट, घाटकोपर आदि सभी स्थानों को बार-बार टारगेट किया गया। उसके बाद इन्होंने religious places target किए। वाराणसी में चार बम ब्लास्ट किए गए - 2005 में दशाश्वमेध घाट, संकट मोचन, शीतला घाट ब्लास्ट और बनारस का कचहरी ब्लास्ट किया, जिसमें तमाम लोग मारे गए। महोदय, इन्होंने 7 जुलाई, 2013 को बोधगया में ब्लास्ट किया। भगवान बुद्ध की ओरिजिनल मूर्ति को destroy करना चाहा। वहां भी 7 लोग मारे गए, लेकिन वह ओरिजिनल मूर्ति बच गई। इन्होंने 24.09.2002 को अक्षरधाम मंदिर, गुजरात में हमला किया गया, 35 लोग मारे गए, श्रद्धालुओं को बंधक बना लिया गया, उसके बाद हमारे NSG के ब्लैक कैट कमांडो ने ऑपरेशन को अंजाम दिया। जिन्होंने सीज़ हटाया, लेकिन तब तक 42 लोग मारे जा चुके थे।

महोदय, इन्होंने बुद्धा पार्क, हैदराबाद, गोकुल चार्ट पर हमला किया। वहां 25.08.2009 को हमला किया, वहां भी बेगुनाह लोग मारे गए। इसके अलावा इन्होंने हमारे कई religious places target किए to foment communal trouble.

महोदय, इन्होंने टूरिस्ट प्लेसेज़ पर हमले किए। मैं बनारस के चार ब्लास्ट के बारे में बता चुका हूं। वह religious के साथ-साथ टूरिस्ट प्लेस भी है। इसके अलावा जयपुर, हैदराबाद, बैंगलुरू, बोधगया, अहमदाबाद और मुम्बई में हमले किए। कश्मीर को इन्होंने चांदमारी बना दिया, वहां इतनी घटनाएं कीं, ताकि पर्यटन और अर्थव्यवस्था दोनों ठप हो जाएं। महोदय, अभी जो बैसरन घाटी की घटना हुई, वह उस समय की गई है, जहां खाली देश के नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के टूरिस्ट कश्मीर जाते हैं। उस समय की घटना के बारे में आप डिटेल जान चुके हैं, लेकिन उससे टूरिज्म standstill हो गया, खत्म हो गया। मैं अपनी स्टैंडिंग कमिटी PPG को लेकर 27 मई से 3 जून तक घाटी में गया था। गुलमर्ग, सोनमर्ग, पहलगाम में जब स्थानीय लोगों से मिला, तो घोड़े वाले, दुकानदार, डेली कमाने वाले और मज़दूर लोगों से बातचीत की तो, They were very, very happy कि अब उनका बिज़नेस वापस पटरी पर आ गया है। महोदय, इन्होंने हमारी इकोनॉमी को खत्म करने के लिए और दुनिया में यह संदेश देने के लिए कि भारत सुरक्षित नहीं है, इसलिए ऐसी घटनाएं कीं। हमारी इकोनॉमी और सुरक्षा बलों को निशाना बनाया।

**श्री उपसभापति:** आपके पास बोलने के लिए 52 सेकंड का समय बचा है। अब आप कन्क्लूड कीजिए।

**श्री बृजलाल:** सर, प्लीज़ थोड़ा समय बढ़ा दें।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

Contents Page

**श्री बृजलाल:** सेना और सुरक्षा बलों पर हमले किए। उरी, पठानकोट, पहलगाम, सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पर हमले किए।

इसके अलावा इन्होंने माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी को मारने की भी साज़िश रची थी। 26.07. 2008 को अहमदाबाद ब्लास्ट हुआ, अस्पताल के बाहर कार लगाई, बम लगाया गया और ब्लास्ट किया, जिसमें 28 लोग इकट्ठा मारे गए थे। वहां मोदी जी मुख्य मंत्री थे और अमित शाह जी गृह मंत्री थे। इसके पहले इन्होंने ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

**श्री बृजलाल:** इन्होंने 2006 में केरल के वगामोन जंगलों में जंगल वारफेयर की ट्रेनिंग ली। जनवरी, 2008 में थंगलपारा, वागामोन, इडुक्की वहां हुआ था। जहां अब्दुल सुभान कुरैशी ने लोकल मटेरियल से बम बनाना सिखाया। वहीं तय हुआ कि मोदी जी और अमित शाह जी को टारगेट किया जाएगा। फिर अप्रैल, 2007 कासल रॉक कैंप हुबली, कर्णाटक में हुआ।

अंत में जनवरी, 2008 में पावागढ़, गुजरात - इन सभी जगहों पर ट्रेनिंग दी गई। वहां फाइनल हुआ कि किस तरह मोदी जी को और अमित शाह जी को टारगेट किया जाए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

**श्री बृजलाल:** ईश्वर की कृपा है कि वे सफल नहीं हुए। अगर वे सफल हो जाते, तो आज हम मोदी युद नहीं देख पाते। अमित शाह जी का युग नहीं देखते, जिन्होंने naxalism खत्म कर दिया। टेररिज़्म के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस ...(**समय की घंटी**)... की नीति अपनाई। इन्हीं शब्दों के साथ अपनी बात खत्म करता हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। वंदे मातरम!

**श्री उपसभापति:** श्री शक्तिसिंह गोहिल, आपके पास चार मिनट हैं।

**श्री शक्तिसिंह गोहिल** (गुजरात): उपसभापति जी, हमारे घर में घुसकर आतंकवादियों द्वारा बुरी तरह से किए गए हमले में हमारे जो निर्दोष नागरिक वहाँ मारे गए हैं, शहीद हुए हैं और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे जो जाँबाज़ जवान शहीद हुए हैं, मैं सबसे पहले उन्हें विनम्रता के साथ श्रद्धा सुमन समर्पित करता हूं।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं हमारी उन बहनों के लिए कहूंगा, जिनके माथे के सिंदूर का कत्ल हुआ है। मैं उनके लिए कहूंगा कि हम इस बात के लिए शर्मिंदा हैं कि तुम्हारी मांग के सिंदूर का कत्ल करने वाले आज भी जिंदा हैं।

उपसभापति महोदय, आतंकवाद के नाम पर हमने कभी राजनीति नहीं की। ...(**व्यवधान**)... चाहे कुछ भी हुआ हो, हमने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जो भी सरकारें रही हैं, उन्हें हर वक्त देश के हित में समर्थन दिया है। यहीं, इसी पार्टी की सरकार थी, जब रघुनाथ

मंदिर पर हमला हुआ, लालकिला पर हमला हुआ, अक्षरधाम पर हमला हुआ, [£] हमारी इस पार्लियामेंट पर हमला हुआ, उरी हमला हुआ, पठानकोट हमला हुआ, पुलवामा हमला हुआ, पहलगाम हमला हुआ। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** आप विषय पर ही बोलिए, इन्डिविजुअल पर नहीं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री शक्तिसिंह गोहिलः** महोदय, ये आतंकवाद के आका को कंधार जाकर छोड़ने गए थे। हमने उस वक्त भी राजनीति नहीं की थी।

उपसभापति महोदय, जो भी सरकार रही, हमने उसे आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में समर्थन दिया। इन्होंने क्या किया? जब मुंबई में आतंकवादी हमला हुआ, सारी सिक्युरिटी ने मना कर दिया कि आप अभी यहाँ पर इंटरव्यू मत दीजिए, राजनीति मत कीजिए, फिर भी आज के प्रधान मंत्री, जो गुजरात के मुख्य मंत्री थे, उन्होंने वहाँ जाकर, ताज होटल के सामने प्रेस कांफ्रेंस करके राजनीति की। यह उनका इतिहास रहा है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं हमारी जाँबाज फौज को सैल्यूट करता हूं। उन्हीं के जी.डी. बख्शी साहब ने कहा था कि यह क्या हो रहा है? आरआर सैक्टर में उन्होंने भी काम किया है। महोदय, जितनी फौज थी, उसमें कटौती कर दी गई। वहाँ दो सैक्टर के लिए फौज रखी गई। जो फौज एक सैक्टर में रहती थी, वह अब दो सैक्टर में बाँट दी गई है। आतंकवादी कैसे घुसे, इसकी यह भी एक वजह है। जी.डी. बख्शी साहब कहते हैं कि आपने फौज कम की, उसी की वजह से यह हुआ। माननीय उपसभापति महोदय, मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि इस देश में इंदिरा गाँधी जी भी एक प्रधान मंत्री थीं। अमेरिका ने कहा था कि हम सातवाँ बेड़ा भेज रहे हैं, लेकिन उन्होंने कहा, तुम्हें जो करना है, कर लो, सातवाँ भेजो, दसवाँ भेजो, लेकिन मेरे देश की जनता और हमारी फौज, हम मिलकर तय करेंगे कि हमें पाकिस्तान के साथ क्या करना है। महोदय, हम झुके नहीं थे।

माननीय उपसभापति महोदय, आज क्या हुआ है? एक ओर अमेरिका का प्रेसिडेंट कुछ और कह रहा है और दूसरी ओर हमारे प्रधान मंत्री कुछ और कह रहे हैं। आप यहाँ आकर इतना तो कह दीजिए कि वह असत्य है। हम आपके साथ हैं, आप घबराते क्यों हैं? आप डरिए मत, आप यह बताइए।

उपसभापति महोदय, आज जो हालत है उसे देखकर हमें भी दुख होता है। यह सोशल मीडिया में चलता है। इसी हाउस में गृह मंत्री जी ने वहाँ पर बैठकर कहा था कि कश्मीर का जो हिस्सा पाकिस्तान के पास है, उसको लिए बिना सीज़फायर करना गलती थी। आपने ऐसा क्यों किया, यह क्यों हुआ, ऐसा करने की क्या मजबूरी थी? उपसभापति महोदय, सवाल तो यह था, जो सोशल मीडिया में चला कि पाकिस्तान ने ऐसा कह दिया। ...(**समय की घंटी**)..

**श्री उपसभापतिः** आपका समय समाप्त हो गया है। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

[£] *Expunged as ordered by the Chair.*

Contents Page

**श्री शक्तिसिंह गोहिलः** पाकिस्तान ने कह दिया कि तुम्हारे दोस्त का वहाँ पोर्ट है, तुम्हारे दोस्त का वहाँ पॉवर स्टेशन है, उसको उड़ा देंगे आदि-आदि और इससे आप झुक गए, आपने सीज़फायर कर दिया। आज यह हालत हुई है।

**श्री उपसभापतिः** आपका समय समाप्त हो गया है। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। ...(**व्यवधान**)... Nothing is going on record. श्रीमती ममता ठाकुर ...(**व्यवधान**)... It is not going on record. श्री निरंजन बिशी। ...(**व्यवधान**)... Please. ...*(Interruptions)*... He has already taken more time. ...*(Interruptions)*... आप कंक्लूड कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

10.00 P.M.

**श्री शक्तिसिंह गोहिलः** सर, अभी मेरा टाइम बचा हुआ है। अभी 15 सेकंड भी बाकी हैं। मैं यही कहना चाहता हूँ कि ऑपरेशन सिंदूर अभी पूर्ण नहीं हुआ, अल्प विराम में है। क्या आप अभी इस सिंदूर पर वोट की राजनीति करने निकले हैं? राजनाथ सिंह जी, मैं आपको भी याद दिलाऊंगा - मैं आपकी इज्जत करता हूँ – हमारे यहाँ, हमारे धर्म में सिंदूर तो कुंवारी बेटी भी नहीं लगा सकती है।[£]

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet at 11.00 a.m. on Wednesday, the 30th July, 2025.

*The House then adjourned at ten of the clock till eleven of the clock on Wednesday, the 30th July, 2025.*

[£] *Expunged as ordered by the Chair.*

Contents Page

PUBLISHED UNDER RULE 260 OF RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN THE COUNCIL OF STATES (RAJYA SABHA)